


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 05 जनवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-05

# संक्रांति पर राजायोग

## रेवंत चुनावी तैयारी में - भाजपा भी हैं तैयार

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी फरवरी के पहले सप्ताह में राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा शुरू कर सकते हैं। यह दौरा राज्य की नगर पालिकाओं और कुछ नगर निगमों के चुनावों के प्रचार अभियान के साथ शुरू होगा। गौर करने वाली बात यह है कि इन चुनावों में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (GHMC) और इसमें शामिल किए गए 27 शहरी स्थानीय निकाय (ULB) शामिल नहीं होंगे। ये चुनाव फरवरी के मध्य में आयोजित होने की संभावना है। माना जा रहा है कि जीएचएमसी को छोड अन्य नगर पालिकाओं व निगमों में पार्टी की स्थिति अच्छी रही तो तुरंत यानि मार्च मध्य तक जीएचएमसी चुनाव भी घोषित हो सकते हैं। इस बीच ताजा खबर गोशामहल के भाजपा विधायक टी. राजा सिंह को लेकर आ रही है।



भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व नेताओं के बीच यह खबर/चर्चा जंगल में लगी आग की तरह फैल रही है कि नगर पालिका व निगमों के चुनावों की तारीखों की घोषणा से पूर्व पार्टी में राजा सिंह की वापसी संभव है। कहा तो यहाँ तक जा रहा कि उन्हें संक्रांति यानि 14-15 जनवरी तक पार्टी में पुनः ले लिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, राज्य की लगभग 120 नगर पालिकाओं और नगर निगमों के लिए चुनाव अधिसूचना इसी महीने के अंत तक जारी की जा सकती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण ने भी संकेत दिया है कि इसी महीने के अंत तक अधिसूचना जारी होने की पूरी संभावना है। राज्य चुनाव आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं और अधिकारियों को 10 जनवरी तक नगर पालिकाओं की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। यदि फरवरी मध्य तक चुनाव निश्चित होते है तो कांग्रेस के विजय रथ को रोकने के लिए भाजपा को भीड जुटाऊ नेता की सख्त जरुरत होगी। इस काम के लिए ही राजा को पार्टी में लेना मजबूरी भी है। कहा जा रहा है कि राजा सिंह के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के हेमंत बिस्वा की आलाकमान से बात हो चुकी है।

सब चाहते हैं कि राजा सिंह पार्टी को तेलंगाना में मजबूत करें और राज्य में अगली भाजपा सरकार के सपने को साकार करने में कोई कसर न छोडें। राजा सिंह को राज्य में होने जा रहे स्थानीय निकाय चूनावों में पार्टी को भारी जीत दिलाने का टास्क दिया जा सकता है। गौरतलब है कि लगातार तीन बार से विधायक राजा सिंह ने प्रदेश कार्यकारिणी से मतभेदों के चलते पार्टी से दूरी बना ली थी। उनका कहना था कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति बनें, जो पार्टी को सत्ता की दौड में लाकर खडा कर सके। हालांकि राजा ने पार्टी से बगावत को स्वयं तक सीमित रखा और ऐसा कोई कार्य नहीं किया, जिससे पार्टी पशोपेश में आएँ। शायद यही कारण है कि उन्हें पार्टी में बहाल किया जा रहा है।

उधर, जिलों के दौरे पर निकलने से पहले, मुख्यमंत्री का 19 से 23 जनवरी तक निर्धारित विश्व आर्थिक मंच की बैठकों में भाग लेने के लिए दावोस जाने का कार्यक्रम है। इस प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू, राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। दावोस से लौटने के बाद, मुख्यमंत्री उन क्षेत्रों में विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जो शहरी स्थानीय निकायों के दायरे से बाहर हैं, और वहां जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### चुनावी सफलता के बाद कांग्रेस का बढ़ा उत्साह

एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अनुसार, जुबली हिल्स उपचुनाव में जीत और उसके बाद ग्राम पंचायतों के सरपंच व वार्ड सदस्य चुनावों में मिली सफलता से मुख्यमंत्री और पार्टी आलाकमान काफी उत्साहित हैं। इसी सकारात्मक माहौल को देखते हुए सरकार नगर निकाय चुनावों के साथ आगे बढ़ने के पक्ष में है। इसके अतिरिक्त, सरकार जल्द ही मंडल परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र (MPTC) और जिला परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र (ZPTC) चुनावों पर भी निर्णय लेगी।

## शुभारंभ



**श्री श्रृंग ऋषि भवन, बेगमबाजार (श्री राधाकृष्ण धाम) में मोतीलाल विष्णु गोपाल तिवारी परिवार द्वारा 5 से 11 जनवरी तक होने जा रही श्रीमद् भागवत् कथा के उपलक्ष्य में रविवार, 4 जनवरी को श्रीराम दरबार पंचायती बाडा से निकाली गई भव्य कलश यात्रा का दृश्य।** **(अन्य चित्र पृष्ठ नं.13 पर)**

# हैदराबाद-तिरुपति इंडिगो फिर शुरू

**रेणिगुंटा (तिरुपति), 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

इंडिगो एयरलाइंस ने हैदराबाद से तिरुपति हवाई अड्डे के बीच अपनी महत्वपूर्ण विमान सेवा को एक बार फिर से बहाल कर दिया है। पिछले साल दिसंबर में देश भर में इंडिगो के परिचालन में आए संकट के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गई थीं, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी। अब इस सेवा के शुरू होने से तीर्थयात्रियों और नियमित यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

दिसंबर से बंद थीं सुबह और दोपहर की उड़ानें

दिसंबर के मध्य में एयरलाइन में पैदा हुए संकट के कारण, हैदराबाद और तिरुपति के बीच चलने वाली सुबह और दोपहर की उड़ानें 18 दिसंबर से रद्द कर दी गई थीं। हालांकि, स्थिति में सुधार के साथ अब परिचालन सामान्य किया जा रहा है।

✻ इसी क्रम में, हैदराबाद से दोपहर 2:25 बजे प्रस्थान कर 3:05 बजे तिरुपति पहुँचने वाली और पुनः दोपहर 3:25 बजे हैदराबाद के लिए वापसी करने वाली सेवा को इस महीने की 2 तारीख (शुक्रवार) से आधिकारिक रूप से फिर से शुरू कर दिया गया है। उड़ान सेवा शुरू होने के दूसरे ही दिन शनिवार को विमान के समय में कुछ देरी दर्ज की गई। हैदराबाद से दोपहर 3:05 बजे तिरुपति हवाई अड्डे पहुँचने वाला इंडिगो का विमान शनिवार को करीब दो घंटे की देरी से शाम 5:00 बजे पहुँचा। इसके बाद, यह विमान शाम 5:25 बजे यात्रियों को लेकर वापस हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में उड़ानों का समय पूरी तरह नियमित हो जाएगा, जिससे तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का सफर और भी सुगम हो सकेगा।

# सुप्रीम जल सुनवाई आज

## सीएम और सिंघवी की विशेष रणनीति

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई पोलावरम परियोजना और नल्लामला सागर परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई को लेकर तेलंगाना सरकार ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इस सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक रविवार सुबह मुंबई में आयोजित की गई, जिसके लिए मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री पहले ही वहां पहुंच चुके थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में इन परियोजनाओं से संबंधित मामले पर सुनवाई होनी है। तेलंगाना सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के लिए सीएम रेवंत रेड्डी ने वरिष्ठ वकील सिंघवी के साथ कानूनी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में उन मुख्य बिंदुओं और दलीलों को अंतिम रूप दिया गया है, जिन्हें अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि तेलंगाना के हितों और अधिकारों की सुरक्षा के लिए कोई कानूनी कसर न रहें। तेलंगाना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए यह तर्क दिया है कि आंध्र प्रदेश की इन परियोजनाओं से तेलंगाना को भारी नुकसान हो सकता है। सरकार द्वारा मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आपत्तियां जताई गई हैं:




**जल संसाधन:** पानी के बंटवारे और उपलब्धता पर पड़ने वाला प्रभाव।

**पर्यावरण:** परियोजनाओं के कारण होने वाला पर्यावरणीय नुकसान।

**राज्य के अधिकार:** तेलंगाना के कानूनी और भौगोलिक अधिकारों का उल्लंघन।

इन विषयों पर अभिषेक मनु सिंघवी के साथ चर्चा के दौरान तर्कों की मजबूती और कोर्ट में पेश किए जाने वाले साक्ष्यों पर विशेष ध्यान दिया गया।

### दो राज्यों के बीच जल विवाद में राजनीतिक मोड़

पोलावरम का मुद्दा पिछले कई वर्षों से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच एक अत्यंत संवेदनशील विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट का आगामी फैसला दोनों राज्यों की भविष्य की जल नीतियों और आपसी संबंधों पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह तेलंगाना सरकार के कानूनी संघर्ष में एक बड़ा मोड़ साबित हो सकती है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का व्यक्तिगत रूप से इस मामले की निगरानी करना यह दर्शाता है कि सरकार राज्य के जल हितों को लेकर कितनी गंभीर है।

# राज्य में 15000 फ़र्जी कर्मचारी!

## सरकार की सर्जिकल स्ट्राइक - रुकेगी करोड़ों की लूट

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना सरकार ने अनुबंध और आउटसोर्सिंग कर्मचारी प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को समाप्त करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के विवरण को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वित्त विभाग की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राज्य भर में लगभग 15,000 फर्जी कर्मचारी सिस्टम का हिस्सा बने हुए थे।

**आधार लिंक से खुला 'कागजी' कर्मचारियों का राज**

वित्त विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुछ एजेंसियों और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से उन लोगों के नाम पर वेतन निकाला जा रहा था, जो वास्तव में काम ही नहीं कर रहे थे। 'डुप्लीकेट' कर्मचारियों के कारण हर महीने करोड़ों रुपये का सरकारी धन बर्बाद हो रहा था।

आधार लिंकिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पाया गया कि लगभग 15,000 लोगों का डेटा मेल नहीं खा रहा है। ये कर्मचारी केवल कागजों पर मौजूद थे। सरकार के इस कदम से आने वाले वित्त वर्ष में सरकारी खजाने को बड़ी राहत मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।

**राजस्व में भारी वृद्धि:** रियल एस्टेट और माइनिंग से बढ़ी कमाई

वित्त विभाग ने आगामी वित्त वर्ष (2026-27) के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। आय के स्रोतों की समीक्षा के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए उत्साहजनक संकेत मिले हैं।

▶10 पर



शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# ईरान के 31 प्रांत में से 25 अशांत, हिंसा में 16 की मौत खामेनेई ने किया आंदोलन को कुचलने का आह्वान

**तेहरान,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

ईरान में महंगाई और देश के सर्वोच्च नेता खामेनेई के खिलाफ सात दिन से जारी आंदोलन देश के 31 प्रांतों में से 25 के कम से कम 60 शहरों में फैल गया। इन शहरों में 174 जगहों में स्थिति बेहद खराब है। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच तीखी झड़पों में कम से कम 16 लोगों की जान चली गई। इनमें 15 प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों का एक जवान बताया गया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने अशांति शुरू होने के बाद अपने पहले भाषण में प्रदर्शनकारियों को 'दंगाई' कह कर संबोधित किया।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) ने बताया कि ईरान में सात दिन से चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 15 प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों का एक सदस्य मारा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के 31 में से 25 प्रांतों के 60 शहरों में 174 जगहों पर विरोध प्रदर्शन, हड़ताल या सभा हुई हैं। इस दौरान कम से कम 582 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इनमें बड़ी संख्या में नाबालिग शामिल हैं। ईरान इंटरनेशनल ने पुष्टि की है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान ईरानी बलों की गोलीबारी में कम से कम 44 लोग घायल हुए हैं।

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने शनिवार को अशांति शुरू होने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में प्रदर्शनकारियों को 'दंगाई' कहा और उनके दमन का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आजादी पसंद ईरानियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

ईरान मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत माई सातो ने ईरानी अधिकारियों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा के अधिकारों का सम्मान करने और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल का प्रयोग करने से बचने का आग्रह किया। उधर, ईरान की राजधानी में दो दिन की अपेक्षाकृत शांति के बाद शुक्रवार रात तेहरान के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। इसी तरह के विरोध प्रदर्शन मशहद और कोम के पवित्र शहरों में भी हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री प्रचण्ड दो दिन के दिल्ली दौरे पर

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के समन्वयक पुष्पकमल दाहाल



'प्रचंड' भारतीय राजधानी नई दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। यह 08 और 09 सितंबर 2025 को हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के बाद माओवादी सहित विभिन्न दलों के विलय से नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के गठन के बाद प्रचण्ड की दिल्ली की पहली यात्रा है। उनके मुख्य निजी सचिव गोविंद आचार्य के अनुसार, प्रचंड पूर्व माओवादी, पूर्व यूनिफाइड सोशलिस्ट तथा पार्टी से संबद्ध प्रवासी संगठनों द्वारा आयोजित एक 'एकता संदेश बैठक' को संबोधित करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। आचार्य ने बताया, 'यह संदेश बैठक एक महीने पहले ही तय की गई थी और वह उसी को संबोधित करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बाद प्रचण्ड सोमवार को स्वदेश लौटेंगे। पांच मार्च को होने वाले चुनाव को देखते हुए प्रचंड की इस दिल्ली यात्रा पर राजनीतिक पर्यवेक्षकों की नजर है। हालांकि, उनके प्रवास के दौरान किसी अतिरिक्त कार्यक्रम या राजनीतिक मुलाकातों का खुलासा नहीं किया गया है। प्रचंड के सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि संदेश बैठक को संबोधित करने के अलावा दिल्ली में उनकी कोई अन्य राजनीतिक बैठक तय नहीं है।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए मुख्य रूप से गोल्फ पर निर्भर रहते हैं डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह नियमित व्यायाम से दूरी बनाते हैं क्योंकि उन्हें यह 'उबाऊ' लगता है। एक नए इंटरव्यू में ट्रंप ने साफ किया कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए वह मुख्य रूप से गोल्फ पर निर्भर रहते हैं। ट्रंप ने ट्रेडमिल पर चलने या दौड़ने जैसे व्यायाम को नापसंद बताते हुए कहा, मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है। घंटों ट्रेडमिल पर चलना या दौड़ना मेरे लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे वर्कआउट बोरिंग लगते हैं और वह खुद को इसके लिए मजबूर नहीं करते। इस साल जून में 80 साल के होने वाले ट्रंप ने बताया कि गोल्फ ही उनकी मुख्य शारीरिक गतिविधि है। वह अक्सर फ्लोरिडा, न्यू जर्सी और वर्जीनिया में अपने गोल्फ कोर्स पर खेलते नजर आते हैं, खासकर वीकेंड और छुट्टियों में। ट्रंप इससे पहले भी कह चुके हैं कि वह सप्ताह के दिनों में बहुत कम और तेजी से एक राउंड गोल्फ खेलकर खुद को फिट मानते हैं। उम्र और फिटनेस को लेकर उठने वाले सवालों पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें बेहद अच्छे जेनेटिक्स का फायदा मिला है, जो उन्हें उम्र से जुड़ी कई समस्याओं से बचाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि कुछ मौकों पर उन्होंने डॉक्टरों की सलाह को पूरी तरह नहीं माना। ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने ब्लड फ्लो से जुड़ी समस्या क्रॉनिक वेनस इंसफिशिएंसी के इलाज के लिए दिए गए कंप्रेशन सॉक्स पहनना बंद कर दिया है। पिछले साल इस समस्या के कारण उनके पैरों और टखनों में सूजन आ गई थी।

### अमेरिका में अपनी छवि चमकने में पानी की तरह पैसा बहा रहा पाकिस्तान

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में पाकिस्तानी लॉबिंग गतिविधियों का नया खुलासा अमेरिकी फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन



एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेजों में सामने आया है। इन दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान सरकार और उससे जुड़े संगठनों ने अमेरिका में अपनी छवि सुधारने और नीति निर्माताओं को प्रभावित करने के लिए लाखों डॉलर खर्च किए हैं। दस्तावेज के मुताबिक, इस्लामाबाद पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अमेरिका में लॉबिंग और जननीति गतिविधियों के लिए करीब 9 लाख डॉलर खर्च किए। यह संस्थान पाकिस्तान के नेशनल सुरक्षा डिवीजन से जुड़ा है। अक्टूबर 2024 में इस काम के लिए हाइपरफोकल कम्युनिकेशंस एलएलसी को पंजीकृत किया गया, जो टीम ईगल कंसल्टिंग के तहत सबकॉन्ट्रैक्टर के रूप में कार्य कर रही थी। इसका उद्देश्य अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों को बेहतर बनाना बताया गया। इसके तहत शुरुआती तीन महीनों में हर महीने 25 हजार डॉलर का भुगतान तय किया गया। इस समझौते में अमेरिकी सांसदों और सरकारी अधिकारियों से संपर्क करना, थिंक टैंकों और नीति समूहों से बातचीत करना शामिल है। इसमें क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक सुधार जैसे मुद्दों को भी शामिल किया गया। अमेरिकी कानून के अनुसार, विदेशी सरकारों और उनसे जुड़े संगठन अपनी लॉबिंग और जनसंपर्क गतिविधियों की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए बाध्य हैं। यही कारण है कि इन दस्तावेजों से पाकिस्तान की अमेरिका में की गई लॉबिंग, समझौते और किए गए भुगतान का पूरा ब्योरा सामने आया।

# अमेरिकी हमले से दहल गया वेनेजुएला, न्यूयॉर्क मिलिट्री बेस पर रखा गया राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी फ्लोरेस को

**वाशिंगटन,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**अमेरिका के सैन्य हमले से वेनेजुएला दहल गया। वेनेजुएला की राजधानी काराकस में अमेरिकी सेना की शनिवार सुबह हुई हवाई कार्रवाई से जोरदार धमाके हुए। इसके बाद अमेरिकी सुरक्षा बल वेनेजुएला के राष्ट्रपति भवन में घुस गए। इसके बाद राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर अमेरिका ले जाया गया। इस समय दोनों को न्यूयॉर्क के (सैन्य अड्डा) मिलिट्री बेस पर रखा गया है।**




रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का हमला सफल रहा। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर देश से बाहर ले जाया गया। ट्रंप की चौंकाने वाली यह घोषणा वेनेजुएला की राजधानी काराकस में धमाकों के कुछ घंटे बाद हुई। मादुरो और उनकी पत्नी अभी भी न्यूयॉर्क के (सैन्य अड्डा) मिलिट्री बेस पर हैं। एक लॉ एनफोर्समेंट अधिकारी के मुताबिक, मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस अभी भी न्यूयॉर्क के स्टीवर्ट एयर नेशनल गार्ड बेस पर हैं। वहां फ्लोरेस का एक हैंगर में मेडिकल चेकअप हो रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, काराकस में अमेरिकी सेना के बड़े अभियान के दौरान इस जोड़े को उनके बेडरूम से बाहर निकाला गया । उम्मीद है कि मादुरो को मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर ले जाने से पहले हेलीकॉप्टर से न्यूयॉर्क शहर ले जाया जाएगा। अगले हफ्ते मैनहट्टन फेडरल कोर्ट में उन पर ड्रग्स और हथियारों के आरोप लगने वाले हैं। इस बीच वेनेजुएला का विपक्ष दुनिया भर की सरकारों के संपर्क में है। इन देशों में अर्जेंटीना, इक्वाडोर, पनामा और पैराग्वे जैसे इस क्षेत्र के देश और फ्रांस भी शामिल हैं। विपक्ष का कहना है कि इन देशों ने वेनेजुएला में लोगों की इच्छा को बहाल करने के लिए अपना समर्थन जताया है।

ट्रम्प ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो के पास देश पर शासन करने के लिए जरूरी समर्थन है। उल्लेखनीय है कि मारिया कोरिना को हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज ने जुलाई 2024 का राष्ट्रपति चुनाव 67 प्रतिशत वोटों से जीता, जबकि मादुरो को 30 फीसद वोट मिले। हालांकि, वेनेजुएला की नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल ने वोटों की गिनती का ब्यौरा जारी किए बिना मादुरो को विजेता घोषित कर दिया। इस फैसले को ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने खारिज कर दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला को 'चलाएगा' और 'तेल का प्रवाह शुरू करेगा '। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स की एक एलीट स्पेशल फोर्सेज यूनिट ने मादुरो को पकड़ने का ऑपरेशन किया। मादुरो और उनकी पत्नी शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क में उतरे। इस बीच अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने 2020 में मादुरो के खिलाफ दायर किए गए एक आरोप पत्र को साझा किया।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अमेरिकी सेना के पकड़े जाने के कुछ घंटों बाद सरकार के शीर्ष लोगों ने सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा की और संकेत दिया कि वे देश में अमेरिकी दखल का विरोध करने की योजना बना रहे हैं। उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने मादुरो की गिरफ्तारी को बर्बर,अवैध और अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह वेनेजुएला की संप्रभुता पर हमला है। उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल छोड़ने की मांग की है।

# महीनों बर्फ में गुम रहे रोबोट ने लाई ऐसी जानकारी कि वैज्ञानिक भी दंग



**लंदन,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

करीब 9 महीनों तक अंटार्कटिका के ग्लेशियर में गुम रहा एक छोटा रोबोट जब वापस लौटा तो ऐसी जानकारी लेकर आया कि वैज्ञानिक भी दंग रह गए। वैज्ञानिकों ने इसे टॉटन ग्लेशियर के पास छोड़ा था। वहां की बर्फ पूरी तरह पिघले तो समुद्र का जलस्तर 3.5 मीटर तक बढ़ सकता है। लेकिन यह रोबोट जल्दी ही बहकर दूर चला गया। इस रोबोट को आर्गो फ्लोट कहते हैं, जो समुद्र में तापमान और नमक की मात्रा नापता है। वैज्ञानिक निराश हो गए, क्योंकि वे टॉटन की बर्फ पिघलने की वजह जानना चाहते थे। अब यह रोबोट डेनमन और शैकलटन आइस शेल्फ के नीचे से गुजरकर लौटा। रोबोट ने नौ महीने बर्फ के नीचे बिताए और बहुत जरूरी जानकारी इकट्ठा की। जानकारी के अनुसार, आर्गो फ्लोट एक ऑटोमेटिक रोबोट है जो समुद्र में घूमता है। यह दो किलोमीटर गहराई तक जाता है, ऊपर नीचे होता रहता है। हर दस दिन में सतह पर आकर डेटा सैटेलाइट से भेजता है। दुनिया भर में ऐसे हजारों फ्लोट काम करते हैं। इस रोबोट ने पहली बार पूर्वी अंटार्कटिका की आइस शेल्फ के नीचे हर पांच दिन में तापमान का डेटा लिया। अंटार्कटिका की आइस शेल्फ तैरती हुई बड़ी बर्फ की चादरें हैं। ये जमीन की बर्फ को समुद्र में जाने से रोकती हैं। अगर नीचे से गर्म पानी आए तो ये पिघल जाती हैं। पिघलने पर जमीन की बर्फ तेजी से समुद्र में गिरती है और जलस्तर बढ़ता है। डेनमन ग्लेशियर में इतनी बर्फ है कि पूरी पिघले तो जलस्तर 1.5 मीटर बढ़ जाए। शैकलटन आइस शेल्फ पूर्वी अंटार्कटिका की सबसे उत्तरी शेल्फ है। वैज्ञानिकों जानना चाहते थे कि गर्म पानी इनके नीचे पहुंच रहा है या नहीं। यह काम अब रोबोट ने कर दिया। रोबोट टॉटन से बहकर डेनमन के पास पहुंचा। वहां गर्म पानी बर्फ के नीचे जा रहा था, जो पिघलने का कारण बन सकता है। फिर रोबोट बर्फ के नीचे चला गया। वैज्ञानिकों को लगा कि अब यह कभी नहीं लौटेगा। लेकिन नौ महीने बाद यह डेनमन और शैकलटन के नीचे से निकलकर बाहर आ गया। इस दौरान इसने 300 किलोमीटर का सफर तय किया और करीब 200 बार डेटा लिया। बर्फ के नीचे होने से जीपीएस नहीं मिलता था, लेकिन रोबोट जब बर्फ से टकराता तो मोटाई नाप लेता। सैटेलाइट की पुरानी जानकारी से मिलाकर वैज्ञानिकों ने इसका रास्ता पता कर लिया। डेटा से पता चला कि शैकलटन आइस शेल्फ के नीचे अभी गर्म पानी नहीं पहुंच रहा।


## यमन के मसले पर सउदी अरब और यूएई में तनातनी



**गल्फ।** खाड़ी देश सऊदी अरब और यूएई दोनों एक दूसरे के दुश्मन बनते दिख रहे हैं। यमन के मसले पर इन दोनों देशों में तनातनी चल रही है। मंगलवार को सऊदी अरब ने यमन में यूएई से जुड़े हथियारों की खेप पर हवाई हमला कर दिया। यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर मुकल्ला पर सऊदी की आर्मी ने बमबारी की। हालात इस कदर हो गए हैं कि यमन की सऊदी समर्थित सरकार ने यूएई की सेना को देश छोड़ने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया है। इसके बाद यूएई ने भी अपनी सेना को वापस बुला लिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि वह यमन से अपनी बची सैन्य मौजूदगी को भी खत्म कर देगा। यूएई जब से अस्तित्व में आया, तभी से सऊदी अरब उसका समर्थक रहा है। बता दें कि ये दोनों ही देश सुन्नी मुस्लिम बहुल और राजशाही व्यवस्था वाले हैं और दोनों की अर्थव्यस्था तेल पर निर्भर है। खाड़ी में ईरान के बढ़ते प्रभाव को लेकर उपजी चिंता के कारण दोनों देशों की दोस्ती काफी मजबूत रही है। 2010 के दशक की शुरुआत में दोनों देशों की दोस्ती चरम पर थी।

# आखिरकार क्यों हैं पाकिस्तानी की सबसे ताकतवर कंपनी फौजी फाउंडेशन

**कराची,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**



पाकिस्तान वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। हालिया घटनाक्रम में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीएआई) के निजीकरण और फौजी फाउंडेशन में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संभावित हिस्सेदारी ने सवाल खड़ा किया है कि पाकिस्तान की सबसे ताकतवर कंपनी फौजी फाउंडेशन आखिर है क्या और यह कैसे काम करती है।

इसी बीच पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक दबाव में यूएई को फौजी फाउंडेशन में करीब एक अरब डॉलर की हिस्सेदारी देने की अनुमति दे दी। इसके बदले अबू धाबी से दो अरब डॉलर के कर्ज के रोलओवर की उम्मीद जाहिर की है। इससे यह साफ होता है कि पाकिस्तान की सेना से जुड़ी कारोबारी संस्थाएं अब केवल घरेलू नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सौदों का भी अहम हिस्सा बन चुकी हैं। फौजी फाउंडेशन को अक्सर पाकिस्तान सेना की 'मनी मशीन' कहा जाता है। इसकी मौजूदगी करीब हर मुनाफे वाले सेक्टर में है। खाद और सीमेंट निर्माण से लेकर बिजली उत्पादन, बैंकिंग, इंश्योरेंस, रियल एस्टेट, स्टॉक मार्केट निवेश और इतना ही नहीं मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर तक—हर जगह फौजी फाउंडेशन का दखल है। यह पाकिस्तान के उस मिलिट्री-कॉरपोरेट कॉम्प्लेक्स का केंद्र है, जिसके जरिए सेना केवल रक्षा ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नियंत्रित करती है।

फौजी फाउंडेशन अकेला नहीं है। यह पाकिस्तानी नौसेना के बहरिया फाउंडेशन और वायुसेना के शाहीन फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। इन संस्थाओं के भी अपने-अपने बिजनेस हैं, जो शिपिंग, रियल एस्टेट और इंश्योरेंस जैसे क्षेत्रों में फैले हुए हैं। इसके अलावा आर्मी वेलफेयर ट्रस्ट (एडबल्यूटी) है, जो दो दर्जन से ज्यादा व्यावसायिक कंपनियों को नियंत्रित करता है। डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) भी सेना से जुड़ी एक शक्तिशाली रियल एस्टेट संस्था है, जिसने पाकिस्तान के लगभग हर बड़े शहर में कीमती जमीन पर कब्जा कर रखा है।

फौजी फाउंडेशन की स्थापना 1952 में हुई थी। शुरुआत में ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन से केवल 3.6 मिलियन डॉलर की पूंजी मिली थी, जिसका उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों और उनके परिवारों का कल्याण था। लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप पूरी तरह बदल गया। , 2025 तक, इसके तहत कम से कम 25 सूचीबद्ध कंपनियां और कई गैर-सूचीबद्ध संस्थाएं काम कर रही हैं। इकोनॉमिक पॉलिसी एंड बिजनेस डेवलपमेंट थिंक टैंक के वेल्थ परसेप्शन इंडेक्स 2025 के अनुसार, फौजी फाउंडेशन की कुल नेटवर्थ लगभग 5.9 अरब डॉलर है, जो इस पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे ताकतवर कॉरपोरेट समूह बनाती है।

# नेपाल के आम चुनाव में 80 हजार सैनिकों की तैनाती, सभी हवाई अड्डों और कारागारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना के हवाले

**काठमांडू,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

5 मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए करीब 80 हजार सैनिकों की तैनाती की जाएगी। मतदान केंद्रों के निर्धारण के बाद नेपाली सेना ने देशभर में अपने जनशक्ति परिचालन की योजना तैयार की है।

नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल राजाराम बस्नेत के अनुसार, चुनाव में नेपाली सेना अपनी कुल जनशक्ति का 95 प्रतिशत यानी लगभग 80 हजार सैनिक तैनात किए जाएंगे। सेना की कुल संख्या 96 हजार है।

इस समय चुनाव-पूर्व की तैयारियाँ चल रही हैं। विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण, अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभ्यास और जिला-स्तरीय समन्वय का कार्य किया जा रहा है।

प्रवक्ता बस्नेत ने कहा, 'हालांकि अभी फील्ड में तैनाती नहीं हुई है, लेकिन चुनाव-केंद्रित सुरक्षा योजनाओं पर सेना लगातार काम कर रही है। एकीकृत सुरक्षा योजना के अनुसार हम चुनाव से ठीक एक महीने पहले ही फील्ड में उतरते हैं।'



सैन्य प्रवक्ता बस्नेत ने बताया कि चुनाव के दौरान नेपाली सेना देशभर के सभी हवाई अड्डों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। इसी तरह कारागारों की सुरक्षा भी सेना को सौंपी जाएगी। वर्तमान में इन स्थानों पर नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल तैनात हैं। दोनों पुलिस बलों को चुनाव ड्यूटी में लगाने के लिए इन जिम्मेदारियों को सेना को हस्तांतरित किया जाएगा, जिसके लिए आपसी समन्वय किया जा रहा है। इसी तरह विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल भी चुनाव-केंद्रित कार्यों में लगाया जाएगा और इन स्थानों की जिम्मेदारी भी सेना चुनाव से एक महीने पहले अपने हाथ में ले लेगी। राष्ट्रपति पहले ही नेपाली सेना को चुनाव में तैनात करने की स्वीकृति दे चुके हैं। तीन महीने पहले ही अनुमति मिलने के बाद सेना ने तैयारियाँ शुरू कर दी थीं।

एकीकृत सुरक्षा योजना के अनुसार आगामी चुनाव में भी पहले की तरह सेना तीसरी घेराबंदी में रहकर सुरक्षा प्रदान करेगी। प्रवक्ता बस्नेत ने कहा कि सेना की भूमिका में कोई बदलाव नहीं है, लेकिन परिस्थिति के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करना सभी सुरक्षा निकायों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सेना चुनाव से एक महीने पहले ही अपने बेस स्थापित कर लेगी और वहीं से चुनाव-केंद्रित सुरक्षा कार्य शुरू करेगी। किसी जिले में आवश्यकता से कम जनशक्ति होने पर अन्य जिलों से मांग की जाएगी।

हर जिले ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सैनिकों की संख्या तय कर ली है और उसी अनुसार बटालियनें अपनी ब्रिगेड को रिपोर्ट करेंगी। जहां कमी होगी वहां अतिरिक्त बल भेजा जाएगा और जहां अधिक होगा वहां से कम वाले जिलों में भेजा जाएगा। ब्रिगेड स्तर पर भी प्रबंधन न हो पाने की स्थिति में डिवीजन मुख्यालय को जानकारी दी जाएगी। हर डिवीजन अपने क्षेत्र की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# स्वामीनारायण मंदिर रसूलपुरा में विष्णु सहस्त्रनाम का दिव्य सामूहिक पाठ



**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माघ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के शुभ अवसर पर रसूलपुरा स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में सनातन प्रबोधिनी के भक्तों द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम एवं नारायणी स्तुति का सामूहिक सस्वर पाठ भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के कोठारी श्री आत्मचिंतन स्वामीजी द्वारा भगवान वेंकटेश्वर पद्मावती की पूजा-अर्चना से हुआ। उन्होंने उपस्थित भक्तों को विष्णु सहस्त्रनाम तथा अक्षर-पुरुषोत्तम भगवान स्वामीनारायण की भक्ति के महत्व पर सारगर्भित संदेश दिया।

सनातन संस्था के श्री सत्यनारायण पशुमार्थी एवं भवानी विनय के मार्गदर्शन में लगभग 130 भक्तों ने विष्णु सहस्त्रनाम और नारायणी स्तुति का सस्वर पाठ कर वातावरण को अलौकिक एवं भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के तेलुगू साधक श्री लक्ष्मण बोरा जी ने भगवान स्वामीनारायण के दिव्य अवतरण एवं अक्षरधाम परंपरा का विस्तृत परिचय दिया। कार्यक्रम संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने बीएप-ीएस स्वामीनारायण संस्था एवं सनातन प्रबोधिनी के सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन धार्मिक स्थलों पर होने से अनावश्यक खर्चों में कमी आती है तथा भक्तिमय वातावरण भी सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद के साथ हुआ।

# केबीआर पार्क पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित नियमित अनुदान कार्यक्रम के अंतर्गत आज इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने, केबीआर पार्क के पास नियमित अनुदान किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना तथा समाज में सेवा, करुणा और मानवता की भावना को सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान राधे-राधे ग्रुप के सदस्यों ने सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए ऐसे कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया। ग्रुप लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है और आगे भी इसी भावना के साथ सेवा कार्य जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, उमाकांत जी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, रणधीरतथा राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों के सहयोग से यह नियमित अनुदान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# इंकलाब सेना पार्टी द्वारा विशाल जन-परिचय और आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंकलाब सेना पार्टी (आईएसपी) ने बेगमबाज़ार, चूड़ीबाज़ार, चंदनवाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक सफल जन-परिचय और आउटरीच कार्यक्रम संपन्न किया। इस पहल के माध्यम से पार्टी के नेताओं ने सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझा।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और आम लोगों को दैनिक जीवन में होने वाली वास्तविक समस्याओं की स्पष्ट समझ प्राप्त करना था। आईएसपी के नेताओं और स्वयंसेवकों ने नागरिक सुविधाओं, आजीविका, बुनियादी सेवाओं और सामाजिक कल्याण से संबंधित जन शिकायतों को बहुत ध्यानपूर्वक सुना। पार्टी ने पाया कि स्थानीय स्तर पर कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

### समस्याओं के समाधान और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता

आईएसपी ने जनता को यह आश्वासन दिया है कि इस आउटरीच कार्यक्रम के दौरान उठाए गए हर वास्तविक मुद्दे को औपचारिक रूप से प्रलेखित (र्ले-ाशपींशव) किया जाएगा। इन समस्याओं को शीघ्र और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वे इन मुद्दों पर तब तक अपनी नज़र बनाए रखेंगे और लगातार फॉलो-अप करेंगे, जब तक कि जनता को न्याय नहीं मिल जाता।

### जनता की आवाज़ और गरीबों की शक्ति बनने का संकल्प

इंकलाब सेना पार्टी आम आदमी के साथ मजबूती से खड़ी है और यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेगी कि लोगों की आवाज़ सुनी जाए और उसका सम्मान किया जाए। पार्टी का मानना है कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी ही असली बदलाव ला सकती है।

# गीत चाँदनी की पौष पूर्णिमा कवि गोष्ठी में काव्य रस की बही सरिता

**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगरद्वय की सक्रिय एवं लोकप्रिय साहित्यिक संस्था गीत चाँदनी के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के सभागृह में पौष पूर्णिमा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवियों ने अपनी सशक्त, भावपूर्ण और विविध विधाओं की रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गीत चाँदनी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ गीतकार श्री चंपालाल बैद ने की। गोष्ठी का संचालन संस्था के कार्यदर्शी एवं गोलकोंडा दर्पण के संपादक कवि गोविंद अक्षय ने किया। उन्होंने संस्था की साहित्यिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गीत चाँदनी पिछले 44 वर्षों से नियमित रूप से मासिक कवि गोष्ठियों का आयोजन कर रही है, जिसमें नवोदित और वरिष्ठ रचनाकार समान रूप से भाग लेते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री श्रीमती आशा ठाकुर द्वारा महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात कवि गोष्ठी में ठाकुर दिनेश सिंह, शिवकुमार तिवारी कोहिरी, उमेशचंद श्रीवास्तव नवांकुर, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, आशा ठाकुर, गोविंद अक्षय, सत्यनारायण काकड़ा, अनिल कुमार गुप्ता, राजकुमार



यादव, पूनम जोधपुरी, ममता मिश्रा, अंजनी कुमार गोयल, खलिश हैदराबादी, डी. प्रेमराज एवं दिनेश अग्रवाल शशि सहित अनेक कवियों ने गीत, ग़ज़ल, कविता तथा हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियाँ दीं।

विशेष अतिथि श्री अंजनी कुमार गोयल एवं ठाकुर दिनेश सिंह ने संस्था के दीर्घकालीन साहित्यिक योगदान की सराहना की। कवयित्री आशा ठाकुर ने इस अवसर पर ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री चंपालाल बैद ने कहा कि कवियों ने विश्व कल्याण, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक सरोकारों और जीवन मूल्यों पर आधारित कविताओं से गोष्ठी को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में कवि डी. प्रेमराज की ओर से कवयित्री ममता मिश्रा को प्रोत्साहन स्वरूप 1100/- प्रदान किए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी कवियों, श्रोताओं और साहित्य-प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बालवीर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड भजन-कीर्तन का भक्तिमय आयोजन

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्यामला हिल्स, शिवरामपल्ली स्थित बालवीर हनुमान मंदिर में आज श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की भक्ति में भक्तगण झूम उठे और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

इस अवसर पर विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष



रामशिरोमणि तिवारी सहित सुशील पाण्डेय, सुरेन्द्र गौतम, संतोष पाठक, जीवेश द्विवेदी, पुष्पेंद्र शुक्ला, नेमीचंद ढाका, जितेन्द्र ब्यास, मनीष पाण्डेय, रंजीत सिंह, जुगल वर्मा, अलकेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, नीरज शुक्ला, शुभम गौतम, कपिल गौतम, मानेंद्र द्विवेदी, मनोज महाराज, संजय महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# सेवा और समर्पण की पहचान बना राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद : जगतनारायण अग्रवाल



**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप के नियमित अन्नदान-सेवा कार्यक्रम में संयोजक जगतनारायण अग्रवाल ने कहा कि ग्रुप निस्वार्थ सेवा व मानवता का प्रतीक है।

उन्होंने जोर दिया कि सच्ची भावना से कोई भी सेवा कर सकता है। ग्रुप का लक्ष्य असहायों तक सहायता पहुंचाना है, इसलिए नियमित अनुदान व अन्नदान जारी। सामूहिक सेवा से भाईचारा बढ़ता है। इस सेवा कार्यक्रम में विनोद तोशनीवाल, गोविंद राम जी, शिव भगवान, लता गोयल, शर्मिला अग्रवाल एवं नीलम विजयवर्गीय की विशेष सहभागिता रही। सभी सदस्यों ने सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



गुजरात दौरे के दौरान कांग्रेस के युवा नेता महेश मुधिराज ने सोमनाथ मंदिर में दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान सोमनाथ से देश में शांति, सद्भाव एवं जनकल्याण की प्रार्थना की।



हैदराबाद के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड डेस्टिनेशन महरिओम दाबेली एंड वड़ापाव और केसर आइस गोलाफने बेगमबाज़ार में एक भव्य 'हाइजीनिक स्ट्रीट फूड फेस्टिवल' की शुरुआत की है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण मशहूर बाहुबली आइस गोला और विशेष आमरस पुरी की लॉन्चिंग रही। इस रंगारंग कार्यक्रम में मशहूर अभिनेत्री वर्षा और हैदराबाद के सैकड़ों स्ट्रीट फूड प्रेमियों ने हिस्सा लिया और लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

# सभी वार्डों में मजबूती से चुनाव लड़ेगी भाजपा : जिला अध्यक्ष नगुनूरी वेंकटेश्वर गौड़

**चेन्नूर, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चेन्नूर नगर भाजपा कार्यालय में नगर पालिका चुनावों को लेकर एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर भाजपा अध्यक्ष तुम्मा श्रीपाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष नगुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नगुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कहा कि देश में भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर हाल ही



में संपन्न लोकसभा चुनावों में चेन्नूर नगर की जनता ने भाजपा को भारी बहुमत दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी नगर पालिका चुनावों में भी जनता भाजपा का भरपूर समर्थन करेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा नगर पालिका चुनावों में सभी वार्डों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि पिछली नगर पालिका चुनावों में भी केवल भाजपा ने सशक्त रूप से मुकाबला किया था और इस बार भी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी।

जिला अध्यक्ष ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक एकजुट होकर भाजपा की जीत के लिए पूरी मेहनत करने का आह्वान किया।

इस बैठक में जिला भाजपा प्रमुख महासचिव दुर्गम अशोक, रापर्थी वेंकटेश्वर, जाड़ी तिरुपति, कोंडापाका चारी, वेंकट नरसैया, कम्मल श्रीनिवास, एथम शिवकृष्ण, कायित वेंकटेश, मौनिका राउथ शंकर, दुर्गाप्रसाद, राजन्ना, शंकर, वेंकट, चिरंजीवी, श्रीवर्धन सहित महिला नेत्रियां श्रावणी और स्वरूपा तथा अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कागजनगर में फ्री डायबिटीज जांच शिविर



**कागजनगर, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लायंस क्लब ऑफ कागजनगर-कोथापेटा ने किम्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल व मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से आरटीसी बस स्टैंड पर निःशुल्क डायबिटीज जांच व जागरूकता शिविर लगाया।कार्यक्रम अध्यक्ष लायन डॉ. कोथापल्ली श्रीनिवास ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि यह शिविर हर रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक चलेगा। लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की। लायन अध्यक्ष रतन गेन, जोन चेयरपर्सन शांति कुमार, सचिव अरुण लोया, वेंकट, पोथुराजुला लक्ष्मण, जगन व किम्स स्टाफ ने भाग लिया।

# सिंगर स्टेबिन बेन ने रोमांटिक अंदाज में किया नूपुर सेनन को प्रपोज, जल्द करने वाले हैं शादी




बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन के लिए आज का दिन बेहद खास है क्योंकि उनके लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड गायक स्टेबिन बेन, ने उन्हें स्पेशल तरीके से प्रपोज कर दिया है। इस खूबसूरत पल की तस्वीरें नूपुर सेनन ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं और बॉलीवुड स्टार्स के साथ-साथ फैंस भी उन्हें दिल खोलकर बधाई दे रहे हैं। अभिनेत्री और गायिका नूपुर सेनन ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज पोस्ट की हैं। फोटोज में स्टेबिन बेन, घुटनों पर बैठकर बड़ी डायमंड की रिंग के साथ उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर रहे हैं। अभिनेत्री ने अपनी बड़ी डायमंड रिंग दिखाते हुए शादी के लिए हां भी कर दी है। स्टेबिन बेन ने नूपुर को विदेश में रोमांटिक तरीके से पानी के बीचोंबीच एक नाव पर ढेर सारे लाल गुलाब के साथ प्रपोज किया है। नूपुर ने कैप्शन में लिखा, संभावनाओं से भरी इस दुनिया में, मुझे अब तक का सबसे आसान हां कहने का अनुभव मिला। रोमांटिक पोस्ट सामने आने के बाद बॉलीवुड सेलेब्स भी नुपूर को बधाई दे रहे हैं। टीवी स्टार करण टेकर, अभिषेक बजाज, जहीर खान, अश्विन माल्वे, और अभिषेक कपूर जैसे स्टार्स अभिनेत्री के पोस्ट पर हार्ट इमोजी भेज रहे हैं। बता दें कि बीते साल दिसंबर से ही नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी की खबरें आ रही हैं। परिवार ने दोनों की शादी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जनवरी के महीने में भी दोनों की शादी हो सकती है।

कृति भी अपनी फिल्म कॉकटेल-2 की शूटिंग पूरी कर वापस आ चुकी हैं और वे अपनी बहन की शादी की शॉपिंग में बिजी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी उदयपुर के एक पैलेस में होगी। साल 2021-2022 में नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन को बहुत बार एक साथ स्पॉट किया गया था, जिसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की खबरें आने लगी थीं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर बात नहीं की, बल्कि नूपुर ने हमेशा कहा था कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।

नूपुर सेनन के बारे में तो सभी जानते हैं। वे कई म्यूजिक एल्बम और साउथ की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वे तमिल फिल्म टाइगर नागेश्वर राव (2023) में दिखीं थीं, जबकि स्टेबिन बेन भारतीय सिंगर हैं, जिन्होंने बारिश बन जाना, रुलाके गया इश्क तेरा, तू आशिकी है मेरी, और मेरे महबूब जैसे गानों में अपनी आवाज दी है।



## ब्यूटी विद ब्रेन अभिनेत्री, 'मिस इंडिया' खिताब को बताया करियर के लिए बाधा

ब्यूटी विद ब्रेन की बात की जाए तो मल्टी-टैलेंटेड पर्सनैलिटी गुलकीरत कौर पनाग का नाम जरूर आता है। मिस इंडिया का खिताब हो या सर्टिफाइड पायलट गुल सिर्फ एक्ट्रेस और मॉडल ही नहीं, बल्कि फिटनेस एक्सपर्ट, बाइकर और सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। गुल पनाग ने साल 1999 में मिस इंडिया का खिताब जीता था। उनका नजरिया हमेशा स्पष्ट और अलग हटकर रहा है। बॉलीवुड में उन्होंने कम फिल्में कीं, लेकिन हर बार सार्थक और मजबूत भूमिकाएं चुनीं। एक इंटरव्यू में गुल ने कहा था कि मिस इंडिया का ताज उनके करियर में बाधा बन गया।

उनका मानना है कि फिल्ममेकर्स ब्यूटी क्वीन को गंभीर और गहरी भूमिकाओं में कास्ट करने से हिचकिचाते हैं। मेकर्स उन्हें सिर्फ ग्लैमरस रोल ही ऑफर करते हैं।

गुल ने प्रियंका चोपड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि केवल प्रियंका ही इस टैग को तोड़कर बेहतरीन अभिनेत्री बनीं।

गुल ने बताया था, मिस इंडिया का खिताब मेरे लिए एक बाधा साबित हुआ है। अगर कोई एक्ट्रेस सिर्फ ग्लैमरस रोल या थोड़ा डांस करने वाली फिल्में करना चाहती है, जहां उसका योगदान कम हो, तो यह खिताब बड़ी उपलब्धि है। लेकिन अगर कोई गंभीर अभिनेत्री बनना चाहती है और सार्थक भूमिकाएं निभाना चाहती है, तो फिल्ममेकर्स मिस इंडिया को ऐसी भूमिकाओं में कास्ट करने से हिचकिचाते हैं।

गुल का मानना है कि आजकल अच्छी और सार्थक फिल्में बन रही हैं, जिन्हें मजबूत एक्टर्स की जरूरत है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा का उदाहरण देते हुए उनकी तारीफ करते हुए कहा था कि सिर्फ प्रियंका ही हैं, जिन्होंने ब्यूटी क्वीन का टैग तोड़कर खुद को एक शानदार अभिनेत्री साबित किया है।

गुल पनाग का फिल्मी सफर साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'धूप' से शुरू हुआ। डेब्यू फिल्म में उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन अनुज नायर की विधवा की भूमिका निभाई। फिल्म की कहानी परिवार के संघर्ष पर आधारित थी और गुल की परफॉर्मेंस को काफी सराहना मिली।

इसके बाद वह साल 2006 में आई नागेश कुकुनूर की 'डोर' में नजर आईं, जिसमें गुल ने एक राजस्थानी विधवा का किरदार निभाया। आयशा टाकिया के साथ उनकी केमिस्ट्री और इमोशनल एक्टिंग ने उन्हें क्रिटिक्स अवॉर्ड दिलाया। यह फिल्म गुल के करियर की सबसे सफल और यादगार फिल्मों में से एक है।

साल 2007 में 'मनोरमा सिक्स फीट अंडर' आई, जो एक थ्रिलर थी और गुल की परफॉर्मेंस फिर सराही गई। इसके अलावा हेलो, स्ट्रेट, रन, टर्निंग 30 और अब तक छप्पन 2 जैसी फिल्मों का हिस्सा वह रह चुकी हैं। गुल की वेब सीरीज 'पाताल लोक' में उनकी सपोर्टिंग रोल को भी खूब पसंद किया गया। गुल हमेशा कंटेंट वाली फिल्में चुनती हैं और कमर्शियल सिनेमा से दूर रहती हैं।पर्सनल लाइफ की बात करें तो साल 2011 में उन्होंने बॉयफ्रेंड और पायलट ऋषि अत्तारी से पंजाबी रीति-रिवाज से शादी की। साल 2018 में उन्होंने बेटे को जन्म दिया और बेटे का नाम निहाल रखा। वह अक्सर सोशल मीडिया पर परिवार के साथ बाइक राइड, ट्रिप और फिटनेस की तस्वीरें शेयर करती हैं। वह खुद लाइसेंस्ड पायलट, मैराथन रनर और बाइकर भी हैं।

## राहु केतु से लेकर कल्कि 2 तक 2026 में देखने लायक फैंटेसी फिल्में







भारतीय सिनेमा का फैंटेसी जॉनर एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अब फिल्ममेकर पौराणिक कथाओं, लोककथाओं, ज्योतिष और कल्पनालोक से प्रेरणा लेकर ऐसे सिनेमाई संसार रच रहे हैं जो न सिर्फ़ दृश्यात्मक रूप से भव्य हैं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी दर्शकों को जोड़ते हैं। बड़े प्रोडक्शन हाउस और दूरदर्शी निर्देशकों के सहयोग से 2026 फैंटेसी फिल्मों के लिए एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। आइए नज़र डालते हैं उन पाँच बहुप्रतीक्षित फैंटेसी फिल्मों पर, जो बड़े पर्दे पर गहरी छाप छोड़ने वाली हैं।

**कल्कि 2 – वैजयंती मूवीज़**: कल्कि की अभूतपूर्व सफलता और वैश्विक सराहना के बाद, निर्देशक नाग अश्विन 2026 में इस फ्रैंचाइज़ी को और आगे बढ़ाने जा रहे हैं। प्रभास के नेतृत्व में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। सी. अश्विनी दत्त द्वारा वैजयंती मूवीज़ के बैनर तले निर्मित कल्कि 2, भगवान विष्णु के अंतिम अवतार की भविष्यवाणी को एक डिस्टोपियन भविष्य में पुनर्कल्पित करती है। प्राचीन शास्त्रों और अत्याधुनिक तकनीक का अनोखा संगम इस फिल्म को भव्य सिनेमाई अनुभव बनाता है।

**राहु केतु – बीलाइव**: राहु केतु एक आगामी हिंदी फैंटेसी कॉमेडी है, जिसे विपुल विग ने लिखा और निर्देशित किया है। ज़ी स्टूडियोज़ और बीलाइव प्रोडक्शंस के तहत उमेश कुमार बंसल, सूरज सिंह और वर्षा कुकरेजा द्वारा निर्मित इस फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, शालिनी पांडे और चंकी पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। राहु और केतु जैसे छाया ग्रहों की पौराणिक मान्यताओं पर आधारित यह फिल्म किस्मत, भाग्य और कर्म के उतार-चढ़ाव को हास्य के जरिए पेश करती है। अपने ऑफबीट अंदाज़ के कारण यह 2026 की सबसे अलग फैंटेसी फिल्मों में गिनी जा रही है।

**महाकाली – पीवीसीयू**: हनु-मान से शुरू हुए सिनेमैटिक यूनिवर्स का विस्तार करते हुए, महाकाली का निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं और इसे आरकेडी स्टूडियोज़ के बैनर तले रणधीर रेड्डी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में भूमि शेट्टी देवी काली के उग्र और दिव्य स्वरूप में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। शक्ति परंपरा से प्रेरित यह माइथोलॉजिकल सुपरहीरो फिल्म आधुनिक कहानी कहने के अंदाज़ के साथ आध्यात्मिक प्रतीकों को जोड़ती है और एक सशक्त महिला-केंद्रित फैंटेसी अनुभव देने का वादा करती है।

**अधिरा – पीवीसीयू**: अधिरा एक भव्य फैंटेसी-एक्शन फिल्म है, जो प्राचीन कथाओं और योद्धा लोककथाओं में गहराई से उतरती है। हाल ही में निर्देशक प्रशांत वर्मा ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करते हुए एस.जे. सूर्या और कल्याण दासरी को मुख्य भूमिकाओं में कास्ट करने की घोषणा की। बड़े पैमाने पर बनाई जा रही यह फिल्म स्टाइलिश एक्शन, दमदार वीएफएक्स और आधुनिक सिनेमाई प्रस्तुति के साथ पौराणिक तत्वों को जोड़ती है। अपनी अनोखी अवधारणा और सशक्त कलाकारों के चलते अधिरा 2026 की चर्चित फैंटेसी फिल्मों में शामिल हो चुकी है। ..

**वन – बालाजी टेलीफिल्म्स**: पारंपरिक पौराणिक फैंटेसी से हटकर, वन एक डार्क फैंटेसी थ्रिलर है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। दीपक मिश्रा के निर्देशन में बनी और एकता आर कपूर द्वारा निर्मित यह फिल्म लोककथाओं, रहस्यवाद और मनोवैज्ञानिक तनाव का अनूठा मिश्रण पेश करती है। भय, आस्था और अलौकिक तत्वों की पड़ताल करती वन दर्शकों को एक अलग तरह का, जॉनर-बेंडिंग फैंटेसी अनुभव देने का वादा करती है। रचनात्मक सीमाओं को तोड़ते फिल्ममेकर और वर्ल्ड-बिल्डिंग व विजुअल स्टोरीटेलिंग में भारी निवेश करते प्रोडक्शन हाउस यह संकेत दे रहे हैं कि 2026 भारतीय फैंटेसी सिनेमा के लिए एक साहसिक और महत्वाकांक्षी नए अध्याय की शुरुआत होगी।







## अब जल्द सिनेमाघरों में दिखेगी फिल्म द्रौपदी 2

### सेंसर बोर्ड ने फिल्म को दी मंजूरी


तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। इसी कड़ी में निर्देशक मोहन जी क्षत्रिय की आने वाली ऐतिहासिक फिल्म 'द्रौपदी 2' को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही है। अब नए साल की शुरुआत के साथ इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी और अहम खबर सामने आई है, जिसने फिल्म के प्रशंसकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने निर्देशक मोहन जी क्षत्रिय की तमिल-तेलुगु ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'द्रौपदी 2' को रिलीज के लिए 'यू/ए' सर्टिफिकेट दे दिया है। सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद अब फिल्म की थिएटर रिलीज का रास्ता साफ हो गया है।

इसकी जानकारी खुद निर्देशक मोहन जी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। उन्होंने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, ''यह फिल्म इतिहास के उन पन्नों को खोलने वाली है, जिनके बारे में अब तक बहुत कम चर्चा हुई है। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।''

यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी।

'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।




## तनोट माता का आशीर्वाद लेने पहुंची 'बॉर्डर-2' की पूरी टीम, सोनू निगम ने जाहिर की खुशी

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म 'बॉर्डर-2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन उससे पहले फिल्म का पहला गाना 'घर कब आओगे' चर्चा में बना हुआ है। 'घर कब आओगे' गाने का ऑडियो रिलीज हो चुका है, लेकिन इसका वीडियो जैसलमेर के तनोट माता मंदिर के पास लोंगेवाला में शुक्रवार शाम को रिलीज किया जाएगा। इस मौके पर सिंगर सोनू निगम गाने को लेकर काफी उत्साहित दिखे। 'बॉर्डर 2' के गाने 'घर कब आओगे' की भव्य लॉन्चिंग के लिए फिल्म की पूरी स्टारकास्ट और सिंगर्स जैसलमेर पहुंच चुके हैं। एयरपोर्ट पर सोनू निगम, वरुण धवन, भूषण कुमार, अहान शेट्टी और निधि दत्ता को भी देखा गया। पहले फिल्म की पूरी स्टारकास्ट भारत-पाक सीमा स्थित तनोट माता मंदिर में दर्शन के लिए जाएगी और फिर गाने की भव्य लॉन्चिंग में शामिल होगी। सनी देओल भी म्यूजिक लॉन्च में शामिल होंगे।



सोनू निगम ने म्यूजिक लॉन्च से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा, गाने को 30 साल पहले गाया था और दोबारा वैसा ही गाना गाने का मौका मिला है, बहुत खुशी हो रही है और ये गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने आगे बताया कि वे पहली बार तनोट माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे हैं और ये उनके लिए सौभाग्य की बात है। गाने की लॉन्चिंग में सीमा की रक्षा करने वाले देश के जवान भी शामिल होंगे और उन्हीं के सामने गाने की लॉन्चिंग की जाएगी। इससे पहले फिल्म का टीजर लॉन्च भी भव्य तरीके से आयोजित हुआ था और इस मौके पर सनी देओल की आंखें नम थीं।

बता दें कि फिल्म 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई लोंगेवाला की लड़ाई से प्रेरित है। इस युद्ध में भारतीय वायुसेना का बड़ा योगदान रहा था, जिसने पाकिस्तान के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया था। फिल्म बॉर्डर में भी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध को दिखाया गया, लेकिन उसमें सारा फोकस थल सेना पर था, लेकिन बॉर्डर-2 में वायुसेना और थल सेना दोनों के महत्वपूर्ण योगदान को दिखाया गया है।

# आज गौरी-शशि योग का शुभ संयोग से निम्न राशियों के लिए धन के खुलेंगे रास्ते

**चंद्रमा के कर्क राशि में होने से एक साथ गौरी योग और शशि योग का निर्माण हो रहा है। वैदिक ज्योतिष में इसे अत्यंत शुभ संयोग माना जाता है। गौरी योग से व्यक्ति को धन–संपत्ति और जमीन–जायदाद का लाभ मिलता है। वहीं, शशि योग धनवान बनाता है और व्यक्ति को समाज में उच्च स्थान दिलाता है। इस दोनों योगों के प्रभाव से कई राशियों के जातकों को करियर में अपार सफलता मिलेगी और धन लाभ के भी अवसर प्राप्त होंगे।**

**मेष राशि –** आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल कारक है। दशम कर्म भाव में सूर्य– चतुर्थ घर में ही चन्द्रमा राज्य से सम्मान तथा रुके कार्यों की सिद्धि कारक है। धार्मिक यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा।

**वृष राशि –**राशि का स्वामी शुक्र नवम भाग्य भाव में राज्य मान–प्रतिष्ठा की वृद्धि कारक है। चन्द्रमा तृतीय भाव में मंत्रणा शक्ति का विस्तार और सत्तारूढ़ महान व्यक्तियों की कृपा से धन लाभ करायेगा। अवसर लाभ उठाने के लिए सचेष्ट रहें।

**मिथुन राशि –**आपकी राशि का स्वामी बुध धनु राशि सूर्य के साथ अष्टम भाव में उदय चल रहा है। अकारण शत्रुत्पत्ति, निर्मूल चिन्ता कारक है। आज चतुर्थ भाव में केतु–गुरु माता को कष्ट कर सकता है। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के कामों से दूर रहें।

**कर्क राशि –**आज का दिन आपके लिए सुख शांति का रहेगा। पिछले कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कुछ कम हो जायेगा। राशि का स्वामी चन्द्रमा चतुर्थ भाव में पराक्रम वृद्धि और कोर्ट कचहरी में विजय कारक है। राशि पर मिथुन राशि का गुरु पत्नी को रोग मुक्त व पत्नी पक्ष से लाभकारक रहेगा।




**सिंह राशि –**आपकी राशि का स्वामी सूर्य षष्ठम भाव में धनु राशि का होकर संचार कर रहा है। चन्द्रमा द्वादश भाव में अकस्मात बड़ी मात्रा में लाभ कराकर कोष वृद्धि करेगा। सायं के समय हर्ष दायक समाचार मिलेगा। रात्रि में किसी मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है।

**कन्या राशि –**आज का दिन आपके स्वास्थ्य एवं सुस्त पड़े कारोबार में सुधार का दिन है। इच्छित धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा। पत्नी व संतान पक्ष से संतोषजनक समाचार से हर्षित होंगे। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। रिश्तेदारों से कड़वाहट दूर करने का दिन है, लाभ उठाएं।

**तुला राशि –**आपकी राशि के स्वामी शुक्र का धनु राशि में प्रवेश हो चुका है। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। सांसारिक सुख भोगो का विस्तार तथा परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रात्रि में किसी विशेष समारोह में महान व्यक्ति के मिलने से बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य में गति आयेगी।

**वृश्चिक राशि –**आज का दिन विशेष व्यस्त एवं तनाव मुक्त रहेगा। आपकी राशि से पंचम शनि योग बना हुआ है। ऐसे में विवेक से काम लें और निकटवर्ती लोगों से व्यर्थ के विवाद में न उलझें, हानि हो सकती है। स्वास्थ्य भी न्यून रहेगा। ऐसे में खानपान में सावधानी बरतें।

**धनु राशि –**आपकी राशि पर मंगल अग्नि, चोर भायकारक है। चतुर्थ भाव में मीन राशि शनि भी व्यर्थ व्यय व पत्नी को कष्टकारक है। नजदीक व दूर की सकारणीय यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे। एकादश भाव में तुला राशि का चन्द्रमा सायं काल कुछ अच्छे समाचार व मन को संतोष देगा।

**मकर राशि –**आज का दिन प्रभाव प्रताप का बढ़ाने वाला है। चतुर्थ सुख भाव में राहु भूमि, ज़मीन जायदाद के कार्यों से अकल्पित लाभ कारक है। श्रेष्ठ पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से राज्य में बिगड़ा काम बन जायेगा।

**कुंभ राशि –**आपकी राशि का स्वामी शनि, मीन राशि का होकर द्वितीय भाव में विराजमान है। चन्द्रमा आज पंचम घर में आय के नए स्रोत विकसित करेगा। शत्रु व प्रतिद्वंदी पक्ष पराजित होंगे। नया परिचय स्थाई मित्रता में परिवर्तन होगा। समय का लाभ उठाएं।

**मीन राशि –**राशि का स्वामी देव गुरु पिछले कुई दिनों से मिथुन राशि का होकर पंचम भाव में चल रहा है। चन्द्रमा भी आज पंचम घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जायेगा। मंत्रणा शक्ति के बल पर किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

## संकष्ट चतुर्थी पर लें गणेश जी के ये बारह नाम, हो जाऐंगे सभी विघ्न दूर



गणेश जी के बारह नाम का पाठ करने से हर प्रकार की विघ्न–बाधाओं से मुक्ति मिलती है। गणेश जी के सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्ण, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र, गजानन, इन बारह नामों के पाठ करने व सुनने से विद्यारम्भ, विवाह, प्रवेश करना, निर्गम (निकलना), संग्राम और संकट में सभी विघ्नों का नाश होता है। जिन लोगों को गणेश जी के इन बारह नामों का पाठ करने में समस्या आती है, वे इन नामों का श्रवण करें अथवा इन नामों को संकट चतुर्थी के शुभ मुहूर्त में अथवा किसी पर्व पर अपने बड़े–बुजुर्ग से लिखवाकर अपनी तिजोरी, गल्ले, अलमारी में रख सकते हैं। गणेश जी के आगमन से सद्बुद्धि आती है, जिससे मां लक्ष्मी का वास घर–परिवार में खुशहाली लाता है।

माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, संकट या संकटा चौथ कहलाती है। इसे वक्रतुंडी चतुर्थी, माही चौथ, तिल अथवा तिलकूट चतुर्थी व्रत भी कहते हैं। मंगलमूर्ति और प्रथम पूज्य भगवान गणेश को संकटहरण भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस चतुर्थी के दिन व्रत रखने और भगवान गणेश की पूजा करने से जहां सभी कष्ट दूर हो जाते हैं वहीं इच्छाओं और कामनाओं की पूर्ति भी होती है। इस दिन तिल दान करने का विशेष महत्व होता है। इस

दिन गणेशजी को तिल के लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक देवी–देवताओं में सर्वोच्च स्थान रखने वाले विघ्न विनाशक भगवान गणेश की पूजा–अर्चना करने से सुख–समृद्धि में बढ़ोत्तरी होती है।

माघ मास की चतुर्थी के दिन मंगलमूर्ति श्री गणेश भगवान को पंचामृत से स्नान के बाद फल, लाल फूल, अक्षत, रोली, मौलि अर्पित करना चाहिए। तिल से बनी वस्तुओं अथवा तिल–गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए। गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ अवश्य करना चाहिए। पुराणों में संकट चतुर्थी का विशेष महत्व बताया गया है। भगवान गणेश की अर्चना के साथ चंद्रोदय के समय अर्घ्य देने का विधान है। खासकर महिलाओं के लिए इस व्रत को उपयोगी माना गया है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक मन के स्वामी अथवा अधिपति चंद्रद्रेव है, संकटा चतुर्थी बुद्धिदाता देवता श्री गणेश की पूजा के साथ चंद्रदेव को अर्घ्य देकर मानसिक संताप को दूर करने व मनोरथपूर्ति के लिए बहुत शुभ मानी जाती है। संकटा चतुर्थी पर चंद्र अर्घ्य के पीछे सुख व शांति की ऐसी ही कामनाएं व भावनाएं जुड़ी है।

## वर्ष 2026 में शनि का लौह–चांदी–ताम्र–स्वर्ण का पाया आपकी राशि को इस प्रकार से करेगा प्रभावित

**शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, शनि की महादशा , अन्तर्दशा का विचार करने के साथ शनि का पाया विचार भी आवश्यक है। ज्योतिष के ग्रंथों में शनि के पाया विचार का फल शनि के गोचर के अनुसार वर्ष 2026 में इस प्रकार है।**

**मेष राशि –** लौह पाद शनि के कारण आपको साढ़ेसाती के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, स्वास्थ्य कमजोर रहेगा, धन हानि एवं कार्य में व्यवधान इस वर्ष रहेंगे।

**वृष राशि –** ताम्रपद के शनि के कारण विशेष श्रम करने पर शनि आपको लाभदयक स्थिति में रखेगा। संतान पक्ष से लाभ, नवीन क्षेत्र का विस्तार, कार्यक्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे, बिगड़े कार्य बनने लगेंगे। पद–प्रतिष्ठा प्राप्ति, मान–सम्मान वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि –** स्वर्ण पाद के शनि के कारण आपको कुछ कष्टों का सामना करना पड़ेगा, व्यर्थ विवाद व व्यर्थ की बाधाऐं उत्पन्न हाने लगेंगी, धन हानि व कष्टों से परेशानी हो रही हो तो शनि के निमित्त दान–पुण्य कर शनि को शांत अवश्य करें।

**कर्क राशि –** रजत पाद का शनि आपको विशेष शुभ फल देने के लिए तत्पर है, व्यापार, नौकरी में लाभ, धन प्राप्ति का योग, आर्थिक क्षेत्र में प्रगति, व्यापार में वृद्धि होगी।

**सिंह राशि –** लौह पाद का शनि परेशानियां उत्पन्न करेगा, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, अपने उपर चलने वाली ढैय्या को ध्यान में रखकर शनि का उपाय प्रारम्भ कर कार्य व्यवहार करने से बाधाऐं मिटने लगेंगी।




**कन्या राशि –** ताम्रपाद के शनि के कारण भार्या व संतान से सुख की प्राप्ति होगी, यात्रा में लाभ, नौकरी में पदोन्नति, व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा, विवादों से छुटकारा मिलेगा।

**तुला राशि –** रजत पद का शनि आपके लिए सौभाग्यदायक है, वर्ष 2026 विशेष सुखमय रहेगा। चुनाव में विजय, शत्रुपक्ष से लाभ की प्राप्ति होगी, समाज में पहचान बढ़ेगी, पद, प्रतिष्ठा, मान–सम्मान का विस्तार होगा।

**वृश्चिक राशि –** पंचम शनि एवं स्वर्ण पाद का शनि आपको निरर्थक चिन्ता, बाधाऐं एवं भय प्रदान करेगा, व्यर्थ के वाद–विवादों से बचकर कार्य करना श्रेयस्कर रहेगा।

**धनु राशि –** लौह पाद का शनि और ढैय्या के फलस्वरूप विवाह आदि में अड़चन, स्वजनों से विरोध, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, नौकरी–व्यापार, शिक्षा में मन न लगने का संकेत।

**मकर राशि –** स्वर्ण पाद का शनि कष्टों को देता है, परन्तु तीसरे भाव का शनि कष्टों में न्यूनता लाता है। मित्रों के सहयोग से बिगड़े कार्य बनेंगे, संघर्ष आपको निखारकर अंतिम परिणाम के रूप में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ राशि –** ताम्र पाद का शनि शुभफलदायी है, शनि का उपाय करने पर साढ़ेसाती के बावजूद 2026 में नौकरी में पदोन्नति, व्यापार से लाभ, शत्रु पर विजय, परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन राशि –** रजत पाद का शनि तथा हृदय पर मध्य साढ़ेसाती आपको विचलित कर सकती है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, शेयर आदि जोखिमपूर्ण निवेश से बचने का प्रयास करें, कड़ी मेहनत के अनुपात में सफलता प्राप्त होती है, इसलिए तरक्की के लिए आलस्य बिल्कुल भी न करें।

## सफलता को पाने से पहले स्वयं को इस योग्य बनाऐं कि अवसर आपके हाथ से न निकले

तीर्थराज प्रयागराज में माघ मेले के दौरान एक सुविख्यात संत के पास दीक्षा लेने एवं जीवन में सफलता और सिद्धि हासिल करने के उद्देश्य को लेकर एक युवक पहुंचा। कई दिनों के इंतजार के बाद संत ने उसके हाथ में एक संदूक देकर कहा कि इसे उनके एक शिष्य को देकर आओ, संत ने निर्देश दिया कि संदूक को खोलना मत। संदूक लेकर कुछ दूर चलने के बाद युवक अपने कौतूहल को रोक नहीं सका, उसने आज्ञा का उल्लंघन कर संदूक को खोलकर देखा। संदूक खोलते ही उसमें से एक चूहा कूदकर भाग निकला। सफलता का नुख्सा प्राप्त करने एवं शिष्यत्व की आकांक्षा रखने वाले युवक ने चुपचाप संदूक बंद किया और वह उसे लेकर संत के बताए शिष्य के पास पहुंच गया, शिष्य भी एक अध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ साधक था। उसने संदूक देखते ही स्थिति समझ ली और कहा कि तुम स्वयं पर संयम नहीं रख सके।

गुरु के आदेश का पालन नहीं किया, मना करने के बावजूद तुमने संदूक खोलकर देखा। जब असंयम के वशीभूत तुम एक चूहे को नहीं संभाल सके तो सफलता के सूत्र और धर्म के महान तत्व को कैसे संभाल सकोगे। उन्होंने उसे उपदेश किया कि पहले अपने अन्दर योग्यता एवं संयम की साधना करो, उसके बाद तुम्हें सफलता मिलेगी। जब व्यक्ति संयम की शक्ति जैसे दिव्य गुणों को संग्रहित कर लेता है तो उसके अन्दर एकाग्रता, योग्यता आदि का समावेश होता है, जिससे वह चाहें अध्यात्मिक क्षेत्र हो अथवा सांसारिक क्षेत्र, दोनों जगह सफलता हासिल करता है।



तीर्थराज प्रयागराज में सदियों से माघ के पवित्र माह में विख्यात संत एवं महात्माओं का दर्शन एवं सत्संग प्राप्त होता है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा एवं दशा को बदलने की क्षमता रखता है। जब व्यक्ति के अन्दर संयम, एकाग्रता, कर्तव्यनिष्ठा आदि गुणों का समावेश होता है, तो सफलता अपने आप व्यक्ति के पास आ जाती है। सफलता को पाने से पहले स्वयं को इस योग्य बनाएं कि नियम और अनुशासन निभा सकें। सफलता व्यक्ति को नहीं, व्यक्ति की तैयारी को चुनती है, इसलिए ग्रह–नक्षत्रों, जन्मपत्री, हस्तरेखा के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर अपनी योग्यता, पात्रता का भी विकास करना चाहिए ताकि ग्रह–नक्षत्रों के माध्यम से सफलता प्राप्त होने पर वह स्थायी रूप से आपकी योग्यता अनुसार आपके पास टिकी रहे।

## घर में नकारात्मक ऊर्जा है या नहीं इस एक तरीके से पता लगाएं

### नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के उपाय भी जानें

आसपास के वातावरण में नकारात्मक और सकारात्मक दो प्रकार की ऊर्जाएं मौजूद होती हैं। हम सभी चाहते हैं की हमारे घर, ऑफिस और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहे। लेकिन कई बार घर में अचानक एक के बाद एक समस्याएं आने लगती हैं और बनते हुए काम भी बिगड़ने लगते हैं। लड़ाई–झगड़ों का सामना करना पड़ता है और परिवार के सदस्यों पर किसी न किसी कारण के चलते मानसिक तनाव बना रहता है। इन सभी परेशानियों का कारण घर में मौजूद नेगेटिव एनर्जी हो सकती है। ऐसे में वास्तुशास्त्र में एक ऐसा तरीका बताया गया है जिससे यह जाना जा सकता है कि कहीं घर में नकारात्मक ऊर्जा तो मौजूद नहीं है।

**घर में नकारात्मक ऊर्जा का कैसे पता करें?**

इसके लिए एक कांच के गिलास में पानी भरें और उसमें थोड़ा गंगाजल भी मिलाएं। इसके बाद, पानी में गुलाब की पंखुड़ियां डालकर गिलास को घर के किसी कोने में छिपाकर रख दें। इसे कम से कम पूरा एक दिन यानी 24 घंटे तक वहीं रखा रहने दें। फिर, अगले दिन जल का रंग देखें की वह बदला है या नहीं। अगर पानी का रंग पूरी तरह बदल गया हो तो इसका अर्थ है कि घर में कोई नकारात्मक ऊर्जा मौजूद है। ऐसे में इसके लिए आवश्यक उपाय जरूर करने चाहिए। लेकिन अगर पानी का रंग न बदला हो तो इसका मतलब है कि घर में कोई नेगेटिव एनर्जी नहीं है। ऐसे में आपके घर में आने वाली समस्याओं का कारण वास्तु दोष या कुछ और हो सकता है।

घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के उपाय

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखने के लिए अपने मुख्य द्वार को हमेशा साफ रखना चाहिए। क्योंकि इसी स्थान से घर में सकारात्मक



या नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। ऐसे में मेन गेट पर गंदगी जमा होने से घर में नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश कर सकती है।

अगर आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा मौजूद है तो इसे दूर करने के लिए पोछे के पानी में सेंधा नमक डालकर नियमित रूप से घर को साफ करना चाहिए। सेंधा नमक वाले पानी से पोछा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो सकती है।

पानी में नींबू का रस मिला लें। इसके बाद, अपने घर के दरवाजों की कुंडियों और खिड़कियों को नींबू वाले पानी से साफ करें। इस सरल उपाय को करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो सकती है।

अपने रसोई घर में सवा किलो साबुत नमक को लाल कपड़े में बांधकर किसी स्थान पर छिपाकर रख दें। इस पोटली को किसी ऐसे स्थान पर रखें जहां आते जाते किसी बाहर से आने वाली व्यक्ति की उस पर नजर न पड़े।

वास्तुशास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखने के लिए आप कुछ ऐसे पौधे लाकर रख सकते हैं, जिनसे नेगेटिविटी दूर रहती है। साथ ही, ये पौधे घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं।

## नया घर जब रास न आए तो क्या करें? इन उपायों से होगा समाधान

अक्सर आपने कुछ लोगों को कहते हुए सुना होगा कि जब से वह नए घर में गए हैं या जब से उन्होंने अपना पुराना घर बदल कर नए घर में प्रवेश किया है, तब से वह नया घर, नई जगह उन्हें रास नहीं आ रही है। पुराने घर में सब कुछ ठीक था लेकिन नए घर में आते ही जीवन में परेशानियां बढ़ने लगी हैं। शहर में जगह की कमी के कारण अकसर लोग कब्रिस्तान आदि के आस–पास की जमीनों पर बने फ्लैट्स यामकान में रहने लग जाते है, जिससे इस प्रकार की समस्या देखी जाती है या फिर काफी सालों से बंद मकानों में अदृश्य साया, बुरी शक्तियों का निवास रहता है और जब वहां पर मनुष्य निवास करने लगता है, तो उनके जीवन का सुख–चैन धीरे–धीरे समाप्त होने लगता है।

इस प्रकार की समस्या जीवन में न आए इसलिए जरूरी है कि मकान बनवाने से पहले जानकारों की राय लेकर भूमि की मिट्टी आदि की जांच करें। अगर आप बना–



बनाया मकान खरीद रहें हों तो, हमेशा जांच– पड़ताल के बाद ही मकान खरीदें, काफी दिनों से बंद अथवा किसी दुर्भाग्य हीन व्यक्ति का मकान खरीदने से बचें, यानी मकान जो व्यक्ति बेच रहा हो, उससे यह जानें कि किस कारण से वह व्यक्ति मकान बेच रहा है। अकसर लोग गम्भीर बीमारी आदि के कारण मकान बेचकर दूसरी जगह चले जाते हैं, उस मकान में जो नया व्यक्ति आता है, वह भी धीरे–धीरे उसी प्रकार की समस्या से ग्रसित हो जाता है। अगर किसी मकान में कभी कोई दुर्घटना, आत्महत्या आदि हुई हो तो उसे कदापि न खरीदें। नकारात्मक ऊर्जा से सम्पन्न घर में रहने पर व्यक्ति का मन किसी काम में नहीं लगता।

अनिष्ट शांति हेतु दुर्गा सप्तशती का पाठ अथवा सुन्दर काण्ड का पाठ अवश्य करवाएं। मकान मालिक की ग्रहदशा के अनुसार सर्व बाधा मंत्र के साथ सम्बन्धित ग्रह का जप अवश्य करवाएं।

अशोक वृक्ष के सात पत्ते मंदिर में रख कर पूजा करें। उनके सूखने पर नए पत्ते रखें और पुराने पत्ते पीपल के पेड़ के नीचे रख दें। यह उपाय नियमित रूप से करने पर आपका घर भूत–प्रेत बाधा, नजर दोष आदि से मुक्त हो जाएगा।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ

संपादकीय

# खेल, कारोबार और राष्ट्रीय संवेदना

**खेल** को अकसर सीमाओं और राजनीति से परे माना जाता है, कहा जाता है कि खेल देशों को जोड़ता है। लेकिन जब पड़ोसी देश में हिन्दुओं के खिलाफ सुनियोजित हिंसा हो रही हो, निर्दोष लोगों को जिंदा जलाया जा रहा हो और मानवाधिकारों का हनन चरम पर हो, तो क्या खेल और कारोबार को मानवीय संवेदनाओं से ऊपर रखा जा सकता है? यह प्रश्न आज देश के सामने मुँह बाए खड़ा है। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को 9.2 करोड़ रुपये में खरीदे जाने पर संतों, राजनेताओं और सामान्य भारतीय नागरिकों का आक्रोश इसी नैतिक द्वंद्व को रेखांकित करता है। बांग्लादेश से आ रही खबरें विचलित करने वाली हैं। पिछले 12 दिनों में वहां से तीन हिंदुओं की हत्या का दर्दनाक समाचार आया है। 31 दिसंबर को शरियतपुर में 50 वर्षीय खोकोन दास को भीड़ द्वारा घेरकर बेरहमी से पीटना और फिर आग के हवाले कर देना, किसी भी सभ्य समाज की रूह कंपाने के लिए काफी है। ऐसे समय में, जब भारत में इस अत्याचार को लेकर गहरा रोष है, एक भारतीय आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा उसी देश के खिलाड़ी पर करोड़ों रुपये बरसाना कई लोगों के हृदय को कष्ट पहुँचा रहा है। याद रहे कि कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शाहरूख खान हैं। क्या शाहरूख खान को बांग्लादेश की लक्षित हिंसा की जानकारी नहीं है? मुसलमानों को लेकर होने वाली लक्षित हिंसा पर तो शाहरूख खान अत्यधिक संवेदनशील नजरिया रखते हैं। यहाँ तक कि अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमले के बाद जब आम मुसलमानों पर भी आतंकी होने का संदेह किया जा रहा था, तब शाहरूख खान ने अपना आक्रोश एवं संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए 'माय नेम इज खान' फिल्म ही बना दी। बांग्लादेश में हिंदुओं को जिस प्रकार सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मारा जा रहा है, तब उनकी संवेदनाएं कहाँ चली गईं? बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उस स्थिति में वहाँ के खिलाड़ियों को भारत में किसी भी प्रकार का महत्व, लाभ या अवसर देना, घोर निंदनीय कृत्य है। शाहरूख खान को यहाँ नैतिकता का ध्यान रखना चाहिए था। याद रहे कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य और देवकीनंदन ठाकुर जैसे धर्मगुरुओं की आपत्ति को महज भावनात्मक उफान मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। उनका तर्क स्पष्ट है कि जिस देश में हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में हो, वहां के खिलाड़ियों को भारत में सम्मान और धन क्यों दिया जाए? देवकीनंदन ठाकुर का यह प्रश्न कि "एक टीम मालिक इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है?" दरअसल उस कॉरपोरेट संस्कृति पर चोट है जो मुनाफे के आगे मानवीय त्रासदी को अनदेखा कर देती है। भाजपा नेता संगीत सोम का यह प्रश्न भी उचित है कि यदि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारण वहां के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध है, तो बांग्लादेश में हो रहे सांप्रदायिक अत्याचारों पर हम आंखें क्यों मूंदे हुए हैं? यह विडंबना ही है कि जिस देश (भारत) की जनता ने शाहरुख खान जैसे सितारों को 'सुपरस्टार' बनाया, उनकी फ्रेंचाइजी का निर्णय उसी देश की जनभावनाओं के विपरीत दिखाई दे रहा है। 9.2 करोड़ रुपये की राशि एक बड़ी रकम है। आलोचकों का यह कहना सही है कि यह पैसा यदि बांग्लादेश में पीड़ित हिंदू परिवारों की मदद या पुनर्वास में लगता, तो यह मानवता की सच्ची सेवा होती।

> पिछले 12 दिनों में वहां से तीन हिंदुओं की हत्या का दर्दनाक समाचार आया है। 31 दिसंबर को शरियतपुर में 50 वर्षीय खोकोन दास को भीड़ द्वारा घेरकर बेरहमी से पीटना और फिर आग के हवाले कर देना, किसी भी सभ्य समाज की रूह कंपाने के लिए काफी है। ऐसे समय में, जब भारत में इस अत्याचार को लेकर गहरा रोष है, एक भारतीय आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा उसी देश के खिलाड़ी पर करोड़ों रुपये बरसाना कई लोगों के हृदय को कष्ट पहुँचा रहा है। याद रहे कि कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शाहरूख खान हैं। क्या शाहरूख खान को बांग्लादेश की लक्षित हिंसा की जानकारी नहीं है? मुसलमानों को लेकर होने वाली लक्षित हिंसा पर तो शाहरूख खान अत्यधिक संवेदनशील नजरिया रखते हैं। यहाँ तक कि अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमले के बाद जब आम मुसलमानों पर भी आतंकी होने का संदेह किया जा रहा था, तब शाहरूख खान ने अपना आक्रोश एवं संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए 'माय नेम इज खान' फिल्म ही बना दी। बांग्लादेश में हिंदुओं को जिस प्रकार सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मारा जा रहा है, तब उनकी संवेदनाएं कहाँ चली गईं? बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उस स्थिति में वहाँ के खिलाड़ियों को भारत में किसी भी प्रकार का महत्व, लाभ या अवसर देना, घोर निंदनीय कृत्य है। शाहरूख खान को यहाँ नैतिकता का ध्यान रखना चाहिए था। याद रहे कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य और देवकीनंदन ठाकुर जैसे धर्मगुरुओं की आपत्ति को महज भावनात्मक उफान मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। उनका तर्क स्पष्ट है कि जिस देश में हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में हो, वहां के खिलाड़ियों को भारत में सम्मान और धन क्यों दिया जाए? देवकीनंदन ठाकुर का यह प्रश्न कि "एक टीम मालिक इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है?" दरअसल उस कॉरपोरेट संस्कृति पर चोट है जो मुनाफे के आगे मानवीय त्रासदी को अनदेखा कर देती है।

कुछ अलग

# कड़ाके की ठंड में आस्था की डुबकी

**पौष** पूर्णिमा स्नान के साथ शनिवार से संगम की रेती पर माघ मेला प्रारंभ हो गया। कड़ाके की ठंड के बीच बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा सुबह से ही गंगा और संगम की ओर जाते दिखाई दिए। इस स्नान पर्व के साथ एक माह का कल्पवास भी आज से शुरू हो गया। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि माघ मेले में करीब पांच लाख कल्पवासियों का आज से कल्पवास प्रारंभ हो जाएगा, जिसके तहत वे दिन में दो बार गंगा स्नान और एक पहर भोजन लेते हैं और बाकी समय अपने आराध्य देवता का ध्यान, पूजन आदि करते हैं। पौष पूर्णिमा स्नान पूरा दिन भर चलेगा। मेला प्रशासन के मुताबिक सुबह 10 बजे तक नौ लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। प्रयाग धाम संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि शाम तक 20 लाख के करीब श्रद्धालु पौष पूर्णिमा का स्नान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज शाम चार बजे तक पौष पूर्णिमा स्नान मुहूर्त रहेगा। कल्पवासी आज स्नान करने के बाद अपने पुरोहित से एक माह के कल्पवास का संकल्प लेंगे और उसी के अनुसार यहां मेले में प्रवास करेंगे। प्रयागराज की मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के मुताबिक, पौष पूर्णिमा पर 20 से 30 लाख श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान करने की उम्मीद है। माघ मेले में 10,000 फुट क्षेत्र के 10 स्नान घाट बनाए गए हैं और नौ पांटून पुल बनाए गए हैं। कोलकाता से सपरिवार स्नान करने आईं पूजा झा ने कहा कि माघ मेला में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मध्य प्रदेश के रीवा से लड्डू गोपाल को लेकर आईं शिवानी मिश्रा ने कहा कि वह महाकुंभ में तीन बार स्नान करने आई थीं और माघ मेले में भीड़ कम होने से अच्छे से स्नान हुआ।

दुनिया का नया तख़्ताः तेल, सत्ता और रणनीति

# नया युद्ध बिना घोषणाः वेनेजुएला और बदलती विश्व व्यवस्था

आरके जैन

**3** जनवरी 2026 की सुबह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। वॉशिंगटन से आई एक घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को झकझोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेनाओं ने व्यापक सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। और उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है जहाँ नार्को-टेररिज्म के आरोपों पर ट्रायल होगा। ट्रम्प ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि वेनेजुएला का शासन और संक्रमण प्रक्रिया अब अमेरिका के "नियंत्रण" में होगी। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है जो तेल कीमतों को हिला सकता है और वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश में अमेरिकी प्रभाव की यह सीधी स्थापना रूस, चीन और ईरान के लिए खुला संकेत है। यह संकट केवल ऊर्जा बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को भी चुनौती देगा, जहाँ पेट्रोडॉलर की शक्ति और ब्रिक्स की आकांक्षाएँ आमने-सामने खड़ी हैं। वेनेजुएला का संकट अचानक नहीं, बल्कि वर्षों की विफल नीतियों का परिणाम है। इसकी नींव ह्यूगो शावेज के दौर में पड़ी, जब तेल आधारित समाजवादी मॉडल को समृद्धि का आधार बनाया गया। समय के साथ भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और आर्थिक कुप्रबंधन ने इस व्यवस्था को खोखला कर दिया। 2014 में वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट ने संकट को उजागर किया और देश अतिमुद्रास्फीति, खाद्य कमी व स्वास्थ्य आपदा में डूब गया। परिणामस्वरूप लाखों नागरिकों को पलायन करना पड़ा। सत्ता बचाने के लिए निकोलस मादुरो ने रूस, चीन और क्यूबा का सहारा लिया तथा अमेरिकी प्रतिबंधों को चुनौती दी। इसके जवाब में ट्रम्प प्रशासन ने दबाव बढ़ाया। सितंबर 2025 से कैरिबियन क्षेत्र में तस्करी से जुड़े जहाजों पर हमलों ने तनाव तेज कर दिया। अंततः डेल्टा फोर्स और सीआईए के संयुक्त अभियान में मादुरो गिरफ्तार हुए। ट्रम्प ने इसे "नार्को-आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई" बताते हुए वेनेजुएला को "सुरक्षित संक्रमण" तक ले जाने की बात कही। लेकिन आलोचकों के अनुसार वास्तविक लक्ष्य विशाल तेल भंडारों पर नियंत्रण है, जो लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की वापसी और क्षेत्रीय अस्थिरता का संकेत देता है। इस संकट का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। वेनेजुएला फिलहाल वैश्विक आपूर्ति का लगभग एक प्रतिशत, यानी करीब दस लाख बैरल प्रतिदिन तेल उत्पादन करता है, लेकिन उसके भंडार दुनिया में सबसे बड़े हैं। हमले के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें साठ से इकसठ डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहीं, पर भू-राजनीतिक जोखिम के कारण पाँच से दस डॉलर की बढ़ोतरी की आशंका है। यदि उत्पादन या निर्यात बाधित हुआ—जैसे बंदरगाहों की नाकेबंदी या बीमा अड़चनें—

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेनाओं ने व्यापक सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। और उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है जहाँ नार्को-टेररिज्म के आरोपों पर ट्रायल होगा। ट्रम्प ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि वेनेजुएला का शासन और संक्रमण प्रक्रिया अब अमेरिका के "नियंत्रण" में होगी। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है जो तेल कीमतों को हिला सकता है और वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश में अमेरिकी प्रभाव की यह सीधी स्थापना रूस, चीन और ईरान के लिए खुला संकेत है। यह संकट केवल ऊर्जा बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को भी चुनौती देगा, जहाँ पेट्रोडॉलर की शक्ति और ब्रिक्स की आकांक्षाएँ आमने-सामने खड़ी हैं। वेनेजुएला का संकट अचानक नहीं, बल्कि वर्षों की विफल नीतियों का परिणाम है।



तो भारी कच्चे तेल की कमी से डीजल और परिष्कृत ईंधन महंगे हो सकते हैं। अभी बाजार में आपूर्ति की अधिकता है; अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार लगभग अड़तीस लाख बैरल प्रतिदिन का सरप्लस मौजूद है, इसलिए तत्काल असर सीमित रहा। लेकिन संघर्ष लंबा चला तो तेल अस्सी से सौ डॉलर प्रति बैरल तक जा सकता है, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति तेज होगी। विशेषज्ञ इसे अल्पकालिक झटका और दीर्घकालिक संतुलन परिवर्तन मानते हैं। दीर्घकाल में यह संकट तेल कीमतों पर दबाव भी बना सकता है। यदि अमेरिकी प्रतिबंध हटते हैं और शेवरॉन जैसी कंपनियां निवेश करती हैं, तो वेनेजुएला का उत्पादन दो से तीन मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुँच सकता है। इससे भारी कच्चे तेल की अधिकता होगी और कीमतें पचास से साठ डॉलर के दायरे में सिमट सकती हैं। ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी कंपनियां वेनेजुएला के तेल उद्योग को अत्यधिक लाभकारी बनाएंगी, जिससे पेट्रोडॉलर की पकड़ मजबूत होगी। लेकिन यदि गुरिल्ला प्रतिरोध, आंतरिक विद्रोह या रूस-चीन का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप हुआ, तो उत्पादन में दस लाख बैरल की गिरावट कीमतों को तीस से चालीस डॉलर तक उछाल सकती है। इससे रूस और ईरान जैसी तेल-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरा झटका लगेगा। साथ ही यह ब्रिक्स की डी-डॉलराइजेशन रणनीति को कमजोर कर सकता है, जबकि क्षेत्रीय अस्थिरता शिपिंग लागत बढ़ाकर नई चुनौतियाँ खड़ी करेगी। वेनेजुएला संकट ने वैश्विक कूटनीति में तनाव की नई सीमाएँ खींच दी हैं। रूस और चीन इसे प्रत्यक्ष अमेरिकी हस्तक्षेप मानते हैं। रूस पहले ही सैन्य सहायता दे चुका है, जबकि चीन वेनेजुएला के लगभग अस्सी प्रतिशत तेल निर्यात का आयात करता है। यदि अमेरिका पूर्ण नियंत्रण स्थापित करता है, तो रूस की यूक्रेन युद्ध फंडिंग पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, वहीं ईरान को भी भारी कच्चे तेल के बाजार में नुकसान झेलना पड़ेगा। कुछ विश्लेषक इसे "रिवर्स क्यूबन मिसाइल क्राइसिस" बता रहे हैं, जहाँ रूस या चीन लैटिन अमेरिका में सैन्य ठिकाने बनाने का प्रयास कर सकते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर कोलंबिया, ब्राजील और निकारागुआ जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। यह कदम संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भावना के विरुद्ध माना जा रहा है, जिससे वैश्विक कूटनीति कमजोर हो सकती है। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन इसे "नार्को-टेररिज्म विरोधी कार्रवाई" बताकर वैध ठहराने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव गहरा और बहुपक्षीय होगा। तेल कीमतों में उछाल से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जिसका सीधा असर भारत और चीन जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा। भारी कच्चे तेल के बड़े आयातक भारत को विशेष लागत दबाव झेलना पड़ सकता है। इसके विपरीत, कीमतों में गिरावट अमेरिकी उपभोक्ताओं को राहत दे सकती है और शेयर बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ा सकती है। सुरक्षा दृष्टि से अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपनी पकड़ मजबूत करेगा, लेकिन लैटिन अमेरिका में विरोध और असंतोष भी तेज होगा। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे पेट्रोडॉलर को अस्थायी संबल मिलेगा, जबकि ब्रिक्स देश वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों की ओर और तेजी से बढ़ेंगे। यदि संघर्ष पनामा नहर तक पहुँचा, तो वैश्विक व्यापार को गहरा झटका लगेगा। आगे यह संकट कई राहें अपना सकता है। यदि अमेरिका संक्रमण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संभाल लेता है, तो तेल उत्पादन बढ़ेगा, कीमतें संतुलित रहेंगी और रूस-चीन की रणनीतिक स्थिति कमजोर पड़ेगी। किंतु यदि व्यापक प्रतिरोध उभरा, तो यह इराक या अफगानिस्तान जैसा लंबा और महंगा फंदा बन सकता है। गुरिल्ला संघर्ष, आंतरिक विरोध और अंतरराष्ट्रीय दबाव अमेरिकी संसाधनों पर भारी बोझ डालेंगे। कम संभावना लेकिन उच्च प्रभाव वाले परिदृश्य—जैसे लैटिन अमेरिका में रूसी सैन्य अड्डा—दुनिया को नए शीत युद्ध के द्वार पर ला सकते हैं। ऐसे में भारत जैसे देशों को सतर्क नीति अपनानी होगी, क्योंकि ऊर्जा सुरक्षा आने वाले समय की सबसे बड़ी चुनौती बनने जा रही है। वेनेजुएला का संकट किसी एक राष्ट्र की कहानी नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को झकझोरने वाला तूफान है। तेल बाजारों में यह अस्थिरता के साथ दीर्घकालिक पुनर्संरचना लाएगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका, रूस और चीन के बीच टकराव और तीखा होगा। यह संकट पेट्रोडॉलर को बल दे सकता है, पर डी-डॉलराइजेशन की प्रक्रिया को भी तेज करेगा। इतिहास संभवतः इसे "ट्रम्प कोरोलरी" के रूप में याद रखे—अमेरिकी प्रभुत्व की निर्णायक वापसी। प्रश्न यही है कि क्या यह स्थिरता लाएगा या नए वैश्विक संघर्ष की नींव रखेगा। उत्तर भविष्य में छिपा है, लेकिन दुनिया को इसके लिए तैयार रहना होगा।

देश दुनिया से

# आज की समृद्धि, कल की कीमत : वैश्विक कर्ज का सच

**इक्कीसवीं** सदी के तीसरे दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है, जहां विकास की गति से अधिक तेज़ी से कर्ज का पहिया घूम रहा है। दुनिया का कुल सार्वजनिक कर्ज 100 ट्रिलियन डॉलर की ऐतिहासिक सीमा पार कर चुका है, जो अब वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 94.7 प्रतिशत के बराबर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार यह आंकड़ा 2025 में लगभग 111 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है और यदि मौजूदा प्रवृत्तियां जारी रहीं, तो 2029 तक यह जीडीपी के 100 प्रतिशत को पार कर सकता है (प्रतिकूल स्थिति में 115-123% तक)। यह स्थिति केवल आर्थिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह वैश्विक वित्तीय स्थिरता, सामाजिक संतुलन और राजनीतिक निर्णय क्षमता के लिए एक गंभीर चेतावनी बन चुकी है। कर्ज अब केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि भविष्य की नीतियों पर बोझ बनता जा रहा है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह संकट और भी गहराता दिख रहा है। अमेरिका, यूरोप और जापान जैसे देशों में सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के 110 प्रतिशत के आसपास पहुंच चुका है। अकेले अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 38.5 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, जहां सालाना ब्याज भुगतान लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है यह राशि कई देशों के कुल रक्षा बजट से भी अधिक है। ओईसीडी की रिपोर्ट चेतावनी देती है कि सरकारों का बढ़ता ब्याज व्यय अब शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे उत्पादक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध संसाधनों को निगल रहा है। जब सरकारें कर्ज चुकाने में अधिक धन खर्च करती हैं, तो विकास निवेश स्वाभाविक रूप से सिमट जाता है, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। इस वैश्विक कर्ज संकट की जड़ें हाल के वर्षों की असाधारण घटनाओं में छिपी हैं। कोविड-19 महामारी ने सरकारों को अभूतपूर्व स्तर पर उधार लेने के लिए मजबूर किया। स्वास्थ्य प्रणालियों को संभालने, लॉकडाउन के दौरान अर्थव्यवस्था को जीवित रखने और सामाजिक सहायता योजनाओं को चलाने के लिए ट्रिलियनों डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज जारी किए गए। इसके तुरंत बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा और खाद्य संकट को जन्म दिया, जिससे सब्सिडी और रक्षा खर्च में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। इन दोनों घटनाओं ने राजकोषीय संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि ओईसीडी देशों में ब्याज खर्च जीडीपी का 3.3 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो अब रक्षा व्यय से भी अधिक है। विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति और भी नाजुक है। इन देशों पर कुल कर्ज लगभग 31 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है और वे हर साल करीब 921 अरब डॉलर केवल ब्याज भुगतान में खर्च कर रहे हैं। ऊंची वैश्विक ब्याज दरें और कमजोर आर्थिक वृद्धि इस संकट को और गहरा कर रही हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि कॉर्पोरेट और सरकारी बॉन्ड मिलाकर वैश्विक बॉन्ड बाजार 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का हो चुका है, जिससे रिफाइनेंसिंग जोखिम खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। उभरते बाजारों में विदेशी पूंजी का बहिर्वाह, मुद्रा अवमूल्यन और भुगतान संतुलन संकट की आशंका लगातार बढ़ रही है। आने वाला वर्ष 2026 इस संकट का निर्णायक पड़ाव साबित हो सकता है। अनुमान है कि बढ़ता कर्ज वैश्विक आर्थिक विकास दर को लगभग 3.2 प्रतिशत पर सीमित कर देगा। उभरते बाजारों में करीब 8 ट्रिलियन डॉलर के बॉन्ड रिडेम्प्शन की चुनौती सामने होगी, जिससे कई देशों की मुद्राएं दबाव में आ सकती हैं। अमेरिका में सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के 102 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, जहां ब्याज भुगतान संघीय बजट का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा निगल सकता है। यूरोप में पेंशन और स्वास्थ्य सेवाओं पर कटौती का खतरा मंडरा रहा है, जबकि एशिया में चीन का बढ़ता उधार उसकी विकास गति को सुस्त कर सकता है। आईएमएफ चेतावनी देता है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में वैश्विक कर्ज जीडीपी के 115 प्रतिशत तक जा सकता है, जो एक नई वैश्विक मंदी को जन्म दे सकता है। नकारात्मक परिदृश्य में वैश्विक वित्तीय बाजारों में बड़ा संकट भी संभव है। अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 16 ट्रिलियन डॉलर का रिफाइनेंसिंग संकट विकसित बाजारों को हिला सकता है। यदि निवेशकों का भरोसा डगमगाया, तो शेयर और बॉन्ड बाजारों में भारी गिरावट देखी जा सकती है, जो 2008 की वित्तीय मंदी से भी अधिक गहरी हो सकती है। विकासशील देशों में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक अस्थिरता बढ़ने का खतरा है, जबकि अमीर देशों में आय और संपत्ति की असमानता और तेज हो सकती है। भू-राजनीतिक तनाव पूंजी प्रवाह को बाधित करेंगे, जिससे उधार और महंगा हो जाएगा और संकट का दायरा और फैल जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब कर्ज पर से नियंत्रण फिसलता है, तो उसके झटके केवल अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज और राजनीति की नींव तक को हिला देते हैं। ग्रीस और इटली जैसे देशों के कर्ज संकट ने यह कड़वा सच उजागर किया है कि वित्तीय असंतुलन कैसे वर्षों तक विकास की गति को जकड़े रखता है और नीतिगत विकल्पों को सीमित कर देता है। लेकिन आज का वैश्विक संकट इन उदाहरणों से कहीं अधिक व्यापक और जटिल है, क्योंकि विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अभूतपूर्व स्तर पर आपस में जुड़ चुकी हैं। ऐसे में यदि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं डगमगाती हैं, तो उसकी कीमत छोटे और कमजोर देशों को कहीं अधिक भारी रूप में चुकानी पड़ती है। इस संकट से बाहर निकलने के लिए अब ठोस और साहसिक कदम जरूरी हैं। आईएमएफ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं कर सुधार, व्यय नियंत्रण और कर्ज को जीडीपी के 100 प्रतिशत से नीचे लाने की सलाह दे रही हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी सबसे बड़ी बाधा है। डिजिटल मुद्राएं और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें उधार प्रक्रिया में पारदर्शिता ला सकती हैं, जबकि सस्टेनेबल और ग्रीन बॉन्ड भविष्य के विकास को अधिक जिम्मेदार दिशा दे सकते हैं। विकासशील देशों के लिए ऋण राहत, पुनर्गठन और निवेश प्रवाह बेहद आवश्यक है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह कर्ज संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय संकट का रूप ले सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों पर गहरा प्रभाव छोड़ेगा।

> दुनिया का कुल सार्वजनिक कर्ज 100 ट्रिलियन डॉलर की ऐतिहासिक सीमा पार कर चुका है, जो अब वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 94.7 प्रतिशत के बराबर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार यह आंकड़ा 2025 में लगभग 111 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है और यदि मौजूदा प्रवृत्तियां जारी रहीं, तो 2029 तक यह जीडीपी के 100 प्रतिशत को पार कर सकता है (प्रतिकूल स्थिति में 115-123% तक)। यह स्थिति केवल आर्थिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह वैश्विक वित्तीय स्थिरता, सामाजिक संतुलन और राजनीतिक निर्णय क्षमता के लिए एक गंभीर चेतावनी बन चुकी है। कर्ज अब केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि भविष्य की नीतियों पर बोझ बनता जा रहा है।

आप का नज़रिया

# आस्था कोई भी हो मगर इंसान अच्छा हो

**लगभग** दो दशक पुरानी बात होगी। हमारे समय के एक महत्वपूर्ण संगीतकार खैयाम साहब के साथ कुछ समय बिताने का अवसर मिला था। दूरदर्शन पर एक कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग के बाद लौट रहे थे हम। उस कार्यक्रम में जो वे नहीं कह पाये थे, वही सब बता रहे थे वे। मेरी भूमिका तो सिर्फ श्रोता की थी। अचानक वह बोलते-बोलते रुक गये। कार की खिड़की से दायीं ओर देख रहे थे वे। उनके दोनों हाथ जुड़ गये थे। सिर झुक गया था उनका। मैंने देखा हमारी कार मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के सामने से गुजर रही थी। 'आपके धर्म में तो मूर्तिपूजा मना है,' मैंने अनायास ही जैसे उनसे पूछ लिया। वे मुस्कुराये, 'आदत है,' उन्होंने कहा। और फिर इसके बाद हम हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर बात करने लग गये थे। आज जब मैं यह लिख रहा हूं, अचानक मुझे खैयाम की यह बात याद आ गयी। इसके साथ ही एक और बात भी याद आ रही है। मेरी बेटी कान्वेंट स्कूल में पढ़ी हुई है। स्कूल छोड़े उसे दशकों बीत गये। पर अब भी जब वह अपने बचपन के स्कूल के सामने से गुजरती है तो अनायास उसके हाथ 'क्रॉस' बनाने की मुद्रा में हरकत करने लगते हैं। और अपनी बात करूं– मंदिर, मस्जिद, चर्च या गुरुद्वारे के सामने से गुजरते हुए मेरा सर भी, जैसे अपने आप झुक जाता है। और मैं यह भी जानता हूं कि पूजागृहों के प्रति यह रवैया सिर्फ खैयाम, मेरी बेटी, या मेरा ही नहीं है– हम जैसे न जाने कितने हैं जो ऐसा करते हैं। और यह सब अनायास हो जाता है। लेकिन कैसे? इस सवाल का जवाब तो यही है कि ऐसा करने के लिए किसी ने हमें कहा नहीं। मैंने अपनी बेटी से यह कभी नहीं कहा कि वह ऐसा किया करे। आप चाहें तो इसे संस्कारों का परिणाम कह सकते हैं। यह तो संभव है कि मैंने बेटी से कभी यह कहा हो कि सब धर्म समान होते हैं, पर मुझे याद नहीं पड़ता मैंने कभी उसे समान मानने के लिए भी कहा हो। कम से कम मेरी तरफ से ऐसा कोई दबाव बच्चों पर नहीं डाला गया। मेरे माता-पिता ने भी कभी ऐसा कोई दबाव हम भाई-बहनों पर नहीं डाला। उस दिन सिद्धिविनायक मंदिर के सामने से गुजरते हुए खैयाम साहब का अनजाने में ही सिर झुकाना भी किसी दबाव का परिणाम नहीं था। उन्होंने बताया था कि वे न जाने कब से ऐसा करते आ रहे हैं, और यह भी बताया था उन्होंने कि 'पूजागृह के सामने सिर झुकाता हूं तो ऐसा लगता है जैसे कोई आशीर्वाद का हाथ मेरे सिर पर धरा गया है।' सच है, आशीर्वाद का यह अहसास मंदिर, मस्जिद, चर्च, या गुरुद्वारा, सब देते हैं। और सब धर्मों का आदर करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। सर्व धर्म समभाव की संस्कृति है हमारी। हमारा धर्म, यानी हिंदू धर्म, हमें यह सिखाता है कि चाहे ईश्वर कहें या खुदा, गॉड कहें या एक ओंकार, अलग-अलग रास्ते हो सकते हैं, पर पहुंचते सभी एक ही जगह हैं–पहुंचाते सभी एक ही जगह हैं हमें यह अलग-अलग रास्ते! जैन धर्म का एक सिद्धांत है– अनेकांत वाद। यह विचार हमें समझाता है कि मैं सही हूं, पर तुम भी सही हो सकते हो। इतनी-सी बात यदि हम समझ लेते हैं तो फिर कोई विवाद बचता ही नहीं है। ईश्वर एक है फिर मेरा ईश्वर तुम्हारे ईश्वर से भिन्न या बेहतर कैसे हो सकता है? बस इतनी-सी बात समझने की आवश्यकता है कि हमारा अलग-अलग धर्म का होना एक संयोग मात्र है। मैं किसी एक धर्म में विश्वास करने वाले परिवार में पैदा हुआ इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। मेरे माता-पिता हिंदू थे, इसलिए मैं भी हिंदू हो गया, वे मुसलमान होते तो मैं आरती की जगह नमाज़ पढ़ रहा होता। इस संदर्भ में मेरी कोई भूमिका हो सकती है तो वह यही है कि यदि हिंदू हूं तो अच्छा हिंदू बनूं, मुसलमान हूं तो बेहतर मुसलमान बनूं, ईसाई हूं तो अच्छा ईसाई बनूं। और यह अच्छा होने का मतलब है अच्छा इंसान होना। अच्छा इंसान यानी वह जो अपनी आस्था में पूरा विश्वास रखने के बावजूद दूसरे की आस्था का भी सम्मान करें। यहीं गड़बड़ हो रही है। हम अपनी आस्था की चिंता तो करते हैं पर दूसरे की आस्था को कुछ नहीं समझते। इसी का परिणाम है कि आज पंथ-निरपेक्षता में विश्वास करने वाले हमारे भारत में धर्म के नाम पर आये दिन झगड़े-फसाद होते रहते हैं। हमारा संविधान हर भारतीय को अपनी आस्था के अनुसार धार्मिक क्रिया-कलाप की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। यही नहीं, हमारा संविधान हमें अपनी आस्था अपने धर्म के प्रचार-प्रसार का भी अधिकार देता है। शर्त सिर्फ यह है कि कोई नागरिक अपने अधिकार की सीमाओं को न लांघे। ये सीमाएं भी परिभाषित हैं हमारे संविधान में– सब नागरिक समान हैं, कोई नागरिक किसी दूसरे को अपने धर्म की ओर आकृष्ट करने के लिए किसी प्रकार का लालच अथवा दबाव काम में नहीं ले सकता। पर अक्सर हम अपनी सीमाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं–और इसके लिए दोषी दूसरे को ठहराते हैं।

> हमारे समय के एक महत्वपूर्ण संगीतकार खैयाम साहब के साथ कुछ समय बिताने का अवसर मिला था। दूरदर्शन पर एक कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग के बाद लौट रहे थे हम। उस कार्यक्रम में जो वे नहीं कह पाये थे, वही सब बता रहे थे वे। मेरी भूमिका तो सिर्फ श्रोता की थी। अचानक वह बोलते-बोलते रुक गये। कार की खिड़की से दायीं ओर देख रहे थे वे। उनके दोनों हाथ जुड़ गये थे। सिर झुक गया था उनका। मैंने देखा हमारी कार मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के सामने से गुजर रही थी। 'आपके धर्म में तो मूर्तिपूजा मना है,' मैंने अनायास ही जैसे उनसे पूछ लिया। वे मुस्कुराये, 'आदत है,' उन्होंने कहा। और फिर इसके बाद हम हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर बात करने लग गये थे। आज जब मैं यह लिख रहा हूं, अचानक मुझे खैयाम की यह बात याद आ गयी। इसके साथ ही एक और बात भी याद आ रही है। मेरी बेटी कान्वेंट स्कूल में पढ़ी हुई है। स्कूल छोड़े उसे दशकों बीत गये। पर अब भी जब वह अपने बचपन के स्कूल के सामने से गुजरती है तो अनायास उसके हाथ 'क्रॉस' बनाने की मुद्रा में हरकत करने लगते हैं।

दृष्टि कोण

# अदावत को दोस्ती में बदलने की कूटनीतिक पहल

**जमात** ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान ने भारतीय राजनयिकों के साथ मुलाक़ात की बात मानी है। यह ख़बर जंगल में आग की तरह फैली है। बांग्लादेश स्थित जमात-ए-इस्लामी को भरोसे में लेने की ज़रूरत और भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर का पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा ज़ियि के जनाजे में शामिल होना, ये दो घटनायें सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को असहज किये हुए है। मोहम्मद यूनुस चुनाव तक बांग्लादेश में बतौर 'गेस्ट आर्टिस्ट' हैं, बाद के दिनों में वो राष्ट्रपति बनेंगे, या मार्गदर्शक मंडल में शामिल होंगे? यह सवाल अधर में लटका पड़ा है। रॉयटर्स के साथ एक इंटरव्यू में, जमात अमीर ने कहा कि जब मैं बीमार था, जैसे दूसरे देशों के राजनयिक मुझसे मिलने आए, वैसे ही दो भारतीय राजनयिक भी कुशल-क्षेम के वास्ते मेरे घर आए थे। मैंने उनसे वैसे ही बात की, जैसे दूसरों से की थी। जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान ने कहा, 'भारतीय राजनयिकों ने अनुरोध किया कि इस दौरे को सार्वजनिक न किया जाए। आगे भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय हितों से जुड़ी भविष्य की कोई भी बैठक की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी।' जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने पुष्टि की, कि मैंने अपनी बाईपास सर्जरी के बाद सितम्बर, 2025 की शुरुआत में एक भारतीय राजनयिक से मुलाकात की थी। अब सवाल यह है, कि क्या जमात लीडरशिप बीएनपी नेताओं के सम्बन्ध भारत के साथ सॉफ्ट करने में कोई भूमिका निभा रही है? यह भी एक क़स्मि की 'पोलिटिकल बाईपास सर्जरी' है, जिससे मुहम्मद यूनुस के रणनीतिकार अनजान थे। जमात ने आखिरी बार 2001 और 2006 के बीच बीएनपी के साथ एक जूनियर गठबंधन सहयोगी के रूप में सत्ता संभाली थी, और वह फिर से उसके साथ काम करने के लिए तैयार है। बाहर से यही दिख रहा था कि भारत विरोधी माहौल बनाने में जमात पाकिस्तान के इशारों पर यह सबकुछ कर रहा था, लेकिन अब वो क्यास कथा पलटती दिख रही है। बांग्लादेश में हिन्दू विरोधी माहौल से देश, और देश से बाहर किस-किस को



फायदा मिलता है? इस बारे में डिप्लोमेट तो खुलकर बोलेंगे नहीं, लेकिन यह विश्लेषण का विषय है। बुधवार को, जिस तरह का हुजूम बेग़म ख़ालिदा ज़ियि के जनाजे में दिखा, वो इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एक बार फिर सियासी पारी खेल सकती है। सबका यही अनुमान था कि चुनाव तक बांग्लादेश में जो पार्टियां मैदान में हैं, वो हिन्दुओं को निशाने पर लेते हुए, भारत विरोधी विष वमन करेंगी। लेकिन, किसी ने सोचा नहीं था कि इस बीच बीएनपी की सर्वोच्च नेता ख़ालिदा जिया को सिपुर्द-ए-खाक़ करने की सूरत बन आएगी, और भारतीय विदेशमंत्री शोक और दोस्ती का पैगाम लेकर ढाका जायेंगे। विश्लेषकों ने माना है, कि एस. जयशंकर को ढाका भेजने का फैसला कूटनीतिक परिपक्वता का परिचायक है। एस. जयशंकर ढाका जितने समय थे, उन्होंने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मिलने की ज़हमत नहीं उठाई। इससे साफ़ संदेश जा रहा था, कि भारत सरकार की दिलचस्पी देश के अस्थायी व्यस्थापक में कतई नहीं है। पीएम मोदी अदावत को दोस्ती में बदलने की कला में माहिर राजनेता हैं। उसका एक और उदाहरण बुधवार को देखने को मिल गया। जून, 2015 में बांग्लादेश यात्रा के दौरान, मोदी ने खालिदा ज़िया से मुलाकात की, जो उस समय विपक्ष की नेता थीं। दोनों पक्षों ने बातचीत को सकारात्मक बताया, मोदी ने बाद में इसे एक 'गर्मजोशी भरी मुलाकात' के रूप में याद किया। उसी मुलाक़ात का हवाला मोदी के पत्र में था, जो उनके बेटे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान को अपने विदेशमंत्री के माध्यम से भेजा था।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज मन प्रसन्न रहेगा उदासी दूर रहेगी.आप खुशहाल महसूस करेंगे कार्य में सफलता मिलने से मन हर्षित होगा. घर परिवार के बारे में भी विचार करेंगे और जरूरतो को पूरा करेंगे. परिवार में इज्जत रहेगी. मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. सेहत में उतार–चढ़ाव रहेगा. गृहस्थ जीवन खुशियों से भरा रहेगा. बच्चों का रवैया भी आप के अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य बहतर रहेगा , तंदरुस्ती बरकरार रहेगी ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आय के स्त्रोत बढेंगे रुका हुआ धन वापस आएगा और अचानक कहीं से धन लाभ होगा. जिससे आर्थिक पक्ष में मजबूती आयेगी. आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे. आपको पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी. आपका पढ़ाई में मन लगेगा. साथ ही नये कोर्स को ज्वाइन करने के लिए भी दिन शुभ है. सफलता जरूर मिलेगी. कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ धन लाभ होगा आप कलाप्रेमी है तो आप के गुण और कला की तारीफ होगी ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह**

आज सुबह उठते ही कुछ अच्छी खबर सुनने को मिलेगी एवं आप अपने आपमे बहुत गर्व महसूस करेंगे आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है. आपको ख़ुशी से भरी शादीशुदा जिंदगी की एहमियत का एहसास होगा. आपके बच्चे भी घर में ख़ुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे. बच्चों के साथ आपका दिन मजेदार गुजरेगा.कोई नया टेंशन मत आने देना हैं काम को समझदारी से सुलझाले।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज का दिन जरुर थोड़ा व्यस्तता मे बीतेगा सामाजिक तौर पर नयी चुनौती सामने होगी इसलिए आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ेगा जो दूसरों के लिए प्रेरणा का काम करें.आप एक टीम के रुप मे काम करें चुनौतीया दूर रहेगी एवं विरोधी पस्त होंगे आपको लोगों से सराहना और सहयोग मिलने के संकेत है आपको अपने लोगों से या अपनी टीम से सम्मान मिल सकता है. दाम्पत्य जीवन मजेदार रहेगा एक नयी उर्जा रहेगी

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज का दिनमान आपके लिए उतार–चढ़ाव से भरा रहेगा. खर्चों में एकदम से तेजी आएगी जो शाम तक आपको परेशान कर सकती है लेकिन धैर्य रखने से बात बनेगी. खर्चों पर नियंत्रण रखें. बेवजह की बातों को दिमाग से ना लगाएं. किसी से झगड़ा ना करें. दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा. प्रेम जीवन बिता रहे लोगों को भी राहत की सांस मिलेगी. एक–दूसरे से बातचीत होगी और जो लंबे समय से रुकी हुई बातें थी, वो अब होने लगेंगी. आपका दिल खुश हो जाएगा. काम के सिलसिले में दिनमान अच्छा है.

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. इस राशि के छोटे बच्चे आज पढ़ाई में अधिक रूचि लेंगे. इससे माता–पिता बहुत खुश रहेंगे. जो लोग अविवाहित हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है. विवाह के लिए प्रस्ताव आयेगा. आज पुरे दिन परिवार का माहौल आनन्दमय बना रहेगा. स्वास्थ्य आज पहले से बढ़िया रहेगा. आपकी कोई खास इच्छा आज जरूर पूरी होगी. लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल है.

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा. कार्य में सफलता मिलने से मन हर्षित होगा. घर परिवार के बारे में भी विचार करेंगे और जरूरतों को पूरा करेंगे. परिवार में इज्जत रहेगी. मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. सेहत में उतार–चढ़ाव रहेगा. गृहस्थ जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज सामाजिक और राजनीति गतिविधियों मे समय गुजरेगा आप की जान पहचान भी बढेगी आपको जो आपको सम्मान दिला सकता है. कुछ ऐसे काम जो आपकी इमेज को एक नया रंग दे सकते हैं, उन्हें करने की कोशिश करें. कुछ नया शुरू करने या नई जिम्मेदारी मिलने का दिन है. आपको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष पहचान मिलेगी. आपकी सलाह लोगों के लिए बहुत मददगार हो सकती है.वर्तमान मे बनाए हुए सम्बन्ध भविष्य मे लाभ देंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज दिन कुछ कमजोर गुजरेगा . परिवार में किसी बात को लेकर खींचातानी हो सकती है जिसकी वजह से आप को थोड़ी परेशानी भी होगी लेकिन कोशिश करने से समाधान निकल जाएगा और समस्याएं दूर होंगी. गृहस्थ जीवन खुशनुमा रहेगा. रिश्ते में रोमांस भी रहेगा और एक दूसरे के प्रति आकर्षण की भावना भी बढ़ेगी. प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा. आप अपनी बात कहने में सक्षम होंगे.

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज धार्मिक ग्रंथों का पठन और श्रवण करेंगे मंदिर मे देव प्रतिमा को अपने हाथों से श्रृंगार करेंगे संतान सुख की प्राप्ति होगी. परिवार के सुख–सौभाग्य में वृद्धि होगी. ऑफिस में आज किसी से बहस होने की संभावना है. आपको इससे बचकर रहने की जरूरत है. कोई जरूरी केस का फैसला आपके पक्ष में आयेगा. ऐग्रिकल्चर मे निवेश आपको धन लाभ देगा ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

महनत अच्छा परिणाम देगी शतप्रतिशत फल मिलेगा आय में वृद्धि होगी. जिस काम की आपको उम्मीद थी, आपको उसका परिणाम बहुत अच्छा मिलेगा. आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए. पारिवारिक कलह होगी इसलिए थोड़ा–सा वाणी पर संयम रखें. आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा आपको नवग्रह शान्ति करानी चाहिए।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज ऑफिस मे ओवरटाइम करना पडेगा.जिससे पारिवारिक तनाव बनेगा आप काम के दबाव से परेशान रह सकते हैं. करियर के मामलों में इस बात का विशेष रुप से ध्यान रखें. नकारात्मक लोगों और चीजों से दूर रहें. आप जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय ले सकते हैं गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा सूर्य को रक्त पुष्प और गंध युक्त जल अर्पण करें।

## आज का पंचांग

दिनांक : 05 जनवरी 2026 , सोमवार
विक्रम संवत : 2082
मास : माघ कृष्ण पक्ष
तिथि : द्वितीया प्रात: 09:59 तक
नक्षत्र : पुष्य दोपहर 01:25 तक
योग : विष्कुंभ रात्रि 10:46 तक
करण : गर प्रात: 09:59 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 06:47, सूर्यास्त 05:55 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:43, सूर्यास्त 06:06 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:36 , सूर्यास्त 05:48 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:37 , सूर्यास्त 05:48 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा रात्रि 08:54 से , गण्डमूल दोपहर 01:26 से




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राजस्थान की मिट्टी में निवेश करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति : भजनलाल



**जयपुर, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को केंद्र में रखते हुए नीतियों का निर्माण कर रही है। इसी कड़ी में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी, राजस्थान एआई एमएल पॉलिसी जैसी प्रमुख नीतियां लाई गई है। ये नीतियां राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में हब बनाएगी। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026 में आमंत्रित कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशकों का राजस्थान में विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यहां की अनमोल मिट्टी में निवेश करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति भी होती है। राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में राजस्थान आएं, राज्य सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम सब मिलकर राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के साथ निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनके सुझाव और आवश्यकताओं पर त्वरित कार्य करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने राजीविका की महिलाओं को स्टार्टअप्स से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण हो रहा है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, राजस्थान डेटा सेंटर, राजस्थान एआई एमएल नीतियों के साथ 7 हजार से अधिक आई स्टार्टअप्स का तंत्र प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं का मजबूत नेटवर्क स्थापित कर रहा है।

कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेडिकल साइंस, ग्रीन इन्वेस्टमेंट, स्टार्टअप्स, मेन्युफैक्चरिंग, डेटा, स्किल डवलपमेंट, लॉजिस्टिक्स आदि क्षेत्रों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए।उल्लेखनीय है कि जयपुर के जेईसीसी में 04 जनवरी से तीन दिवसीय राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस डिजिफेस्ट में 10 हजार से अधिक प्रतिभागी, 500 से अधिक निवेशक और 300 प्रदर्शक शामिल हो रहे हैं।

**बाड़मेर–बालोतरा की सीमाओं में बदलाव पर अशोक गहलोत का हमला, बोले–**

# यह सरकार का 'तुगलकी फरमान'



**जयपुर, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाड़मेर और बालोतरा जिलों की प्रशासनिक सीमाओं में किए गए बदलाव को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। गहलोत ने इस फैसले को 'तुगलकी फरमान' बताते हुए कहा कि यह निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से पूरी तरह अतार्किक है और आमजन के हितों के खिलाफ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बायतु को बाड़मेर जिले में तथा गुड़ामालानी और धोरीमन्ना को बालोतरा जिले में शामिल करने का फैसला जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर नहीं लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बदलाव से गुड़ामालानी क्षेत्र के लोगों के लिए जिला मुख्यालय की दूरी कम होने के बजाय और अधिक बढ़ गई है, जो सीधे तौर पर आमजन के साथ अन्याय है।

अशोक गहलोत ने आरोप लगाया कि सीमाओं में यह फेरबदल प्रशासनिक जरूरतों के बजाय आगामी परिसीमन और राजनीतिक समीकरणों को साधने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार जनभावनाओं की अनदेखी कर केवल राजनीतिक लाभ लेने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 7 अगस्त 2023 को बालोतरा को नया जिला घोषित किया गया था। संशोधन के बाद अब बालोतरा जिले में कुल 5 उपखंड, 9 तहसील और 5 उपतहसील होंगी। जिलों के पुनर्गठन के तहत गुड़ामालानी और धोरीमन्ना उपखंड को बालोतरा जिले में शामिल किया गया है, जबकि बायतु उपखंड को बाड़मेर जिले में रखा गया है। वहीं, बायतु उपखंड की दो तहसील–गिड़ा और पाटोदी–को बालोतरा जिले में शामिल किया गया है। 31 दिसंबर को जारी इस संबंध में अधिसूचना शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसके बाद दोनों जिलों में मिली–जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कहीं फैसले को लेकर खुशी देखी गई, तो कहीं लोगों में नाराजगी भी उभरकर सामने आई।

इस आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए अशोक गहलोत ने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाने की मंशा से नए जिलों का गठन किया था। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार जनभावनाओं को दरकिनार कर केवल 'सियासी रोटियां' सेकने में लगी हुई है। हम इस जनविरोधी निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

# सेना दिवस परेड का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय : मुख्य सचिव



**जयपुर, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड–2026 के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को महल रोड, जगतपुरा स्थित आयोजन स्थल का दौरा कर सेना दिवस परेड की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर मैप्स एवं चार्ट के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड का जयपुर में आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इसे राष्ट्रीय स्तर की गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान सरकार सेना दिवस परेड–2026 के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शक दीर्घा एवं मंच व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं तथा आपातकालीन प्रबंधन को लेकर विशेष निर्देश दिए।

# जोधपुर में बढ़ता वायु प्रदूषण बना चिंता का कारण, सेहत पर मंडरा रहा खतरा

**जोधपुर, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** शहर में लगातार बढ़ता वायु प्रदूषण अब गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (टख) स्वास्थ्य की दृष्टि से अनहेल्दी श्रेणी में पहुंच चुका है, जिससे आमजन के साथ–साथ बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार इस स्तर के प्रदूषण में बिना सावधानी के बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, खांसी, एलर्जी और दमा जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। लंबे समय तक इस तरह की हवा में रहने से फेफड़ों और हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। प्रदूषण कम करने के प्रयास तेजवायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने सड़कों पर वॉटर जेट गन से पानी का छिड़काव शुरू किया है। इसका उद्देश्य हवा में उड़ती धूल और प्रदूषक कणों को जमीन पर बैठाना है, ताकि वायु गुणवत्ता में सुधार हो सके।

**जब महिला नेतृत्व संभालती है, तब उद्योग केवल व्यापार नहीं**

# समाज परिवर्तन का माध्यम बन जाता है : दीया कुमारी

**जोधपुर, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** जिला प्रशासन, लघु उद्योग भारती, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2026 के अंतर्गत रविवार को प्रदेश स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री, राजस्थान दीया कुमारी रहीं। उन्होंने सम्मेलन को महिला नेतृत्व, स्वावलंबन और औद्योगिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम बताते हुए कहा कि जब उद्यमिता की कमान महिलाओं के हाथ में होती है, तब अर्थव्यवस्था के साथ–साथ समाज भी सशक्त होता है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जोधपुर की गौरवशाली धरती पर आयोजित इस सम्मेलन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण में लघु, कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण–संरक्षण, स्वदेशी को बढ़ावा और स्थानीय कलाकारों–व्यापारियों को मंच देने वाले ऐसे आयोजनों से टिकाऊ औद्योगिक वातावरण विकसित होता है। उन्होंने महिला उद्यमियों को वित्तीय संस्थाओं से जोड़कर ऋण उपलब्ध कराने, उत्पादों के विपणन, हस्तशिल्प प्रदर्शनियों, संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी–सफलता की गारंटी है।

# हरियाणा में बिगड़ती कानून–व्यवस्था चिंता का विषय: सैलजा

**चंडीगढ़, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा में कानून–व्यवस्था की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। प्रदेश में बढ़ते अपराध, लूटपाट, महिलाओं के खिलाफ जघन्य वारदातें और आम नागरिकों में फैलता भय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य में कानून का शासन कमजोर पड़ चुका है। यह कहना है सिरसा की सांसद, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा का। कुमारी सैलजा ने आज जारी एक बयान में कहा कि हाल ही में करनाल में सर्राफा व्यापारी पर हुए नृशंस हमले और पानीपत में महिला की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, जबकि सरकार हालात पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है।

# हरविन्द्र कल्याण 4 दिवसीय यात्रा के लिए केरल रवाना

**चंडीगढ़, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को 4 दिवसीय केरल यात्रा के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य संसदीय परंपराओं का अध्ययन और विधायी कामकाज की बारीकियां साझा करना है। इस यात्रा के दौरान हरविन्द्र कल्याण केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके बाद वे केरल विधान सभा के अध्यक्ष ए.एन. शमसीर से संसदीय विषयों पर मुलाकात करेंगे। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण केरल विधान सभा का भी अवलोकन करेंगे। केरल रवाना होने से पूर्व विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी यह केरल यात्रा हरियाणा और केरल के संसदीय अनुभवों का साझा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

**पंचकूला, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी, सीलिया फ्लोरेस के अपहरण की कड़ी निंदा करती हैं। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुलेआम उल्लंघन है। क्योंकि यह एक संप्रभु राष्ट्र पर किया गया हमला है। माकपा कार्यकर्ताओं ने पंचकूला के 11/15 के शहीद भगत सिँह चौंक पर प्रदर्शन कर सम्राज्यवादी अमरीका मुर्दाबाद, वेनेजुएला पर हमले बंद करो, राष्ट्रपति मादुरो व उनकी पत्नी क़ो रिहा करो के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों क़ो सम्बोधित करते हुए माकपा जिला सचिव सतीश सेठी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तानाशाही बढ़ती जा रही है। यही नहीं ट्रम्प ने अपने संबोधन में कहा कि वे वेनेजुएला के तेल भंडार पर कब्जा कर लेंगे, जिससे इस हमले के पीछे की असली मंशा साफ हो गई है। यही नहीं अमेरिकी विदेश मंत्री, मार्को रुबियो ने तो एक कदम और आगे बढ़कर चेतावनी दी कि क्यूबा और मैक्सिको उनके अगले निशाने पर होंगे।अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2025 जारी होने के कुछ दिनों बाद आए ये बयान यह साफ करते हैं कि अमेरिकी साम्राज्यवाद पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम करना चाहता है, भले ही इसके लिए सैन्य हमले करने पड़ें।

# नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनने पर भाजपा बनाएगी पंजाब को देश का अग्रणी राज्य : सैनी



**चंडीगढ़, 04 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाकर भारतीय जनता पार्टी पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाएगी। मौजूदा पंजाब सरकार में शामिल लोगों ने झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद लोगों के हित में काम करने की बजाए पंजाब का शोषण किया जा रहा है। पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और वायदा खिलाफी ने बर्बाद कर दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर विकास करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को हरियाणा–पंजाब सीमा के निकट स्थित जिला पटियाला के घनौर की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन युवा विकास शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि एक समय में हरियाणा में भी कहा जाता था कि भारतीय जनता पार्टी का माहौल नहीं है। वर्ष 2014 के बाद ऐसा समय आया, आज वहां लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार है। इसी तर्ज पर पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पंजाब को नशामुक्त बनाने की बात कहकर यहां नशे को बढ़ा दिया है। युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया गया था। हालात ये हैं कि आज चार साल बाद भी आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक भी वायदा पूरा नहीं किया है। इन्होंने वायदा किया था कि महिलाओं को एक हजार रुपये देंगे। आज तक नहीं दिए गए। बुजुर्गों को 2500 रुपये पेंशन देने की बात कही थी, आज तक भी 1500 रुपये दी जाती है, वह भी तीन से चार महीनों देरी से मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने वायदा किया था कि सरकार बनने पर महिलाओं को पांच सौ रुपये में सिलेंडर और 2100 रुपये दिए जाएंगे। सरकार बनते ही हरियाणा में पांच सौ रुपये में सिलेंडर देने की योजना लागू कर दी गई और अब प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देकर वायदा पूरा कर दिया है। हरियाणा में बुजुर्गों को 3200 रुपये पेंशन दी जा रही है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने भर्ती पर रोक लगवा दी थी। इसके बाद उन्होंने युवाओं से वायदा किया था कि वे शपथ बाद में लेंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र पहले देंगे। जैसे ही भाजपा की सरकार आई, शपथ बाद में ली और 25000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर वायदा पूरा किया। हरियाणा में किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन किया गया और उनके 350वें शहीदी साल को मनाते हुए एक माह तक लगातार प्रदेश में कार्यक्रम किए गए। स्कूलों, कॉलेजों में निबंध लेखन, सेमिनार सहित विभिन्न कार्यक्रमों से उनकी शहादत की जानकारी दी गई ताकि आने वाली पीढ़ियों को पता चल सके कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने कितना बड़ा बलिदान दिया था। उनकी शहादत को याद करते हुए 350 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। प्रत्येक शिविर में 350 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। हरियाणा सरकार गुरुओं के बलिदान की गाथा को जन–जन तक पहुंचा रही हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले माह 25 तारीख को कुरुक्षेत्र में पहुंच कर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करते हुए उनकी याद में एक सिक्का, एक डाक टिकट एवं एक कॉफी टेबल बुक जारी की। हरियाणा में विश्वविद्यालयों के नाम गुरुओं के नाम से रखे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब में सांय पांच बजे के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार के दरवाजे बंद हो जाते है। उन्होंने कुछ न देने वाले एक शंख की कहानी सुनाकर आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा और कहा कि इनसे वायदे कितने भी करवा लो, लेकिन करने कराने को कुछ नहीं। जिसका खामियाजा आज पंजाब के लोग भुगत रहे हैं। हंसता खेलता विकसित पंजाब आम आदमी पार्टी की सरकार ने बर्बाद कर दिया है।

हरियाणा सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने गरीबों को प्लाट देने की बात तो कही थी, लेकिन उन्हें न तो कागज दिए और न ही कब्जा। आज ऐसे लोगों को प्लाट व उनका कब्जा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार और पूर्व में सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी बताए, उन्होंने आमजन के लिए क्या किया? फसल खराबे की बात की जाती है, हरियाणा में कांग्रेस ने दस साल के शासन में महज 1138 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया।

# म्युनिसिपल वोटर मैपिंग प्रक्रिया सख्ती से करें : दीपक तिवारी



**आसिफाबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला एडिशनल कलेक्टर दीपक तिवारी ने म्युनिसिपल वोटरों की मैपिंग प्रक्रिया सख्ती से करने के निर्देश दिए। रविवार को उन्होंने एमसी गाफी इंग्लिश मीडियम स्कूल और डीएवी लक्ष्मी पथ सिंघानिया स्कूलों का दौरा कर पोलिंग स्टेशनों की सुविधाओं व डोर-टू-डोर सर्वे का जायजा लिया। तिवारी ने कहा कि इलेक्शन कमीशन की वोटर लिस्ट टीई पोल पोर्टल पर उपलब्ध है। विधानसभा पोलिंग स्टेशनों के अनुसार लिस्ट तैयार होनी चाहिए, जबकि म्युनिसिपल वोटरों को वॉर्डवार मैप किया जाए। मृत एवं स्थानांतरित वोटरों को सूची से हटाने हेतु कमीशन नियमों के तहत नोटिस जारी करें। ड्राफ्ट लिस्ट पर आपत्तियों की जांच कर राजनीतिक दलों के एजेंटों के सहयोग से स्वच्छ सूची बनाएं। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बेल्लमपल्ली में सीपीआई शताब्दी समारोह, जीप परेड व माल्यार्पण




**बेल्लमपल्ली, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के बेल्लमपल्ली में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के शताब्दी समारोह के तहत जीप परेड निकाली गई। नगर सचिव आड़ेपु राजामौली की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह व गुंडा मल्लेश की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। राज्य सचिव कलवेना शंकर व कंट्रोल कमीशन सचिव मिट्टापल्ली वेंकटस्वामी ने भाग लिया।

कलवेना शंकर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 के लोकलुभावन वादे (15 लाख प्रति परिवार, किसान आय दोगुनी) भूलकर उन्होंने जंगल काटे, सार्वजनिक क्षेत्रों को निजीकृत किया व कॉर्पोरेटों को लाभ पहुंचाया। उन्होंने मनरेगा का नाम बदलने को महात्मा गांधी का अपमान बताया। मिट्टापल्ली वेंकटस्वामी ने तेलंगाना आर्म्ड स्ट्रगल का उल्लेख कर कहा कि सीपीआई ने 4500 शहीदों की कुर्बानी से 3000 गांव आजाद किए, 10 लाख एकड़ जमीन बांटी, जिससे लैंड रिफॉर्म्स जैसे सुधार हुए। तीसरे दिन तंदूर से शुरू जत्था जिला सचिव रामदुगु लक्ष्मण, मेकाला दासु व दगम मल्लेश के नेतृत्व में बेल्लमपल्ली पहुंचा। 9 जनवरी तक जिले में भ्रमण कर 10 को रामकृष्णपुर में सभा होगी। 18 जनवरी को खम्मम में शताब्दी समारोह की सफलता की अपील की गई। कार्यक्रम में बोलमपूर्णिमा, चिप्पा नरसैया समेत बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10वीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट नतीजे के लिए कदम उठाएं

**आसिफाबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला एडिशनल कलेक्टर व शिक्षा अधिकारी दीपक तिवारी ने 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में जिले को राज्य में अग्रणी बनाने के निर्देश दिए। रविवार को उन्होंने जनकपुर जिला परिषद हाई स्कूल का दौरा कर रिकॉर्ड व शिक्षण विधियों का जायजा लिया।तिवारी ने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों में बेसिक सुविधाएं, मेन्यूनुसार पौष्टिक



भोजन व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगी तथा छात्रों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा परीक्षा तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं लगेंगी, पिछड़े छात्रों को सरल तरीके से पढ़ाया जाएगा। शिक्षकों को दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु रिकॉर्ड जांचने व अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।बाद में छात्रों ने स्वयं विषय पढ़ाकर अपनी क्षमता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंटिंग वर्कर्स ने की 5 हजार पेंशन और सुविधाओं की मांग



**मंचेरियाल, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला पेंटिंग वर्कर्स एसोसिएशन ने गद्दाम वमसी के हाई-टेक सिटी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। श्रमिक मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बीएन आरकेएस पूर्णकालिक कर्मचारियों के लिए 5,000 रुपये मासिक पेंशन, ईएसआई अस्पताल में आवास, भोजन-शौचालय-चावल शेड जैसी बुनियादी सुविधाएं, दुर्घटना प्रभावितों के तत्काल बीमा दावे व जिले में श्रमिक भवन निर्माण की मांग की गई।

# सावित्रीबाई फुले का जीवन महिला शिक्षिकाओं के लिए प्रेरणा : वैद्य शांतिकुमारी




**कागजनगर, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
टीएसयूटीएफ कोमुराम भीम आसिफाबाद जिला शाखा ने सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती पर महिला शिक्षिका दिवस मनाया। तेलंगाना रिटायर्ड एम्प्लॉयी एसोसिएशन भवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर सरकारी, जिप, मंडल, केजीबीवी, गुरुकुल व जवाहर नवोदय की महिला शिक्षिकाओं को शॉल भेंट सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष कॉमरेड वैद्य शांतिकुमारी ने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई सामाजिक क्रांतिकारी व सुधारक भी थीं। ज्योतिराव फुले के सहयोग से 1848 में पुणे में लड़कियों का पहला स्कूल खोला। उन्होंने महिलाओं के अत्याचार, जातिवाद, बाल विवाह के विरुद्ध संघर्ष किया व कविताओं से जागरूक किया।

शांतिकुमारी ने महिला शिक्षिकाओं से अपील की कि सावित्रीबाई के आदर्श अपनाएं। छात्रों में आत्मविश्वास, समानता व मानवीय मूल्य सिखाएं, लड़कियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें, जेंडर-जाति भेदभाव दूर करें। क्लासरूम को समानता का मंच बनाएं, तकनीक अपनाकर स्वयं विकसित हों व सेवा भाव अपनाएं।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लिसेट्टी प्रीति, सचिव राजकमलकर रेड्डी, वेणी, अरुणा, फणीति महेश समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ता बीआरएस में शामिल



**मदनूर, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्राम पंचायत चुनाव के बाद मदनूर मंडल के हंडे केलूर गांव में कांग्रेस नेता पंढरी ने समर्थकों संग कांग्रेस छोड़ बीआरएस में शामिल हो गए। जुक्कल पूर्व विधायक हणमंत शिंदे के नेतृत्व में यह दल-बदल हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पंचायत चुनाव में पंढरी को कांग्रेस उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव था, लेकिन वर्तमान विधायक तोटा लक्ष्मी कांता राव ने दूसरे व्यक्ति को समर्थन देकर टिकट काट दिया। इससे नाराज पंढरी ने बीआरएस का दामन थामा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए कार्य किया, लेकिन अब पार्टी ने अजनबी को तरजीह दी।

इसके साथ ही कांग्रेस व भाजपा के 40 कार्यकर्ता भी बीआरएस में शामिल हो गए।

## चाइना मांझा बिक्री-उपयोग पर सख्ती

# 4 मामले दर्ज, सामान जब्त



**आसिफाबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला एसपी नितिका पंत ने प्रतिबंधित चाइना (नायलॉन) मांझा की बिक्री-उपयोग पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। हाल विशेष जांच में आसिफाबाद थाने में 3 व कागजनगर में 1 मुकदमा दर्ज।तलाशी में 161 चाइना मांझा रील, 6 पैकेट मांझा, 13 चेरकस व 43,400 रुपये जब्त। एसपी ने चेतावनी दी कि पक्षियों, बच्चों, युवाओं व चालकों को खतरा, गले-हाथ-आंखों पर गंभीर चोट व पर्यावरण हानि होती है।पिछली दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सख्त कार्रवाई व निरंतर निरीक्षण की घोषणा की।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर किनवट नगराध्यक्षा का सत्कार



**किनवट, 4 जनवर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मनसब योग साधना केंद्र ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती पर नवनिर्वाचित नगराध्यक्षा सुजाता विनोद एड्डलवार का सत्कार किया। पिछले 30 वर्षों से निःशुल्क योग सेवा प्रदान कर रहे केंद्र पर आयोजित समारोह में योगगुरु रामदेव बाबा के निकट सहयोगी अखिल खान व परिवार ने यह सम्मान किया।नगराध्यक्षा ने कहा, किनवट मेरा परिवार है। वरिष्ठजनों का आशीर्वाद गौरव की बात है। अखिल खान की माता सारा मनसबखान ने शाल-श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद दिया। अखिल खान ने जनहित में सेव-ारत रहने का आह्वान किया। सुजाता ने शहर विकास के लिए हरसंभव प्रयास का वादा किया।

अय्यपा स्वामी मंदिर अध्यक्ष विलास गुरुस्वामी, युवा नेता करण एड्डलवार, रफीक खान, रोहन एड्डलवार, शाबाना खान, ओम खान, डॉ. श्रुतीताई, निरजाताई समेत अन्य उपस्थित रहे। संचालन व आभार ओम खान ने किया।

# बिना मेडिकल डिग्री के फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार




**आसिफाबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोमुराम भीम आसिफाबाद जिले के कोयावागु गांव में बिना मेडिकल योग्यता के क्लिनिक चला रहे तन्नेरू बिक्षापति (44) को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उस पर भोले-भाले लोगों को ठगने व एक लड़की की मौत का आरोप है।11 नवंबर 2025 को आरोपी ने कोयावागु निवासी मदारवेनी अक्षरा (पिता रवि कुमार) का इलाज किया। सीबीपी व विडाल टेस्ट के बाद हाथ में कैनुला लगाकर ग्लूकोज व उल्टी रोकने हेतु वामीकाइंड इंजेक्शन दिया। स्थिति बिगड़ने पर कागजनगर डायग्नोस्टिक्स रेफर किया, जहां रिपोर्ट में किडनी फेलियर व खून की कमी पाई गई।अक्षरा को हैदराबाद के रेनबो व नीलोफर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 29 दिसंबर 2025 को मौत हो गई। आरोपी सर सिल्क कॉलोनी कागजनगर निवासी है, मधु नर्सिंग होम के अनुभव से स्नेहित फर्स्ट एड सेंटर खोला था। पुलिस जांच जारी है।

# सड़क सुरक्षा माह : जिले भर में जागरूकता अभियान चलाएं



**आसिफाबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सड़क सुरक्षा माह में जिला एसपी नितिका पंत के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चल रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, चौराहे, बस स्टैंड व बाजारों में लोगों को सड़क सुरक्षा सिखाई जा रही है। एसपी ने कहा कि हर जान कीमती है, लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। दुर्घटना में गोल्डन ऑवर का पालन करें, डायल 100 या नजदीकी थाने पर सूचना दें। युवाओं से गति के बजाय जिम्मेदारीपूर्ण ड्राइविंग की अपील की। लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, कहते हुए एसपी ने जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु सभी से सहयोग मांगा।

# पुस्तक में हिंदू देवताओं का अपमान, मंचेरियाल में शिकायत




**मंचेरियाल, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हरियाणा से आए कुछ लोगों द्वारा भगवद्गीता नामक पुस्तक (वास्तव में ज्ञान गंगा नमक अंग्रेजी किताब बांटने पर हिंदू संगठनों ने विरोध जताया। आरोप है कि पुस्तक के पन्नों में हिंदू देवताओं को नीचा दिखाया गया व भ्रामक जानकारी छापी गई। हिंदू संगठन सदस्यों ने पुस्तकें व व्यक्तियों को मंचेरियाल पुलिस को सौंप दिया। शनिवार को थाने में उख प्रमोद राव को हिंदू धर्म का अपमान कर कानूनी कार्रवाई की शिकायत दर्ज कराई।

कार्यक्रम में के. रविंदर, तोटा कार्तिक, जी. रमेश यादव, आर. श्रीनिवास, आर. मल्लेश समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सरपंचों को स्वतंत्रता दें, निर्भय होकर कार्य करें : कांता राव



**मदनूर, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जुक्कल विधानसभा क्षेत्र के विधायक तोटा लक्ष्मी कांता राव ने ग्रामीण सरपंचों को स्वतंत्र रूप से कर्तव्य निभाने की स्वतंत्रता देने पर जोर दिया। रविवार को मदनूर ग्राम पंचायत कार्यालय में नवनिर्वाचित सरपंच उषा संतोष को सम्मानित करते हुए उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कहा।

विधायक ने उपमा दी कि माता-पिता बच्चों को परीक्षा केंद्र तक ले जाएं, लेकिन परीक्षा बच्चे ही दें। इसी तरह सरपंच को बिना हस्तक्षेप के पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होंने सरपंच उषा संतोष को गांव विकास के लिए निर्भय कार्य करने का आह्वान किया। सरपंच ने विधायक को शाल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सायलू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन, प्रज्ञाकुमार समेत बड़ी संख्या कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# आईपीएल से मुस्ताफिजुर के हटाने पर बांग्लादेश सख्त टी20 वर्ल्ड कप के मैच भारत से बाहर कराने की मांग

**ढाका,04 जनवरी (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश ने अगले महीने होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में अपने मैच भारत के बाहर कराने की मांग करने का फैसला किया है। यह फैसला भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) से तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद लिया गया है। बांग्लादेश चाहता है कि उसके सभी वर्ल्ड कप मुकाबले श्रीलंका में कराए जाएं।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नज़रुल ने रविवार को सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के हवाले से कहा, हम बांग्लादेशी क्रिकेट, क्रिकेटरों और देश का किसी भी तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। गुलामी के दिन खत्म हो चुके हैं।

शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया था। बताया गया कि भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़े तनाव के मद्देनज़र भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया।

आसिफ नज़रुल ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) को पत्र लिखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, जब किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को अनुबंध के बावजूद भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जाती, तो पूरी बांग्लादेशी टीम भारत में वर्ल्ड कप खेलने को सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती।

नज़रुल ने यह भी निर्देश दिया है कि आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया जाए कि बांग्लादेश के सभी टी20 वर्ल्ड कप मैच श्रीलंका में कराए जाएं।

टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होना है, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। बांग्लादेश के चारों ग्रुप मैच फिलहाल भारत में तय हैं। इससे पहले एक समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा, ताकि भारत और पाकिस्तान बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर खेल सकें।

गौरतलब है कि साल 2024 में ढाका में हुए जनआंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने से भारत-बांग्लादेश के राजनीतिक रिश्तों में खटास आई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार हो रही शत्रुता की निंदा की थी, जबकि बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने भारत पर हिंसा के पैमाने को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डेविड वार्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की ओर से खेली शतकीय बारी

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर डेविड वार्नर इस समय बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए खेल रहे हैं। बीबीएल 2025-26 के 21वें मैच में सिडनी थंडर्स का मुकाबला होबार्ट हरिकेंस के साथ हुआ। इस मैच में वार्नर ने सिडनी के लिए रिकार्ड शतकीय पारी खेली। सिडनी के लिए वार्नर ने मैच में नाबाद 130 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले वार्नर ने बीबीएल में आखिरी बार 2011 में शतक लगाया था। इस तरह उन्होंने बीबीएल में 14 साल के सूखे को खत्म किया। इस शतकीय पारी के साथ ही वार्नर ने टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के एक बड़े रिकार्ड की भी बराबरी कर ली। टी20 फार्मेट में वार्नर का ये 9वां शतक था। वार्नर ने अपनी 428वीं पारी में ये कारनामा किया, जबकि कोहली ने 397वीं पारी में 9वीं टी20 सेंचुरी लगाई थी। टी20 में क्रिस गेल 22 सेंचुरी के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम 11 टी20 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ डेविड वार्नर ने शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम को जीत नहीं मिल सकी। मुकाबले में सिडनी की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी थी। बैटिंग में टीम की शुरुआत खराब हुई और उसने बिना कोई रन बनाए अपने 2 विकेट गंवा दिए, फिर वार्नर ने अकेले मोर्चा संभालाते हुए निक मेडिसन, सैम बिलिंग्स और डेनियल सम्स के साथ मिलकर स्कोर को 20 ओवर के खेल में 4 विकेट के नुकसान पर 204 रन तक पहुंचाया। सिडनी के इस स्कोर के जवाब में होबार्ट की शुरुआत बहुत ही शानदार रही थी। पारी की शुरुआत करने आए टिम वार्ड और मिचेल ओवेन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रनों की पार्टनरशिप की।



### पीडब्ल्यूएल नीलामी में महिला पहलवानों का दबदबा, युई सुसाकी पर रिकार्ड बोली

**नई दिल्ली।** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 की खिलाड़ी नीलामी में महिला पहलवानों ने जबरदस्त छाप छोड़ी। इस नीलामी की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं जापान की स्टार पहलवान और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युई सुसाकी, जिन्हें हरियाणा थंडर्स ने रिकार्ड 60 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। यह अब तक की पीडब्ल्यूएल नीलामी में किसी महिला पहलवान के लिए सबसे बड़ी राशि है। महिलाओं की 53 किग्रा भार वर्ग में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भारत की अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने 52 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, महिलाओं की 62 किग्रा श्रेणी में प्यूर्टो रिको की एना गोडिनेज को पंजाब रायल्स ने 46 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इसके अलावा दिल्ली दंगल वारियर्स ने महिलाओं की 76 किग्रा श्रेणी में अजरबैजान की अनास्तासिया अलपायेवा को 27 लाख रुपये में खरीदा। नीलामी में कैटेगरी ए+ (मार्की) के सभी पहलवानों की बेस प्राइस 18 लाख रुपये रखी गई थी, लेकिन कई खिलाड़ियों पर बोली इससे कहीं अधिक गई। पुरुष वर्ग में भी बड़े सौदे देखने को मिले, जहां पोलैंड के राबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को टाइगर्स आफ मुंबई दंगल ने 51 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया। दिल्ली दंगल वारियर्स ने अजरबैजान के तुरान बायरामोव को जोड़ा, जबकि यूपी डोमिनेटर्स ने मिखाइलोव वासिल और आर्मन आंद्रेएस्यान को टीम में शामिल कर अपनी मजबूती बढ़ाई।

### प्रोफेशनल रेसलिंग लीग ने पांचवें सीजन से पहले फ्रेंचाइजी और स्वामित्व संरचना की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से मान्यता प्राप्त फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल) ने अपने आगामी पांचवें सीजन के लिए छह फ्रेंचाइजियों और उनकी स्वामित्व संरचना की औपचारिक घोषणा कर दी है। यह लीग जनवरी 2026 में एक नए स्वरूप और मजबूत ढांचे के साथ वापसी करने जा रही है। घोषित फ्रेंचाइजियों में दिल्ली डेंगल वारियर्स (ईज़माईट्रिप), हरियाणा थंडर्स (विकास परासरमपुरिया), टाइगर्स आफ मुंबई डेंगल्स (एस्पेक्ट ग्रुप एवं एपको ग्रुप), महाराष्ट्र केसरी (संराज ग्रुप), पंजाब रायल्स (सीडीआर ग्रुप) और यूपी डामिनेटर्स (रूबिक्स रियल्टी) शामिल हैं। ये टीमें देश के उन राज्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां कुश्ती की मजबूत परंपरा और प्रतिभा का समृद्ध आधार मौजूद है। पीडब्लूएल के सीईओ अखिल गुप्ता ने कहा कि पांचवां सीजन लीग के विकास में एक अहम पड़ाव साबित होगा। मजबूत और विविध स्वामित्व समूहों के साथ लीग पेशेवरता, संरचित खिलाड़ी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनका मानना है कि यह ढांचा भारतीय कुश्ती को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पीछे अनुभवी कारोबारी समूह और उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियां जुड़ी हैं, जो खेल प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, तकनीक और जमीनी स्तर के विकास में विशेषज्ञता रखती हैं। इससे लीग को न केवल व्यावसायिक मजबूती मिलेगी, बल्कि एथलीट-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित होगा।

# अभी रोहित और विराट को खेलते हुए देखना चाहते हैं इरफान पठान

**नई दिल्ली,04 जनवरी (एजेंसियां)।**

**भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि वह रोहित शर्मा और विराट कोहली को अभी खेलते हुए देखना चाहते हैं। वहीं पठान ने रोहित और कोहली के पुरुष विश्व कप 2027 में खेलने की संभावनाओं को लेकर कहा, आप निश्चित रूप से 2027 एकदिवसीय विश्वकप कप के बारे में उनको खेलते देखना चाहेंगे हालांकि अभी इसमें काफी समय है। इसलिए अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता है पर जहां तक मेरी बात है मैं बस रोहित और कोहली दोनों को लंबे समय तक भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलते हुए देखना चाहता हूं। साथ ही कहा कि अभी ये दोनो ही केवल एक प्रारुप में खेल रहे हैं। इसलिए वे जितना ज़्यादा खेलेंगे, उतना ही उनके लिए अच्छा रहेगा।**

वहीं पठान ने एकदिवसीय टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की भी प्रशंसा करते हुए कहा, जब मुझे पहली बार 19 साल की उम्र में चुना गया था, तो द्रविड़ ने कहा था, इरफान, यह अच्छी बात है कि तुम इस लेवल तक पहुंच गए हो, लेकिन अब चीजें और कठिन होंगी। जब मैंने उनसे पूछा कि अगर चीजें मुश्किल हो जाएं तो मुझे क्या करना चाहिए उन्होंने जवाब दिया, तुम्हें इसे संभालना आ जाएगा और ऐसा ही कुछ शुभमन गिल के साथ भी होगा। इंग्लैंड दौरे पर शुभमन के साथ एक अच्छी बात यह हुई कि उनका टेस्ट एवरेज बेहतर हुआ और टीम पर उनका दबदबा भी बढ़ा। अब वनडे में भी उन पर जिम्मेदारी है और यह उनके लिए आगे बढ़ने का एक बड़ा मौका है। वहीं शुभमन की तुलना विराट कोहली से किए जाने पर पठान ने कहा,वह बहुत प्रतिभाशाली है इसलिए तुलना होगी ही।



### कमिंस-हेजलवुड अपनी चोटों के कारण उबरे नहीं, टी20 वर्ल्ड कप तक हो जाएंगे फिट

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जार्ज बेली ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की उपलब्धता पर अहम जानकारी दी है। दोनों तेज गेंदबाज अभी अपनी चोटों से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और इस समय रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऐसे में फिलहाल यह तय नहीं है कि वे टूर्नामेंट में खेलेंगे या नहीं। बेली के मुताबिक पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के पाकिस्तान के खिलाफ संभावित तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में खेलने की संभावना कम है, जो टी20 वर्ल्ड कप से पहले जनवरी में हो सकती है। हेजलवुड इस समय एचिलीज़ इंजरी से जूझ रहे हैं, जबकि कमिंस लंबर स्ट्रेस इंजरी से उबर रहे हैं। बेली को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप तक फिट हो जाएंगे। मुख्य चयनकर्ता बेली ने कहा कि कमिंस की वापसी थोड़ी देर से हो सकती है और उनका मामला 50 ओवर वर्ल्ड कप में ट्रेविस हेड की वापसी जैसा हो सकता है, जहां टूर्नामेंट के बीच में टीम से जुड़ने का विकल्प रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम उस समय तक संतुलित स्क्वाड के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड भी फिलहाल पूरी तरह फिट नहीं हैं। हैमस्ट्रिंग चोट के चलते वह मौजूदा बिग बैश लीग से बाहर हैं। टी20 वर्ल्ड कप में उनका खेलना भी फिटनेस टेस्ट पास करने पर ही निर्भर करेगा। अगर कमिंस, हेजलवुड या डेविड में से कोई भी टूर्नामेंट नहीं खेलता है, तो यह आस्ट्रेलियाई के लिए बड़ा झटका होगा। आस्ट्रेलिया ने पहले ही टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान मिचेल मार्श के पास है। आस्ट्रेलियाई टीम रिकार्ड तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। टी20 वर्ल्ड कप 2026 टीम : मिचेल मार्श (कप्तान), ज़ेवियर बार्टलेट, कूपर कानाली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमान, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शार्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम ज़म्पा शामिल हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश की टीम में तस्कीन की वापसी जाकेर को नहीं मिली जगह



**ढाका,04 जनवरी (एजेंसियां)।**

**बांग्लादेश ने भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की टी20 प्रारूप में वापसी हुई है, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जाकेर अली को टीम में जगह नहीं मिल सकी है।**

तस्कीन अहमद हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर थे और इस दौरान उन्होंने शारजाह वारियर्ज़ के लिए खेला था। अब उन्हें सीधे वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है।

टीम की कमान शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लिटन कुमार दास को सौंपी गई है, जबकि सैफ हसन को उपकप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने जाकेर अली के अलावा महिदुल इस्लाम अंकान को भी बाहर रखा है। इसके साथ ही शानदार फार्म में चल रहे नजमुल हुसैन शांतो को भी टीम में जगह नहीं मिली। बांग्लादेश को ग्रुप सी में रखा गया है, जहां उसका सामना वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, नेपाल और डेब्यू कर रही इटली से होगा। बांग्लादेश अपना अभियान 7 फरवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू करेगा। इसके बाद 9 फरवरी को इटली, 14 फरवरी को इंग्लैंड (दोनों मैच कोलकाता में) और 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से मुकाबला होगा।

#### बांग्लादेश की टी20 वर्ल्ड कप टीम

लिटन कुमार दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उपकप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहान, माहेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, एमडी शाइफुद्दीन, शोरिफुल इस्लाम।

## राष्ट्रीय शालेय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता आज से



**भोपाल/इंदौर।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 5 जनवरी से 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दोपहर 2 बजे इस गरिमामय स्पर्धा का विधिवत उद्घाटन करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 9 जनवरी तक चलेगी। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मालती राय सहित स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहेंगे। इस पाँच दिवसीय राष्ट्रीय स्पर्धा में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली स्तर पर उभरते हुए निशानेबाजों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न श्रेणियों में सधी हुई निशानेबाजी के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# प्रीमियर लीग 2025-26 : बार्नमाउथ पर रोमांचक जीत के साथ आर्सेनल ने खिताबी दौड़ में बढ़त मजबूत की

**बार्नमाउथ,04 जनवरी (एजेंसियां)।**

डेक्लान राइस के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने खराब शुरुआत से उबरते हुए शनिवार को बार्नमाउथ को उसके घरेलू मैदान पर 3-2 से मात दी और प्रीमियर लीग तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त छह अंकों तक बढ़ा ली। चोट के कारण एस्टन विला के खिलाफ 4-1 की हार वाला मैच मिस करने के बाद वापसी कर रहे राइस ने दूसरे हाफ की शुरुआत में डोर्डे पेट्रोविच को छकाते हुए गोल कर आर्सेनल को बढ़त दिलाई। इसके बाद सब्स्टीट्यूट बुकायो साका के शानदार सेट-अप पर उन्होंने अपना दूसरा गोल दागा। हालांकि मुकाबले की शुरुआत आर्सेनल के लिए अच्छी नहीं रही। 10वें मिनट में डिफेंडर गैब्रियल की दुर्लभ गलती का बार्नमाउथ ने पूरा फायदा उठाया, जब उनकी गलत पास पर इवानिल्सन ने आसानी से गोल कर मेज़बान टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन गैब्रियल ने छह मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर अपनी गलती सुधार ली। राइस के दो गोल के बाद आर्सेनल मैच पर पकड़ बनाता दिख रहा था, लेकिन सब्स्टीट्यूट जूनियर क्रूपी ने डेविड राया को छकाते हुए गोल कर मुकाबले को फिर रोमांचक बना दिया।



इसके बावजूद मिकेल आर्टेटा की टीम ने दबाव झेलते हुए लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आर्सेनल के 20 मैचों में 48 अंक हो गए हैं। एस्टन विला 42 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि एक मैच कम खेल चुका मैनचेस्टर सिटी 41 अंकों पर है। सिटी रविवार को चेल्सी के खिलाफ जीत के साथ अंतर चार अंकों तक कम करने की कोशिश करेगा। मैच में राइस का प्रदर्शन निर्णायक रहा। घुटने की चोट से उबरकर लौटे राइस ने मिडफील्ड में शानदार नियंत्रण दिखाया और 1 नवंबर के बाद अपने पहले लीग गोल किए। उनका पहला गोल कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड के पास पर बाक्स के बाहर से सटीक शाट के जरिए आया। आर्सेनल की बेंच स्ट्रेंथ भी देखने लायक रही। आर्टेटा ने अंतिम 20 मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड, गैब्रियल जीसस और साका को मैदान में उतारा और साका की मौजूदगी ने ही राइस के दूसरे गोल की नींव रखी।

# एशेज: बारिश से बाधित सिडनी टेस्ट के पहले दिन रूट-ब्रूक की शानदार साझेदारी से इंग्लैंड संभला

**सिडनी,04 जनवरी (एजेंसियां)।**

**सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे एशेज सीरीज के आखिरी टेस्ट के पहले दिन बारिश और खराब रोशनी का असर रहा, लेकिन इसके बावजूद जो रूट और हैरी ब्रूक की नाबाद साझेदारी ने इंग्लैंड को मुश्किल से उबार लिया। इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 211 रन बना लिए।**

बारिश से प्रभावित दिन में सिर्फ 45 ओवर का ही खेल संभव हो सका। इंग्लैंड की शुरुआत लड़खड़ाती रही और टीम ने 57 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद चौथे विकेट के लिए जो रूट और हैरी ब्रूक ने 154 रनों की अटूट साझेदारी कर पारी को मजबूती दी।



टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने लंच तक 3 विकेट पर 114 रन बना लिए थे। शुरुआती आधे घंटे में बेन डकेट ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए पांच चौके लगाए, लेकिन स्टार्क ने ही उन्हें आफ स्टंप के बाहर गेंद पर छेड़छाड़ के लिए मजबूर कर स्लिप में कैच करा दिया।

इसके बाद ड्रिंक्स ब्रेक के आसपास विकेटों की झड़ी लग गई। जैक क्राली को माइकल नेसर की तेज अंदर आती गेंद ने एलबीडब्ल्यू कर दिया, जबकि जैकब बेथेल जल्द ही स्काट बोलैंड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा बैठे।

यहां से जो रूट और हैरी ब्रुक ने पारी को संभालते हुए धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को हल्की मूवमेंट तो मिली, लेकिन वे लगातार सटीक लाइन-लेंथ नहीं रख सके। रूट ने देर से खेलते हुए साफ्ट हाथों का इस्तेमाल किया, वहीं ब्रुक ने संयम के साथ बीच-बीच में आकर्षक शाट्स लगाए, जिनमें कैमरन ग्रीन के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर ड्राइव खास रहा।

खराब रोशनी के कारण चाय जल्दी लेनी पड़ी, लेकिन तब तक रूट-ब्रुक की जोड़ी आस्ट्रेलिया पर पूरी तरह हावी हो चुकी थी। पिच से सीमर्स को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी रणनीतियों को आत्मविश्वास के साथ खेला। जो रूट ने बेहद सहज अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हैरी ब्रुक ने भी आक्रामक शाट्स के साथ फिफ्टी जमाई। ब्रुक की पारी में कुछ जोखिम भरे पल भी आए—एक टाप एज पुल शाट सुरक्षित गिर गया और कुछ जोरदार कट शाट विकेटकीपर से दूर निकल गए—लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। रूट इसके उलट बेहद सधे हुए नजर आए और शायद ही कोई गलती की। आस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों में बदलाव किया और शार्ट बाल रणनीति भी अपनाई, लेकिन मिचेल स्टार्क के अलावा कोई गेंदबाज लगातार दबाव नहीं बना सका। दिन के अंत में बादल छा गए, रोशनी और खराब हुई और बारिश शुरू हो गई। अंपायरों ने लाइट मीटर का इस्तेमाल किया, दर्शकों की हूटिंग के बीच खेल रोक दिया गया और अंततः एक घंटे पहले ही स्टंप्स घोषित कर दिए गए।

**संक्षिप्त स्कोर:**
इंग्लैंड 211/3
हैरी ब्रुक 78*, जो रूट 72*
माइकल नेसर 1/36
बनाम आस्ट्रेलिया।




# ज़ोमैटो के फाउंडर ने बताया.........10 मिनट डिलीवरी मॉडल का पूरा सच

**मुंबई,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

31 दिसंबर को गिग वर्कर यूनियनों द्वारा हड़ताल की घोषणा के बाद अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी को लेकर बहस फिर से सुर्खियों में है। हालांकि नए साल की शाम को ज़ोमैटो और ब्लिंकिट जैसे प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी सेवाओं पर ज़्यादा असर नहीं हुआ। लेकिन क्या 10 मिनट की डिलीवरी मॉडल राइडर्स पर दबाव डालते हैं, इस बारे में सवाल सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गए। इस पर जवाब देकर ज़ोमैटो के फाउंडर और सीईओ दीपेंद्र गोयल ने बताया कि 10 मिनट की डिलीवरी का वादा कैसे काम करता है और उनके अनुसार, यह डिलीवरी पार्टनर की सुरक्षा से समझौता क्यों नहीं करता है।

गोयल ने कहा कि डिलीवरी की स्पीड इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करती है, न कि राइडर्स पर दबाव बनाती है। उन्होंने लिखा, हमारा 10 मिनट की डिलीवरी का वादा आपके घरों के आसपास स्टोर की दूरी के कारण संभव है। यह डिलीवरी पार्टनर्स को तेज गाड़ी चलाने को कहकर संभव नहीं होता है। उन्होंने कहा कि डिलीवरी पार्टनर्स को अपने एप पर वादा किया गया डिलीवरी टाइम भी नहीं दिखता है। इस प्रक्रिया को बताकर लिखा, जब आप ब्लिंकिट पर अपना ऑर्डर देते हैं, तब उस सामना को 2.5 मिनट के अंदर पिक और पैक किया जाता है। और फिर राइडर लगभग 8 मिनट में औसतन 2 किमी से कम दूरी तय करता है। यह औसतन 15 किमी प्रति घंटा है।

कर्मचारियों की सुरक्षा पर गोयल ने कहा कि सभी डिलीवरी पार्टनर्स का बीमा है। राइडर्स के लिए हेल्थकेयर सपोर्ट के बारे में उन्होंने लिखा, हां, सभी के पास मेडिकल और लाइफ इंश्योरेंस है। उन्होंने देरी पर लगने वाली पेनल्टी को लेकर भी चिंताओं पर बात की, और कहा, 'अगर वे समय पर डिलीवरी नहीं करते हैं, तब कुछ नहीं होता। हम समझते हैं कि कई बार चीजें गलत हो जाती हैं।'

क्या डिलीवरी के काम में लंबे समय तक करियर ग्रोथ मिलती है, इसपर गोयल ने कहा कि गिग वर्क को परमानेंट नौकरी के लिए डिज़ाइन नहीं किया गया है। 'बिना स्किल वाली नौकरी में करियर में आगे बढ़ना यह किसी के लिए भी परमानेंट नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि ज़्यादातर लोग डिलीवरी का काम कुछ समय के लिए करते हैं। ज़्यादातर लोग यह काम साल में कुछ महीनों के लिए करते हैं और फिर कुछ ज़्यादा परमानेंट काम करने लगते हैं।

सीईओ गोयल ने माना कि गिग वर्क को लेकर लोगों की सोच अक्सर नकारात्मक होती है। उन्होंने लिखा अगर मैं सिस्टम से बाहर होता, तब मैं भी मानता कि गिग वर्कर्स का शोषण हो रहा है, लेकिन यह सच नहीं है। उन्होंने कस्टमर्स को डिलीवरी पार्टनर्स से सीधे बात करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे समझ सकें कि कई लोग प्लेटफॉर्म पर काम क्यों चुनते हैं। लेकिन उन्होंने माना कि सुधार की गुंजाइश है। 'कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता। ये टिप्पणियां गिग वर्कर यूनियनों द्वारा 25 और 31 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान करने के कुछ दिनों बाद आई हैं, जिसमें बेहतर वेतन, सोशल सिक्योरिटी और सुरक्षित काम करने की स्थितियों की मांग की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का आईपीओ 9 जनवरी से खुलेगा



**मुंबई।** नए साल 2026 की शुरुआत में शेयर बाजार में पहली मेनबोर्ड एंट्री भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की होने जा रही है। कोल इंडिया की सब्सिडियरी और मिनी रत्न सरकारी कंपनी बीसीसीएल ने 9 जनवरी 2026 से अपना आईपीओ लाने का ऐलान किया है। कंपनी ने 2 जनवरी को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसमें प्रमोटर कोल इंडिया अपने 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। इस इश्यू से कंपनी को कोई नई पूंजी नहीं मिलेगी और पूरा पैसा कोल इंडिया को जाएगा। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 13 रुपए प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं। कर्मचारियों के लिए 2.32 करोड़ और मौजूदा शेयरधारकों के लिए 4.65 करोड़ शेयर आरक्षित हैं। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू 8 जनवरी को खुलेगा, जबकि रिटेल निवेशक 9 से 13 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। शेयरों की लिस्टिंग 16 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर होने की उम्मीद है। 1972 में स्थापित बीसीसीएल देश की सबसे बड़ी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी है। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1,240 करोड़ रुपये रहा। मजबूत बाजार स्थिति और कोकिंग कोल की लगातार मांग इस आईपीओ को निवेशकों के लिए अहम बना सकती है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर, एक छोटी घटना से आ सकता है बड़ा संकटः कियोसाकी



**नई दिल्ली।** मशहूर किताब रिच डैड पुअर डैड के लेखक और फाइनेंशियल एडवायजर रॉबर्ट कियोसाकी ने नए साल की शुरुआत में वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने हाल ही में अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें सबसे पहले अपने फॉलोअर्स का धन्यवाद किया, लेकिन इसके बाद दुनिया की आर्थिक हालत पर गंभीर टिप्पणी की। कियोसाकी ने लिखा कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था कमजोर नींव पर खड़ी है और खास तौर पर चीन की स्थिति सबसे ज्यादा नाजुक दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि मौजूदा हालात इतने संवेदनशील हैं कि कोई भी छोटी-सी अप्रत्याशित घटना बाजारों में बड़ा उलटफेर ला सकती है। उन्होंने इसकी तुलना 1914 की उस घटना से की, जिसने पहले विश्व युद्ध को जन्म दिया था। हालांकि कियोसाकी बीते कई वर्षों से आर्थिक संकट को लेकर चेतावनी देते रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि हर संकट सबके लिए एक जैसा नहीं होता। उनके अनुसार, ऐसे दौर में अधिकांश लोग आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं, जबकि समझदार और तैयार निवेशक सस्ते दामों पर संपत्ति खरीदकर अमीर बन सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### राज्य में...

**रियल एस्टेट:** पिछले दो महीनों में रियल एस्टेट क्षेत्र में उछाल आने से पंजीकरण राजस्व में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

**माइनिंग (खनन):** खनन क्षेत्र में लीकेज और चोरी रोकने के सख्त कदमों के कारण राजस्व में 22 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गई है।

**आबकारी विभाग:** पिछले नौ महीनों से आबकारी विभाग से होने वाली आय भी स्थिर बनी हुई है।

आगामी बजट की रणनीति और केंद्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन

सरकार आगामी बजट में जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों में कटौती करने की योजना बना रही है। फर्जी कर्मचारियों की छंटनी से होने वाली बचत को विकास कार्यों में लगाया जाएगा। इसके साथ ही, राज्य सरकार केंद्रीय बजट के आवंटन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय योजनाओं को तेलंगाना में पूर्ण रूप से लागू करने के लिए विस्तृत खाका तैयार कर रही है। रियल एस्टेट और माइनिंग से होने वाली अतिरिक्त आय राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 40 साल का हुआ सेंसेक्स : रिटर्न के मामले में बैंक एफडी से कई गुना बेहतर

**मुंबई,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

एशिया के सबसे पुराने स्टॉक एक्सचेंजों में शामिल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 40 साल का हो गया है। 1 जनवरी 1986 को लांच हुआ सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत और पूंजी बाजार की मजबूती का सबसे बड़ा पैमाना बन चुका है।




सेंसेक्स की शुरुआत करीब 549-570 अंकों से हुई थी और हाल के वर्षों में यह 86,000 के स्तर को भी छू चुका है। बीते चार दशकों में सेंसेक्स ने करीब 15,594 प्रतिशत का एब्सोल्यूट रिटर्न दिया है। कुल रिटर्न के आधार पर यह लगभग 15 प्रतिशत सीएजीआर के बराबर है, जबकि सिर्फ प्राइस रिटर्न 13-14 प्रतिशत के आसपास रहा है। इसका मतलब यह है कि अगर किसी निवेशक ने 40 साल पहले सेंसेक्स में 10,000 रुपये लगाए होते, तब उनकी वैल्यू बढ़कर करीब 15.7 लाख रुपये हो जाती। रिटर्न के इस सफर में सेंसेक्स ने सुरक्षित मानी जाने वाली बैंक एफडी को भी साफ तौर पर पीछे छोड़ दिया है।

इस मौके पर सेबी के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने कहा कि जब सेंसेक्स की परिकल्पना की गई थी, तब भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक बंद थी और बाजार में भागीदारी सीमित व मैनुअल थी। इसके बावजूद सेंसेक्स का आइडिया दूरदर्शी साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों में सेंसेक्स एक मजबूत मार्केट इंडिकेटर के रूप में उभरा है, जो भारत के आर्थिक बदलाव और कैपिटल मार्केट की बढ़ती मैच्योरिटी को दर्शाता है। सेंसेक्स में बीएसई पर लिस्टेड 30 बड़ी कंपनियां शामिल होती हैं, जो अलग-अलग सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। यह इंडेक्स शुरुआत से ही मार्केट-कैप-वेटेड मेथोडोलॉजी पर आधारित रहा है। 1 सितंबर 2003 से इस फ्री-फ्लोट मार्केट कैप के आधार पर कैलकुलेट किया जाने लगा, जो दुनिया भर में इंडेक्स निर्माण की सबसे प्रचलित पद्धति है। सेंसेक्स भारत के सबसे ज्यादा ट्रैक किए जाने वाले बेंचमार्क्स में शामिल है। इस पर आधारित 20 से अधिक ईटीएफ और इंडेक्स फंड करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति मैनेज करते हैं। साथ ही, सेंसेक्स से जुड़े इंडेक्स ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट दुनिया के सबसे एक्टिव डेरिवेटिव्स में गिने जाते हैं, जो भारतीय बाजार की बढ़ती गहराई और निवेशकों के भरोसे को दर्शाते हैं।

### एचएमडी बूम ई1 पोर्टेबल स्पीकर वॉटरप्रूफ डिजाइन से होगा लैस




**नई दिल्ली।** एचएमडी कंपनी एक नए पोर्टेबल स्पीकर पर काम कर रही है। इसका नाम एचएमडी बूम ई1 बताया जा रहा है। लीक से संकेत मिलते हैं कि यह एक बेसिक लेकिन उपयोगी साउंड डिवाइस होगा, जिसे खासतौर पर बजट सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एचएमडी बूम ई1 में 52 मिमी ड्राइवर और 4-ओम हॉर्न दिया गया है, जो अधिकतम 5 वॉट का आउटपुट प्रदान करता है। भले ही यह पावर प्रीमियम स्पीकर्स के मुकाबले कम मानी जाए, लेकिन कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल स्पीकर के लिहाज से इसे पर्याप्त बताया जा रहा है। इस स्पीकर की सबसे बड़ी खासियत इसकी आईपीएक्स7 वॉटरप्रूफ रेटिंग है, जिसके चलते यह पानी के छींटों, बारिश और कुछ समय तक पानी में डूबने पर भी सुरक्षित रह सकता है। यही वजह है कि इसे आउटडोर एक्टिविटीज जैसे बीच, पूल साइड या हल्की ट्रैकिंग के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। कनेक्टिविटी के लिए इसमें ब्लूटूथ 5.0 सपोर्ट दिया गया है, जबकि वायर्ड प्लेबैक के लिए औक्स लाइन-इन की सुविधा भी मौजूद है। इसके साथ ही इसमें बिल्ट-इन माइक्रोफोन दिया गया है, जिससे यह बेसिक स्पीकरफोन की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है। लीक के मुताबिक इसमें 800एमएएच की बैटरी होगी, जिसे यूएसबी टाइप-सी पोर्ट के जरिए चार्ज किया जा सकेगा। डिजाइन की बात करें तो स्पीकर पूरी तरह ब्लू कलर और राउंड शेप में नजर आता है। सामने फैब्रिक मेश, ऊपर एचएमडी लोगो और नीचे फिजिकल कंट्रोल बटन दिए गए हैं।

# 500 रुपए के नोट पर नोटबंदी की अफवाहें फर्जी




**नई दिल्ली,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

सोशल मीडिया पर एक बार फिर 500 रुपये के नोट को लेकर नोटबंदी जैसी अफवाहें तेज़ी से फैल रही हैं। फेसबुक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हो रहे कई संदेशों में दावा किया जा रहा है कि भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही 500 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने वाला है।

कुछ पोस्ट्स में यह भी कहा गया कि मार्च 2026 के बाद एटीएम से 500 रुपये के नोट निकलने बंद हो जाएंगे और बाद में इन्हें अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। इन भ्रामक दावों के चलते आम लोगों में डर और असमंजस का माहौल बन गया। कई लोग अपनी नकदी को लेकर चिंतित नजर आए, जिसके बाद सरकार को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी।

सरकार की आधिकारिक एजेंसी पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने इन वायरल दावों का फैक्ट चेक कर इन्हें पूरी तरह फर्जी बताया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल दावों से मचा भ्रम, पीआईबी ने किया फैक्ट चेक**

पीआईबी ने साफ कहा है कि न तो भारत सरकार और न ही आरबीआई ने 500 रुपये के नोट को बंद करने को लेकर कोई निर्णय लिया है।

500 रुपये के नोट पहले की तरह पूरी तरह वैध हैं और भविष्य में भी उनके बंद होने की कोई योजना नहीं है। पीआईबी के अनुसार, बैंकिंग प्रणाली में समय-समय पर पुराने, फटे या खराब नोटों को हटाकर नए नोट जारी किए जाते हैं। इस प्रक्रिया को नोट रीसाइक्लिंग कहा जाता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि किसी खास मूल्यवर्ग के नोट को चलन से बाहर किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसी सामान्य प्रक्रिया को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, जिससे अफवाहों को हवा मिली।

### गेवियन टेक्नो का आईपीओ 6 जनवरी से खुलेगा




**मुंबई।** गेवियन टेक्नोलॉजी का पहला आईपीओ 6 जनवरी को खुल रहा है। रिटेल निवेशक इस पर 8 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह आईपीओ एसएमई सेगमेंट में बीएसई एसएमई पर लिस्ट होगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये से 81 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। एक लॉट में 1,600 शेयर हैं, लेकिन रिटेल निवेशक को कम से कम 3,200 शेयर खरीदने होंगे। इसका न्यूनतम निवेश लगभग 2,59,200 रुपये होगा। आईपीओ का कुल साइज 29.16 करोड़ रुपये है। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिए 36 लाख फ्रेश शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट प्रीमियम 27 रुपये प्रति शेयर है, जो 33 फीसदी लिस्टिंग लाभ का संकेत देता है। अनुमानित लिस्टिंग प्राइस लगभग 108 रुपये हो सकता है। जीएमपी की रेंज 25 से 27 रुपये के बीच रही है।

# लखनऊ में बनेगी एआई सिटी, यूपी को मिलेगी ग्लोबल टेक पहचान

**रोजगार और निवेश को मिलेगा नया आयाम**

**लखनऊ,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी के जरिए योगी सरकार उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। नए साल के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम अपने पत्र में एआई सिटी को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया था। यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश की आर्थिक दिशा को नई गति देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने का कार्य करेगी।**



प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, एआई सिटी को दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा। लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां एआई इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और अत्याधुनिक रिसर्च सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शेष 40 प्रतिशत क्षेत्र में रेजिडेंशियल, कमर्शियल और सामाजिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए आईटी-आईटीईएस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में एआई सिटी को निजी-सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिससे निजी निवेश और सरकारी सहयोग का संतुलन बने। एआई सिटी से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह परियोजना ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट मॉडल पर आधारित होगी, जो भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित की जाएगी।

# हुंडई वेन्यू ने नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट पेश किया

**नई दिल्ली,04 जनवरी (एजेंसियां) ।**

हुंडई इंडिया ने एक नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट पेश किया है। फिलहाल हुंडई वेन्यू को एचएक्स2 से लेकर एचएक्स10 तक के ट्रिम्स में बेचा जा रहा है और एचएक्स5प्लस को खासतौर पर मिड और हाई वैरिएंट्स के बीच की खाली जगह को भरने के उद्देश्य से उतारा गया है। इस वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये रखी गई है, जिससे यह कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में फीचर्स और कीमत के लिहाज से एक आकर्षक विकल्प बनकर उभरा है। कंपनी का मानना है कि इस नए वैरिएंट के जरिए ज्यादा ग्राहकों को किफायती दाम में प्रीमियम फीचर्स का अनुभव मिलेगा। नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट हुंडई के भरोसेमंद 1.2-लीटर कप्पा पेट्रोल इंजन के साथ आता है, जिसे मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। यह इंजन सिटी ड्राइव और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए संतुलित परफॉर्मेंस देने में सक्षम माना जाता है।




डिजाइन की बात करें तो इस वैरिएंट में रूफ रेल्स, क्वाड-बीम एलईडी हेडलैंप्स और रियर वाइपर-वॉशर जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसकी रोड प्रेजेंस को पहले से ज्यादा दमदार बनाते हैं। केबिन के अंदर भी कम्फर्ट और सुविधा पर खास ध्यान दिया गया है। एचएक्स5 प्लस में वायरलेस स्मार्टफोन चार्जर, ड्राइवर के लिए स्टोरेज के साथ आर्मरेस्ट और रियर सीट पैसेंजर्स के लिए रियर विंडो सनशेड जैसे फीचर्स मिलते हैं।

### नई रेनो 15 सीरीज जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में ओप्पो इंडिया आगामी 8 जनवरी को नई रेनो 15 सीरीज को लॉन्च करने जा रहा है। कंपनी का दावा है कि इस सीरीज में सेगमेंट का अब तक का सबसे एडवांस्ड इमेजिंग सिस्टम देखने को मिलेगा। फोटोग्राफी के शौकीनों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई रेनो 15 सीरीज में पावरफुल हार्डवेयर के साथ ओप्पो की प्योरटोन टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरा फीचर्स दिए गए हैं, जो फोटोग्राफी अनुभव को नए स्तर पर ले जाने का दावा करते हैं। ओप्पो रेनो 15 प्रो 5जी और रेनो 15 प्रो मिनी 5जी में 200 मेगापिक्सेल का अल्ट्रा-क्लियर मेन कैमरा दिया गया है। यह हाई-रिजॉल्यूशन सेंसर हर तस्वीर में बारीक डिटेल कैप्चर करने में सक्षम है, जिससे फोटो को बाद में क्रॉप या रीफ्रेम करने पर भी क्वालिटी बनी रहती है। यह कैमरा खास तौर पर ट्रैवल फोटोग्राफी के अलग-अलग सीन को बेहतर तरीके से कैप्चर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ फोन में 50 मेगापिक्सेल का 3.5गुणा टेलीफोटो पोर्ट्रेट कैमरा दिया गया है, जो लगभग 85एमएम पोर्ट्रेट फोकल लेंथ के बराबर है। यह लेंस नेचुरल पर्सपेक्टिव के साथ शानदार पोर्ट्रेट क्लिक करता है, जिसमें सब्जेक्ट और बैकग्राउंड दोनों साफ और बैलेंस्ड नजर आते हैं। असली 3.5 गुणा ऑप्टिकल जूम के चलते दूर मौजूद सब्जेक्ट्स की तस्वीरें भी बिना डिस्टॉर्शन के ली जा सकती हैं। फोन में 100 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू वाला 50 मेगापिक्सेल अल्ट्रा-वाइड कैमरा भी मिलता है, जो ग्रुप फोटो और लैंडस्केप शॉट्स के लिए उपयोगी है। अल्ट्रा-क्लियर ग्रुप फोटो फीचर हर चेहरे को अलग-अलग प्रोसेस कर समान रोशनी और शार्पनेस देता है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 05 जनवरी, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# दि हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दि हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मुख्य चुनाव अधिकारी मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी दी कि अध्यक्ष पद हेतु अशोक कुमार बंसल एवं पुरुषोत्तम गुप्ता के बीच चुनाव हुआ, जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु मुकेश कुमार अग्रवाल एवं पंकज कुमार अग्रवाल के मध्य मुकाबला था। चुनाव परिणामों के अनुसार पुरुषोत्तम गुप्ता को अध्यक्ष पद तथा पंकज कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

### मतदान प्रतिशत एवं मतगणना का विवरण

एसोसिएशन की कुल सदस्य संख्या 277 है, जिसमें से 182 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष पद हेतु पुरुषोत्तम गुप्ता को 99 मत प्राप्त हुए, जबकि अशोक कुमार बंसल को 64 मत मिले। इस पद पर 19 मत अवैध घोषित किए गए।

उपाध्यक्ष पद हेतु पंकज कुमार अग्रवाल को 87 मत, मुकेश कुमार अग्रवाल को 77 मत प्राप्त हुए, जबकि 18 मत अवैध रहे।

मानद मंत्री पद हेतु कमल कुमार पटवारी, सहमंत्री पद हेतु सुनील कुमार शर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु कमल ए. आहूजा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु अजय अग्रवाल, अचल गुप्ता, दिनेश कुमार, टी. सुनील कुमार, पंकज कुमार मित्तल, राज कुमार खुसरिया, रोहित कुमार अग्रवाल, तिलक नारायण, विजय कुमार अग्रवाल, विजय कुमार आहुजा एवं विवेक नारायण संघी को भी निर्विरोध चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी मुकुंद लाल अग्रवाल के साथ चुनाव अधिकारी विनय जैन, शेष कुमार गोयल, राहुल अग्रवाल, चुनावी इंचार्ज योगेश जैन सहित उमेश अग्रवाल एवं कैलाश अग्रवाल उपस्थित रहे।




## जन सेवा संघ ने मानवता का परिचय देते हुए मृतक का पार्थिव शरीर परिजनों तक पहुंचाया

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जन सेवा संघ के महासचिव श्री राजीव चौबे द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लालजी यादव (उम्र 43 वर्ष), निवासी मोहम्मदपुर बदरिया, संजरपुर, आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश), जो वर्तमान में सांगारेडी जिला में रह रहे थे, ने 31 दिसंबर 2025 को एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की जानकारी मिलते ही जन सेवा संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री वी. डी. चौबे, श्री अमित चौबे एवं श्री योगेश पांडेय ने तत्परता दिखाते हुए मृतक के पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश स्थित उनके पैतृक गांव संजरपुर पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की, ताकि अंतिम संस्कार उनके परिजनों द्वारा किया जा सके। इस मानवीय सहायता के लिए पीड़ित परिवारजनों ने जन सेवा संघ के पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राधे नाम से हर समस्या का समाधान : रामप्रकाश अग्रवाल



**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप ने नामपल्ली में सेवा व अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया। संयोजक रामप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि राधे नाम में अपार शक्ति है, जो सच्चे मन से जपने पर जीवन की हर समस्या हल करता है।

उन्होंने बताया कि नाम स्मरण मन को शांति, जीवन को सकारात्मकता व आत्मा को संतोष देता है। ग्रुप का लक्ष्य अन्नदान के साथ समाज में मानवता व समरसता फैलाना है। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, दिनेश गोयल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई-जगन (चंपापेट), प्रीतिका अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनीष अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, भगतराम गोयल, मयारामजी अग्रवाल, रवि शर्मा, श्रद्धा अग्रवाल, कनक अग्रवाल, सान्वी अग्रवाल, प्राशी अग्रवाल, गौरव गोयल, भारखा गोयल, भीखा राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, उमाकांतजी गुप्ता, दीपा अग्रवाल, काव्यांश अग्रवाल, थिया अग्रवाल, राजेश नथानी, अनिता नथनी, बबीता अग्रवाल, कुंशी अग्रवाल, लेहक अग्रवाल सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने सेवा कार्य को निरंतर और अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया तथा राधे नाम के सामूहिक जप के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अग्रवाल समाज तेलंगाना मैरिज डाटा कमेटी की 21वीं बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना मैरिज डाटा कमेटी की इक्कीसवीं सभा आज समाज के कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सभा के दौरान तीन अभिभावक स्वयं उपस्थित हुए, जिनसे प्रत्यक्ष वार्तालाप किया गया, जबकि छह अभिभावकों से संचार सेवा के माध्यम से संवाद किया गया।

बैठक में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले अभिभावक मिलन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा इसके आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर समिति के चेयरमैन अजय अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सुनील मित्तल एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल उपस्थित रहे।

# बधर माताजी के जागरण में पुस्तिका प्रकाशन को उत्साहपूर्ण प्रतिसाद



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बधर माता माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा आयोजित 16वां जागरण माहेश्वरी भवन में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माताजी के हवन एवं पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक विजय जाजू ने अपने सुमधुर भजनों से उपस्थित भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया।

बधर माता ट्रस्ट के अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी (संभाजीनगर) एवं तेजस सोमानी (परली बैजनाथ) को विशेष रूप से जागरण हेतु आमंत्रित किया गया था।

अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी का स्वागत विष्णु गोपाल मर्दा द्वारा एवं तेजस सोमानी का स्वागत राजेश सोमानी द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी ने ताना गांव में निर्माणाधीन अत्याधुनिक भक्त निवास की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी चैत्र नवरात्रि में 32 कमरों के लोकार्पण हेतु ट्रस्ट निरंतर प्रयासरत है।

शअत्याधुनिक भक्त निवास निर्माण हेतु तीन दानदाताओं द्वारा 11 लाख के अनुदान की घोषणा की गई।

दानदाताओं- आसाराम रामगोपाल सोमानी (जिंसी चौराहा), किशनलाल नंदगोपाल सोमानी (काचीगुड़ा) एवं गणपतलाल रमेश कुमार मर्दा (अमीरपेट) का ट्रस्ट अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी द्वारा सम्मान किया गया।

इसी अवसर पर समिति सदस्य सुरेश सोमानी का जन्मदिन भी माँ के दरबार में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

### डिजिटल पहल एवं किटी बैंक वितरण

समिति के सचिव गोविंद सोमानी ने जानकारी दी कि बधर माता परिवार के सदस्यों की जानकारी संकलित करने हेतु समिति द्वारा एक डिजिटल लिंक एव क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है, जिसकी सभी सदस्यों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस कार्य के संयोजक कृष्णा सोमानी हैं। परिवार की जानकारी लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से 31 जनवरी तक प्राप्त कर प्रकाशित की जाएगी। संबंधित लिंक ग्रुप में भेज दी गई है।

इसके साथ ही घर-घर से माता को अनुदान प्राप्त करने हेतु किटी बैंक के डब्बों का भी वितरण किया गया।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राजेश सोमानी, गोविंद सोमानी, शाम सुंदर सोमानी, रमेश मर्दा, विष्णु गोपाल मर्दा, रामगोपाल मर्दा, राजगोपाल मर्दा, कमल मर्दा, हनुमानदास सोमानी, राधेश्याम सोमानी, मदन गोपाल सोमानी, प्रदीप सोमानी, सुरेश सोमानी, पुरुषोत्तम सोमानी (झंडावाला), सुनील सोमानी, अजय मर्दा, भगवान सोमानी, विट्ठल सोमानी एवं रामगोपाल सोमानी सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

# श्री जगन्नाथ मठ में श्री गोदा परिधान प्रतियोगिता भव्यता के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीताराम बाग स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ में धनुर्मास महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार, 4 जनवरी 2026 को श्री गोदा परिधान प्रतियोगिता एवं संबंधित अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुए।

यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मठ के महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी ने बताया कि वैकुंठवासी श्रीश्रीश्री त्रिदण्डी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के आशीर्वाद से श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा) के तत्वावधान में प्रातः शुभ मुहूर्त में माता गोदा का अभिषेक, पूजा, आरती, श्री गोदा–रंगनाथ झांकियाँ एवं श्री गोदा परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाओं ने माता गोदा के रूप में वेशभूषा धारण कर प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रातः 6.30 से 8.00 बजे तक भजन–कीर्तन एवं प्रभात फेरी, 8.30 बजे से तिरुप्पावयै गायन एवं दैनिक आराधना, 9.30 बजे से गोदा माता एवं रंगनाथ भगवान की 100 किलो पुष्पों से अर्चना की गई।इसके पश्चात 10.30 से 12.30 बजे तक श्री गोदा परिधान प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें लगभग 50 बालिकाओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अंतर्गत 10 बालिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

पुरस्कारों के प्रायोजक प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन एवं लव फॉर काऊ फाउंडेशन रहे।

महंत अच्युत रामानुजाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलियुग के प्रारंभ में माता गोदा का अवतार हुआ। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुआ धनुर्मास उत्सव 26 जनवरी 2026 तक श्री जगन्नाथ मठ में भव्य रूप से मनाया जाएगा।

इस दौरान प्रतिदिन धनुर्मास कथाओं का गायन, बालभोग रूप में महाप्रसाद, गोष्ठी, आरती–पूजन, कुमकुम अर्चना एवं पुष्प अर्चना भक्तों के सहयोग से संपन्न हो रही है।उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया कि जहाँ भी धनुर्मास उत्सव मनाया जा रहा हो, वहाँ कथा, प्रसाद एवं बालभोग का लाभ लेकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करें।इस अवसर पर महंत अच्युत रामानुजाचार्य के साथ श्रीगोपाल सोनी, अर्जुनलाल अग्रवाल, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, गोविन्द इनानी, गोपाल काकड़ा, विष्णु कडेल, आशीष काकड़ा, मुरलीधर गुप्ता, नरसिंहदास कासट, गोवर्धन राठी, जगदीश लोया, सुरेश बियानी, अशोक बंग, गोकुलदास सोनी, आशीष सोनी, कमल कांकाणी, संतोष कांकाणी, नितिन शर्मा, ओमप्रकाश मुंदडा, विष्णु अग्रवाल, महावीर प्रसाद शर्मा, विनोद बजाज, प्रमोद लोया, सौरव लोया, शैलेश सोनी, चंपालाल जाजू, राहुल अवस्थी, नीरज रमेश दाहिमा, पप्पु पाटील, दामोदर मुंदडा, रमेश मोदानी, सागर दाहिमा, रूपेश कांकड़ा, राजू वर्मा, जितेंद्र अवस्थी, दुर्गाप्रसाद दुबे, आलोक तिवारी, आलोक शुक्ला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।महिलाओं में देवी स्वीकृति रामानुजाचार्य, सरस्वती देवी राठी, कांता अग्रवाल, मधुबाला उपाध्याय, निर्मल सोनी, सत्यकला बंग, सरोज गोयल, संपन्ना शर्मा, सरोज अग्रवाल, सुनीता चौधवी, पूनम, शोभा सारड़ा, हेमलता पाठक, मीना विश्वनाथ, रेखा लोया, मोनी दुबे, मंगला मुंदडा, वंदना दाहिमा, स्वीटी तिवारी, सुमन गोयल, रेखा अग्रवाल, उर्मिला रमेश मोदानी, सरला मुंदडा, भवानी परमार सहित जगन्नाथ मठ परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अग्रोहा धाम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए नि:शुल्क धार्मिक यात्रा का आयोजन






**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के अग्र बंधुओं के लिए एक विशेष निशुल्क धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा एक यात्रा पूर्वजों की ओर की भावना के साथ आयोजित की जा रही है।

रघुनाथमल गीताबाई गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट (वेंकटेश्वर ग्रुप) के श्री नरेंद्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक यात्रा आगामी दि. 20 जनवरी को प्रातः हैदराबाद से हवाई जहाज द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। दिल्ली पहुंचने के पश्चात यात्रियों को बसों द्वारा विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

इस यात्रा के अंतर्गत अग्रोहा धाम (हिसार), राणी सती दादी मंदिर (झुंझनूं), सालासर बालाजी मंदिर, जीण माताजी मंदिर, खाटू श्याम जी के दर्शन एवं खाटू श्याम जी का स्थानीय भ्रमण शामिल है।

धार्मिक यात्रा के समापन के पश्चात 22 जनवरी को सायं जयपुर से हवाई जहाज द्वारा यात्रियों की हैदराबाद वापसी होगी।इस निशुल्क धार्मिक यात्रा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अग्र बंधु श्री नरेंद्र गोयल से संपर्क कर सकते हैं।



श्री श्रृंग ऋषि भवन, बेगमबाजार में मोतीलाल विष्णु गोपाल तिवारी परिवार द्वारा 5 से 11 जनवरी तक होने जा रही श्रीमद् भागवत् कथा की पूर्व संध्या पर कथावाचक पू. त्रिदण्डी स्वामी भक्ति भूषण श्री बोधायन महाराज जी, वृंदावन से आशीर्वाद लेते हुए महेश बैंक के पूर्व चेयरमैन रमेश कुमार बंग, नवनिर्वाचित वाइस चेयरमैन गोविंद राठी, निदेशक अमित लड्डा (गग्गु), कैलाश मंत्री। साथ में रूपचंद व्यास, हरिकिशन ओझा, घनश्याम जोशी, महेंदर व्यास व तिवारी बंधु।

## सिकंदराबाद नगर निगम के गठन की मांग

# 17 जनवरी को 10 हजार लोगों के साथ विशाल रैली का आह्वान

**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व मंत्री और पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने घोषणा की है कि सिकंदराबाद के अस्तित्व की रक्षा और सिकंदराबाद नगर निगम के गठन की मांग को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा। रविवार को वेस्ट मैरेडपल्ली स्थित कैंप कार्यालय में सनतनगर और कैंटोनमेंट निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्य नेताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

### 11 तारीख को सर्वदलीय बैठक और भविष्य की रणनीति

तलसानी श्रीनिवास यादव ने बताया कि इस महीने की 11 तारीख को सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 7 विधानसभा क्षेत्रों और कैंटोनमेंट क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, बुद्धिजीवियों, शिक्षितों, कॉलोनी और बस्ती कमेटियों के साथ–साथ व्यापारिक संघों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य 17 तारीख की रैली को सफल बनाना और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा करना है।

### 17 जनवरी को विशाल विरोध रैली

सिकंदराबाद की पहचान को बचाने के लिए 17 जनवरी को एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। तलसानी ने बताया कि यह रैली सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। इसमें लगभग 10,000 लोग शामिल होंगे।

यह मार्च क्लॉक टॉवर, पैटनी और पैराडाइज सर्कल से होते हुए एमजी रोड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंचेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 220 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास रखने वाले सिकंदराबाद के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ किया गया, तो वे इसे चुपचाप सहन नहीं करेंगे।

### सरकार के डी–लिमिटेशन फैसले पर कड़ा प्रहार

सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि जीएचएमसी में फिलहाल 150 डिवीजन हैं। सरकार ने आउटर रिंग रोड के अंदर की 20 नगर पालिकाओं और 7 निगमों को मिलाकर डिवीजनों की संख्या 300 करने का निर्णय लिया है। इन 300 डिवीजनों के साथ तीन नए निगम बनाने की तैयारी है, लेकिन इसमें सिकंदराबाद की अनदेखी की जा रही है।उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार यह भूल गई है कि हम लोकतंत्र में हैं। वे राजशाही के भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों या जनता की राय लिए बिना लिए जा रहे एकतरफा फैसले सिकंदराबाद के इतिहास को मिटाने की साजिश है।

## श्रीलाल शुक्ल पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

# भाषा कोई भी हो, हृदय से सब मनुष्य : वेमुला श्रीनिवासुलु




**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पं. श्रीलाल शुक्ल स्मारक राष्ट्रीय संगोष्ठी समिति, भाग्यनगर, हैदराबाद एवं दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा (आंध्र एवं तेलंगाना) के संयुक्त तत्वावधान में ..विसंगति और विडंबना के चितेरे: श्रीलाल शुक्ल.. विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का सफल संयोजन डॉ. सीमा मिश्रा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दक्षिण भारत की प्रख्यात साहित्यकार डॉ. अहिल्या मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि वेमुला श्रीनिवासुलु, ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी, मुख्यमंत्री कार्यालय, तेलंगाना सरकार, ने अपने संबोधन में कहा भाषा कोई भी हो, किंतु हृदय से हम सब मनुष्य हैं। उन्होंने डॉ. सीमा मिश्रा द्वारा पं. श्रीलाल शुक्ल के साहित्य पर किए गए सतत शोध, संगोष्ठियों के आयोजन एवं साहित्यिक योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दक्षिण भारत के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. ऋषभ देव शर्मा ने कहा कि आज की सामाजिक विसंगतियाँ भी रागदरबारी की ही तरह यथार्थ से जुड़ी हैं और सत्य को नकारना आत्मघाती है।

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वामन राव ने दक्षिण भारत में हिंदी साहित्य की उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

विशिष्ट वक्ताओं में पं. श्रीराम तिवारी (पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, आईपीएस), पं. महेश मिश्रा (राष्ट्रीय महामंत्री), राधाकृष्ण मिरियाला, शेख मोहम्मद कासिम, डॉ. सुपर्णा मुखर्जी, डॉ. रक्षा मेहता तथा श्री अनिल कुमार वाजपेई शामिल रहे, जिन्होंने श्रीलाल शुक्ल के साहित्य, व्यंग्य परंपरा एवं सामाजिक यथार्थ पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद से हुआ। संगोष्ठी का प्रभावशाली संचालन डॉ. सीमा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर श्रीलाल शुक्ल विशेषांक तथा कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति, हैदराबाद के नववर्ष 2026 कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।देश–विदेश से पधारे साहित्यकारों, शोधार्थियों, शिक्षकों, विद्वानों एवं पत्रकारों की सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया



**हैदराबाद, 04 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दसवें एवं अंतिम सिख गुरु तथा खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व रविवार को धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों सिख श्रद्धालुओं के साथ–साथ अन्य समुदायों के लोगों ने भी भाग लेकर शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और मानव सेवा के संदेश को आत्मसात किया।इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका और प्रार्थनाएं अर्पित कीं। समापन समारोह का मुख्य आयोजन गुरुद्वारा साहिब, सिकंदराबाद की प्रबंधक समिति के तत्वावधान में टिवोली गार्डन, सिकंदराबाद में किया गया, जहाँ विशाल दीवान (सामूहिक सभा) का आयोजन हुआ।प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एस. बलदेव सिंह बग्गा, महासचिव एस. जगमोहन सिंह एवं सचिव एस. हरप्रीत सिंह गुलाटी ने बताया कि दीवान सभा प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक चली। इस दौरान देश के विभिन्न भागों से आमंत्रित प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित रागी जत्थों द्वारा गुरुबाणी कीर्तन एवं कथाओं का पाठ किया गया।

इस अवसर पर भाई सरबजीत सिंह (पटना साहिब वाले), सिंह साहिब ज्ञानी जसविंदर सिंह (पूर्व मुख्य ग्रंथी, श्री दरबार साहिब, अमृतसर), ज्ञानी जगदेव सिंह, भाई वरिंदर सिंह सहित अन्य रागी जत्थों ने शबद कीर्तन के माध्यम से जीवन के उच्च मूल्यों, मानवता, राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया।वक्ताओं ने गुरु गोबिंद सिंह देव जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव कमजोरों और दीन–दुखियों की रक्षा, शांति, भाईचारे और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु जी की शिक्षाओं को आज के समय में अपनाने का आह्वान किया, जो वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक हैं।सभा के समापन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को गुरु–का–लंगर परोसा गया, जहाँ भक्तों ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। लंगर ने एक बार फिर समानता, अनुशासन, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, ANDE HEMALATHA Spouse of Service No. 15825909X Sep ANDE GOWRINAIDU of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO have changed my name from ANDE HEMALATHA to GUMMADI HEMALATHA vide affidavit dt:03-01-2026 before G.Ramchander, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, No.16116403K Nk SHAIK NOORULLA, Resident of H.No.5-50, Chinamatlapudi Nagaram, Nizampatnam, Dist:Guntur, Andhra Pradesh-522314 that my father name and DOB is to be changed from SHAIK KARIMULLA, DOB:01-07-1964 to KARIMULLA SHAIK, DOB:04-05-1955 and mother name and DOB is to be changed from MUNARUNNI SABI, DOB:01-07-1968 to MUNERUNNISA BI, DOB:08-06-1961 vide affidavit dt:03-01-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, LALITA SHARMA, is legally dependent Mother of Service No. 17028370P, Rank: HMT MASTER TECH 'B' VEH, Name: NAVEEN KUMAR SHARMA, Unit: 284 FD WKSP COY (7004 EME BN) C/o 99 APO, Residing at Vill: LATAHEDI, Post: TIKOD, Teh: PACHORE, Dist: RAJGARH, State: MADHYA PRADESH, Pin: 465697, I have Changed my name from LALITA SHARMA to LALTA BAI, My Date of Birth 01-01-1955, Affidavit Singed by advocate and Notary P DAYAVATHI, LLM, Vide date 03/01/2025.

**CHANGE OF NAME**

I, OM PRAKASH SHARMA, is legally dependent Father of Service No. 17028370P, Rank: HMT MASTER TECH 'B' VEH, Name: NAVEEN KUMAR SHARMA, Unit: 284 FD WKSP COY (7004 EME BN) C/o 99 APO, Residing at Vill: LATAHEDI, Post: TIKOD, Teh: PACHORE, Dist: RAJGARH, State: MADHYA PRADESH, Pin: 465697, I have Changed my name from OM PRAKASH SHARMA to OMPRAKASH SHARMA, and my Date of Birth is 01-01-1951, Affidavit Singed by advocate and Notary P DAYAVATHI, LLM, Vide date 03/01/2025



श्री श्रृंग ऋषि भवन, बेगमबाजार (श्री राधाकृष्ण धाम) में गोलोकवासी श्री जेठमलजी एवं श्रीमती रामकंवरी देवी तिवारी की पावन स्मृति में मोतीलाल विष्णु गोपाल तिवारी परिवार द्वारा 5 से 11 जनवरी तक होने जा रही श्रीमद् भागवत् कथा के उपलक्ष्य में रविवार, 4 जनवरी को श्रीराम दरबार पंचायती बाडा से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथा वाचक पू. त्रिदण्डी स्वामी भक्ति भूषण श्री बोधायन महाराज जी, वृंदावन और असंख्य हरे रामा हरे कृष्णा भक्तों के सान्निध्य में भजन-कीर्तन, मनमोहक झाँकियों के साथ निकली यात्रा में भाग लेते हुए नंदकिशोर व्यास बिलाल, पार्षद जी. शंकर यादव, अविनाश देवडा, महेंदर व्यास, सुनील व्यास, रामप्रकाश नागला, रामदेव नागला, हरिकिशन ओझा, रुपचंद व्यास, मैक ओझा, रामदेव व्यास डान, रामदेव व्यास, विजय उपाध्याय, राधेश्याम व्यास, श्री राम व्यास, रंगलाल ओझा, महेंदर ताप्से, जगदीश एलसी, राजेश व्यास, मुकुंद डोबा, चंपालाल ओझा, महेश तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, माणिकचंद पांडिया, घनश्याम तिवारी, शांतिलाल व्यास व अन्य।




अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित सुपर सिंगर प्रतियोगिता का भव्य ग्रांड फिनाले रविवार, दि. 4 जनवरी को भारतीय विद्या भवन, किंग कोटी में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ । इस आयोजन को लेकर समाज के युवा, वरिष्ठ, महिलाएं और परिवार0में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:00 बजे महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद संगीत, प्रतिभा और सामाजिक एकता से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम अपने चरम पर पहुंचा। 15 प्रतिभागियों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देगी गई। सबने अपना-अपना हुनर दिखाया। ग्रांड फिनाले में 45 वर्ष तक की आयु वर्ग में 3 विजेता रहे। जिसमें प्रथम स्थान पर रोहन अग्रवाल, द्वितीय पर पाशनदेव गुप्त और तृतीय स्थान पर कनक पित्ती रहे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर विश्वनाथ अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर अमित कुमार और तृतीय स्थान पर माणिकलाल अग्रवाल रहे। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के प्रायोजकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# डॉक्टर भगवान के समान हैं : राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा

**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने रविवार को कहा कि डॉक्टर भगवान के समान होता है। उन्होंने यह विचार साझा किया कि जहाँ ईश्वर जीवन देता है, वहीं डॉक्टर ही उस जीवन को बचाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है और इसे भौतिक समृद्धि से ऊपर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

राज्यपाल एल.बी. नगर के पास सागर रोड स्थित जीएसआर कन्वेंशन में आरोग्य भारती द्वारा आयोजित एक अनूठे डॉक्टर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की



अध्यक्षता आरोग्य भारती के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह ने की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोगों से निवारक देखभाल को गंभीरता से लेने का आग्रह किया और कहा कि अच्छे स्वास्थ्य से बढ़कर कोई धन नहीं है।

उन्होंने सलाह दी कि योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने खान-पान की अच्छी आदतों और नियमित शारीरिक व्यायाम की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यायाम की कमी शरीर को बीमारियों के प्रति संवेद-नशील बना देती है। राज्यपाल ने कहा कि एक आदर्श जीवनशैली वह है जो डॉक्टरों पर निर्भरता कम करे, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टरों को हमेशा समर्पण और करुणा की भावना के साथ मरीजों की सेवा करनी चाहिए।

## संक्रांति यात्रा परामर्श: घर छोड़ने से पहले पुलिस को सूचित करें, सीपी सज्जनार की अपील

**हैदराबाद, 4 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संक्रांति के त्योहार के लिए अपने पैतृक गांवों की यात्रा करने की योजना बना रहे शहरवासियों को हैदराबाद के पुलिस आयुक्त (सीरपी) वी.सी. सज्जनार ने रविवार को एक विशेष परामर्श जारी किया है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे लंबे समय के लिए अपने घरों को ताला लगाकर जाने से पहले स्थानीय पुलिस को सूचित अवश्य करें।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मपर पोस्ट किए गए एक संदेश में, पुलिस आयुक्त ने कहा कि चोर अक्सर त्योहार की छुट्टियों का फायदा उठाते हैं जब घर लंबे समय तक बंद रहते हैं।उन्होंने निवासियों को सलाह दी कि वे निकटतम पुलिस स्टेशन या बीट अधिकारी को पहले से सूचित करें। ऐसा करने से पुलिस कर्मियों को नियमित गश्त के दौरान बंद घरों पर विशेष नजर रखने में मदद मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.